CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, बुधवार 14 मई 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 263 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082

15 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

तापमान अधिकतम :35°C न्यूनतम: 20°C

सेंसेक्स 81,148.22
निफ्टी 24,578.35

सोना 97,140
चांदी 97,900



**गाजा में नाकाबंदी: 57 बच्चों की भूख से मौत**
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**सचिन के रिकॉर्ड के आसपास कोई नहीं**
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## CBSE 10वीं व 12वीं का रिजल्ट घोषित

# लड़कियों ने फिर मारी बाजी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए, जिसमें 10वीं में 93.60 प्रतिशत और 12वीं में 88.39 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं।

परिणामों के विश्लेषण के अनुसार बोर्ड की 10वीं और 12वीं दोनों ही परीक्षाओं में लड़कियों ने लड़कों पर बाजी मारी है। 10वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं जबकि उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 92.63 है। 12वीं में छात्राओं की सफलता दर 91.64 प्रतिशत रही, जो छात्रों की तुलना में 5.94 प्रतिशत ऊंची है। 10वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण कुल परीक्षार्थियों का अनुपात इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 0.06 प्रतिशत अधिक रहा। सीबीएसई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस वर्ष 10वीं की परीक्षा में 22,388,27 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे, जिनमें से 20,95,467 उत्तीर्ण हुए। तिरुवनंतपुरम ने 10वीं की परीक्षा में 99.70 प्रतिशत सफलता के साथ पहला स्थान हासिल किया है, जबकि असम के गुवाहाटी में 84.14 प्रतिशत विद्यार्थी ही उत्तीर्ण हो सके। प्रमुख केंद्रों में गुवाहाटी का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार दसवीं की परीक्षा में जवाहर नवोदय विद्यालयों -शेष पृष्ठ दो पर



**10वीं में 93.60%**
**12वीं में 88.39%**
**परीक्षार्थी हुए उत्तीर्ण**

- 10वीं में परीक्षार्थियों का अनुपात इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 0.06 प्रतिशत रहा अधिक

# न्यायमूर्ति गवई आज लेंगे 52वें सीजेआई की शपथ

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई बुधवार (आज) को उच्चतम न्यायालय के 52वें मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे।

सर्वोच्च न्यायालय के इतिहास में यह एक उल्लेखनीय मील का पत्थर माना जा रहा है, क्योंकि वह पूर्व मुख्य न्यायाधीश केजी बालकृष्णन के बाद अनुसूचित जाति समुदाय से न्यायपालिका में शीर्ष पद पर पहुंचने वाले दूसरे व्यक्ति हैं। उनकी मुख्य न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के मंगलवार को सेवानिवृत्त होने के बाद हुई है। न्यायमूर्ति गवई को 24 मई, 2019 को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। वह 23 नवम्बर, 2025 को सेवानिवृत्त होंगे। वह प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, प्रमुख अंबेडकरवादी, पूर्व सांसद एवं कई राज्यों के राज्यपाल रह चुके आर एस गवई के पुत्र हैं।

- न्यायपालिका में शीर्ष पद पर पहुंचने वाले होंगे दूसरे व्यक्ति

## शोपियां में सेना ने तीन आतंकियों को किया ढेर

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मार गिराए हैं। भारतीय सेना ने मंगलवार को बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट को आतंकियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया सूचना मिलने के आधार पर शोकल केलर क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया गया था। सेना ने कहा कि अभियान के दौरान, आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसका सुरक्षा बलों ने माकूल जवाब दिया। इस दौरान तीन कट्टर आतंकवादी मारे गए। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 13 मई 2025 को, शोकल केलर क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया सूचना के आधार पर भारतीय सेना ने तलाश अभियान शुरू किया।

## विधायक रमाकांत यादव समेत 4 को तीन माह की सजा

**आजमगढ़।** उप्र में आजमगढ़ जिले की दीवानी न्यायालय ने समाजवादी पार्टी (सपा) के वर्तमान बाहुबली विधायक व पूर्व सांसद रमाकांत यादव समेत चार अभियुक्तों को एक मामले में धारा 1423 आईपीसी के तहत तीन माह के कारावास एवं एक एक हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इसी मामले में धारा 341 आईपीसी के तहत एक माह के कारावास एवं 300 रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है । सिविल जज सीनियर डिवीजन एमपी एमएलए कोर्ट अनुपम त्रिपाठी ने मंगलवार को यह सजा सुनाई।

## एयर इंडिया व इंडिगो ने सुरक्षा कारणों से रद्द की कई उड़ानें

**नई दिल्ली।** देश के मौजूदा हालात को देखते हुए विमानन कंपनी एयर इंडिया और इंडिगो एयरलाइंस ने मंगलवरा को उत्तर और पश्चिम भारत के कई शहरों के लिए अपनी उड़ानों को रद्द कर दिया। एयर इंडिया ने जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट के लिए सभी उड़ानों को मंगलवार के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

## अमेरिका खामखा चौधरी न बने

# कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं है। इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। यह बात विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। सभी मामले द्विपक्षीय तरीके से ही हल होंगे।

दरअसल, भारत के इस जवाब को जम्मू-कश्मीर विवाद को सुलझाने के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रम्प ने 11 मई को कहा था कि मैं दोनों देशों के साथ मिलकर यह देखने की कोशिश करूंगा कि क्या कश्मीर मुद्दे का कोई हल निकाला जा सकता है। 10 मई को ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर भारत-पाक के बीच सीजफायर होने की जानकारी दी थी। विदेश विभाग के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे पक्ष की दखलंदाजी मंजूर नहीं है। इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। इसमें कोई बदलाव नहीं है। लंबित मामला सिर्फ पीओके पर कब्जा करने का है। इसी पर ही बात होगी। ट्रम्प ने 11 मई को कहा था कि मैं दोनों के साथ मिलकर यह देखने की कोशिश करूंगा कि क्या हजार साल बाद कश्मीर मुद्दे का कोई हल निकाला जा सकता है। जायसवाल ने कहा कि 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति बनने तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत होती रही। किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा। ट्रम्प ने 12 मई को दावा किया था कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं से कहा कि अगर वे युद्धविराम पर सहमत होते हैं, तो अमेरिका उन्हें व्यापार में मदद करेगा। अगर नहीं मानते हैं, तो उनके साथ कोई व्यापार नहीं होगा। इसके बाद दोनों देश सीजफायर पर सहमत हो गए थे।



- भारत की दो टूक, हम पाक के साथ आपस में मिल बैठकर निपटालेंगे मामला
- पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा, विदेश मंत्रालय ने ट्रम्प के दो दावे नकारे

# दुनिया में हुई ऑपरेशन सिंदूर की गूंज अबकी बार मिट्टी में मिला देंगे: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**70 देशों को बताया ऑपरेशन का सूरतेहाल**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भारत शांति चाहता है, लेकिन अगर उसकी ओर से किसी तरह का आतंकवादी या सैन्य दुस्साहस किया जाता है, तो भारत उसे मिट्टी में मिलाने में कसर नहीं छोड़ेगा। उधर भारत ने 70 देशों के राजनयिकों को मंगलवार को यहां ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पाकिस्तान द्वारा चलाए गए दुष्प्रचार का भी पर्दाफाश किया।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमाओं पर सैन्य कार्रवाई रोके जाने पर बनी सहमति के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार सुबह सवेरे आदमपुर वायुसेना स्टेशन पहुंचे और वहां मौजूद वायुयोद्धाओं तथा अन्य जवानों से बातचीत की। पाकिस्तान ने इस वायु सेना स्टेशन पर लड़ाकू विमानों तथा ड्रोन से असफल हमले का प्रयास किया था। श्री मोदी ने भारत की वायु रक्षा प्रणाली एस 400 के समक्ष जवानों को संबोधित कर पाकिस्तान के उस झूठ का भी पर्दाफाश कर दिया, जिसमें इस प्रणाली को नष्ट करने का दावा किया गया था। श्री मोदी ने वायु योद्धाओं के निरंतर भारत माता की जयघोष के नारों के बीच उनकी जमकर सराहना की और कहा कि उनकी वीरता और गौरव की कहानी ऑपरेशन सिंदूर की गूंज अब दुनिया भर में सुनाई दे रही है। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है। यह भारत शांति चाहता है, लेकिन यदि मानवता पर हमला होता है, तो यह भारत युद्ध के मोर्चे पर दुश्मन को मिट्टी में मिलाना भी जानता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सामान्य सैन्य अभियान नहीं था, यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लक्ष्मण रेखा एकदम स्पष्ट है यदि अब कोई आतंकी हमला होगा, तो भारत उसका पक्का जवाब देगा। उन्होंने कहा कि एयर स्ट्राइक के समय सबने देखा है और ऑपरेशन सिंदूर अब भारत का न्यू नॉर्मल है। हमने तीन सूत्र तय कर दिए हैं। यदि भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो हम अपने तरीके और शर्तों पर तथा अपने समय पर जवाब देंगे । दूसरा भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं सहेगा। भारत आतंकी सरपरस्त सरकार और आतंक -शेष पृष्ठ दो पर

# सम्भल जामा मस्जिद सर्वे मामले में निर्णय सुरक्षित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सम्भल जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद को लेकर दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर मंगलवार को सुनवाई पूरी होने पर दिया। हरि शंकर जैन व सात अन्य ने सिविल जज सीनियर डिवीजन सम्भल की अदालत में एक मुकदमा किया है, जिसमें यह तर्क दिया गया है कि सम्भल के कोट पूर्वी स्थित जामा मस्जिद एक मंदिर को ध्वस्त करने के बाद बनाई गई थी। वादी ने हरिहर मंदिर में प्रवेश के अधिकार की घोषणा की मांग की है। दीवानी अदालत ने इस मामले में सुनवाई करते हुए एएसआई को एडवोकेट कमिश्नर के साथ सर्वे का निर्देश दिया था और मुकदमे की पोषणीयता पर भी सवाल उठाया था। न्यायालय ने सम्भल की दीवानी अदालत के समक्ष लंबित मूल मुकदमे की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर हाईकोर्ट ने भारतीय एएसआई को दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोई हलफनामा दाखिल नहीं होने पर कोर्ट ने आगे का समय दिया।

- इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई पूरी

# खुलासा: पहलगाम हमले से पहले सैटेलाइट इमेज के ऑर्डर मिले थे

नई दिल्ली, वार्ता

**22 अप्रैल** को पहलगाम में आतंकी हमले से पहले इस इलाके की सैटेलाइट तस्वीरें ली गई थीं।

अमेरिका की स्पेस टेक कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजीस को पहलगाम और उसके आस-पास के इलाकों की हाई-रेजोल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरें देने के लिए बड़ी मात्रा में ऑर्डर मिले थे। द प्रिंट की एक रिपोर्ट के अनुसार 2 से 22 फरवरी 2025 के बीच, मैक्सार टेक्नोलॉजीस को कम से कम 12 ऑर्डर मिले। यह सामान्य संख्या से दुगुना था। इस कंपनी के ग्राहकों में पाकिस्तान की बिजनेस सिस्टम्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड (बीएसआई) भी शामिल थी। इस कंपनी का नाम अमेरिका में हुए संघीय अपराधों से जुड़ा हुआ है। अब मैक्सार टेक्नोलॉजीस ने बीएसआई से अपनी पार्टनरशिप खत्म कर दी है। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार डेटा से यह स्पष्ट नहीं है कि पहलगाम की सैटेलाइट तस्वीरों के ऑर्डर बीएसआई ने दिए थे या नहीं। पहलगाम की सैटेलाइट तस्वीरों के लिए ऑर्डर जून 2024 से ही आने लगे थे। मैक्सार पोर्टल के एक्सेस में पहलगाम के अलावा जम्मू-कश्मीर के पुलवामा, अनंतनाग, पुंछ, राजौरी और बारामूला जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के सैटेलाइट इमेज मिले। हर एक सैटेलाइट तस्वीर की कीमत 3 लाख रुपये से शुरू होती है और रेजोल्यूशन के अनुसार इनकी कीमत बढ़ती जाती है। मैक्सार पोर्टल के एक्सेस में पहलगाम के अलावा जम्मू-कशमीर के पुलवामा, अनंतनाग, पुंछ, राजौरी और बारामूला जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के सैटेलाइट इमेज मिले।



- पाकिस्तानी फर्म से अमेरिकी सैटेलाइट कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजीस ने पार्टनरशिप खत्म की



## संक्षिप्त समाचार

### पट्टे की जमीन पर बनी मस्जिद को मालिकों ने खुद तोड़ा

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश सरकार ने इंडो-नेपाल बॉर्डर पर अवैध धार्मिक स्थलों के विरुद्ध अभियान के तहत पीलीभीत के भरतपुर गांव में स्थित एक मस्जिद को अवैध चिह्नित किया गया। पूरनपुर तहसीलदार ने मस्जिद के मालिक दो भाइयों जुम्मन और हैदर को नोटिस जारी कर उन्हें 16 मई तक पट्टा कैंसिल कराने या अवैध निर्माण हटाने का निर्देश दिया था। नोटिस मिलने के बाद दोनों भाइयों ने मस्जिद में अजान और नमाज बंद कर दी। प्रशासनिक कार्रवाई से बचने के लिए वे खुद ही मस्जिद को तोड़ रहे हैं।

### महिलाओं के आगे आने से विकास संभव: धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि महिलाओं के आगे आने से संतुलित आर्थिक विकास और सामाजिक वृद्धि संभव है। धनखड़ ने आज यहां मेघालय में गारो हिल्स, खासी हिल्स और जैंतिया हिल्स क्षेत्रों के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति को वित्तीय मदद देने से सशक्तीकरण नहीं होता है, बल्कि उसको सहयोग देने से वह वास्तविक रूप से सशक्त होता है। धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक दशक से अधिक समय से चल रहे शासन सुधारों और विकास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यह दूरदर्शी नेतृत्व ही है, जो अधिकारियों को सही दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है।

### पंचतत्व में विलीन हुए डॉ. विक्रम राव

**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. विक्रम राव का मंगलवार को यहां भैंसाकुंड पर राजकीय सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सहित बड़ी संख्या में राजनेता, अधिकारी और पत्रकार मौजूद थे। बैकुण्ठ धाम पर उनके पार्थिव शरीर को बड़े बेटे सुदेव राव ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस की एक टुकड़ी ने गार्ड आफ आनर दिया। उनके निधन पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, यूपी सरकार में मंत्री सुरेश खन्ना, नंद गोपाल नंदी, नितिन अग्रवाल आदि ने शोक जताया है।

### हरदोई में नाव पलटने से तीन की मौत

**हरदोई।** यूपी के हरदोई में रामगंगा नदी में नाव पलटने से सात लोग डूब गए। इनमें से चार लोगों को तो बचा लिया गया, लेकिन तीन लोगों की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद मृतकों के परिवार वालों में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। नाव में सवार लोग तरबूज की खेती करके वापस लौट रहे थे। हरदोई के अरवल थाना क्षेत्र के खैरूद्दीन पुर के चैन सिंह गांव के पास रामगंगा नदी में नाव पलटने से जिन तीन लोगों की मौत हुई, वह सभी एक ही परिवार के थे। उनके खेत में तरबूज की तुड़ाई चल रही है।

## उमर ने एलओसी के पास बंकरों के निर्माण का किया वादा

**श्रीनगर, वार्ता**

■ गोलाबारी से प्रभावित गांवों को दी जाएगी मदद

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को सरकारी मदद और अतिरिक्त बंकरों के निर्माण का आश्वासन दिया। अब्दुल्ला ने कुपवाड़ा जिले के तंगधार के गोलाबारी प्रभावित इलाकों के दौरे के दौरान यह आश्वासन दिया। वहां उन्होंने ऐसे परिवारों से मुलाकात की, जिन्होंने संकट के दौरान उल्लेखनीय साहस दिखाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका धैर्य प्रेरणादायक है। सरकार उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है, उनके दर्द को अनदेखा नहीं किया जाएगा और उन्हें सम्मान तथा नई उम्मीद के साथ जीवन फिर से शुरू करने में मदद करने के लिए हर संभव कदम उठाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि वह गोलाबारी से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए व्यक्तिगत रूप से आए हैं और उन्होंने दोहराया कि राहत और पुनर्वास उपायों के तहत पीड़ितों को पर्याप्त मदद प्रदान की जाएगी। तंगधार में सामुदायिक बंकरों का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री ने संकट के समय उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। तनाव बढ़ने के समय ये संरचनाएं जीवन रेखा होती हैं। हम संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले अपने लोगों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त बंकरों का निर्माण सुनिश्चित करेंगे। तनाव बढ़ने के दौरान सीमा पर रहने वाले लोगों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत बंकरों के निर्माण का मामला केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा।

## अचानक सैन्य कार्रवाई रुकने से हम मौका चूके: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ ट्रम्प के बयान पर जवाब दें मोदी: अशोक गहलोत

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम घटना और उसके बाद की कार्रवाई पर सोमवार को राष्ट्र के नाम संबोधन जरूर किया लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खतरनाक बयान पर चुप्पी साधकर सबको निराश किया है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहलगाम हमले के आतंकवादियों को करारा जवाब देने पर पाकिस्तान के साथ संघर्ष हुआ, जिसमें हमारी बहादुर सेना पाकिस्तान को बर्बाद कर रही थी, लेकिन अचानक हुई सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा ने सबको चौंका दिया और आतंकवाद तथा आतंक को पनाह देने वाले पाकिस्तान को कुचलने का स्वर्णिम अवसर हमारे हाथ से निकल गया। हमारे पास पाकिस्तान के आतंकवाद को हमेशा के लिए नेस्तनाबूद करने का यह एक स्वर्णिम मौका था। उन्होंने कहा कि इसमें सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि ट्रम्प ने सोशल मीडिया एक्स पर सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा की और बाद में कहा कि भारत और पाकिस्तान को व्यापार का हवाला देते हुए उन्होंने सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए तैयार किया। अब देश समझ नहीं पा रहा है कि इसे गोपनीय क्यों रखा गया जबकि हमारी सेना ने बहुत अच्छा काम कर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया और पूरी दुनिया में इसकी तारीफ हुई। पहलगाम घटना से देश के हर परिवार में दुख था और ऐसे में सेना ने हमला कर घटना से जुड़े 100 आतंकवादियों को मार दिया। कांग्रेस नेता ने कहा कि जब सेना कार्रवाई को अंजाम दे रही थी, तो अचानक ट्रम्प बीच में आ गए और उन्होंने भारत तथा पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने संबंधी पोस्ट कर दिया, जिसने सबको चौंका दिया। अमेरिका ने पहले भी हिंदुस्तान पर दबाव बनाया था, लेकिन हम कभी झुके नहीं और पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए। शिमला समझौते के वक्त भी हमने किसी दूसरे देश को बीच में आने नहीं दिया। लेकिन अब जिस तरह से ट्रंप बीच में आ रहे हैं, उस पर मोदी और उनकी सरकार को जवाब देना चाहिए। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति की पोस्ट पर तीखा हमला करते हुए कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने कौन सी ठेकेदारी ले रखी है। ट्रंप या तो खुद ठेकेदार बन गए या हमारी चुप्पी ने उनके हौसले को बढ़ा दिया है, जिस कारण वो सीजफायर की घोषणा कर रहे हैं। अब ट्रंप कह रहे हैं कि कश्मीर मुद्दे को भी वे सुलझाएंगे, जबकि इससे पहले तक भारत की नीति सिर्फ द्विपक्षीय ही रही है।

### पाकिस्तान संघर्ष पर सरकार पुनरावलोकन समिति गठित करे : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष पर एक पुनरावलोकन समिति गठित की जानी चाहिए, जो कारगिल युद्ध के समय की तरह काम कर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपे। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि कारगिल युद्ध समाप्त होने के बाद वाजपेई सरकार ने इस तरह की एक रिपोर्ट तैयार कराई थी और बाद में रिपोर्ट को संसद में पेश किया गया था। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध समाप्त होने के ठीक तीन दिन बाद वाजपेयी सरकार ने 29 जुलाई 1999 को कारगिल पुनरावलोकन समिति गठित की थी। इसकी रिपोर्ट 23 फरवरी 2000 को संसद में प्रस्तुत की गई, हालांकि इसके कुछ हिस्सों को अब भी गोपनीय रखा गया और ऐसा होना भी चाहिए।

## अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में बोले सीएम योगी

# बर्ड फ्लू से सुरक्षा को उच्च सतर्कता बरती जाए

**लखनऊ, वार्ता**



■ सभी प्राणी उद्यानों पक्षी विहारों, नेशनल पार्कों, वेटलैंड क्षेत्रों और गो आसरे स्थलों में संरक्षित पशु-पक्षियों की सुरक्षा प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाए

उत्तर प्रदेश में एच5 एवियन इंफ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) संक्रमण की आशंका को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्राणी उद्यानों, पक्षी विहारों, नेशनल पार्कों, वेटलैंड क्षेत्रों और गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित पशु-पक्षियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिएहैं।

योगी ने मंगलवार को संबंधित अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि इस संक्रमण को रोकने के लिए केंद्र व राज्य सरकार की गाइडलाइनों के अनुरूप सभी आवश्यक कदम तत्परता से उठाए जाएं। प्राणी उद्यान परिसरों को नियमित रूप से सैनेटाइज किया जाए और आवश्यकतानुसार ब्लो टॉर्चिंग की प्रक्रिया भी अपनाई जाए। सभी वन्य जीवों एवं पक्षियों की जांच की जाए और उनके आहार की गहन जांच के उपरांत ही उन्हें भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों को एवियन इंफ्लुएंजा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जाए तथा उन्हें पीपीई किट सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। बाड़ों में नियुक्त कर्मचारियों की ड्यूटी इस जोखिम के स्तर को ध्यान में रखते हुए तय की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी पोल्ट्री फार्मों की मानकों के अनुरूप विशेष निगरानी की जाए और पोल्ट्री उत्पादों के आवागमन पर सतत नियंत्रण रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ‌ह5 एवियन इंफ्लुएंजा के मनुष्यों पर पड़ने वाले प्रभावों की भी स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से गहन समीक्षा की जाए, ताकि संक्रमण की कोई भी कड़ी मानव समाज तक न पहुंच पाए। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, स्वास्थ्य मंत्रालय, मत्स्यपालन एवं डेयरी विभाग, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर (बरेली) आदि से लगातार संपर्क बनाकर सुझाव लिए जाएं और आवश्यकतानुसार क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। योगी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जिला प्रशासन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के बीच समन्वय को सशक्त बनाया जाए ताकि सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित हो सके।

### फलों-सब्जियों के निर्यात को लक्ष्य तय

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने मंगलवार को कहा कि उसने निर्यात को बढ़ावा देने और खाद्य एवं पोषण संबंधी आवश्यकताओं को सुरक्षित करने के लिए राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को बदलने के लिए बहुआयामी रणनीति शुरू की है। उत्तर प्रदेश सरकार ने बागवानी के विस्तार, स्थानीय प्रसंस्करण को समर्थन तथा वैश्विक बाजार तक पहुंच बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। देश की श्रम शक्ति का करीब 40 प्रतिशत हिस्सा कृषि क्षेत्र में समायोजित है, फिर भी प्रच्छन्न बेरोजगारी इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या है। किसान परंपरागत खेती की जगह स्थानीय तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार की मांग के अनुसार खेती करें, यही इस समस्या का प्रभावी हल है।

### स्वास्थ्य सेवाओं को भाजपा सरकार ने किया बर्बाद: अखिलेश यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बर्बाद कर दिया है। यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि यूपी में अस्पतालों में लापरवाही चरम पर है। गरीबों को पर्याप्त दवा, इलाज नहीं मिल पा रहा है। इलाज के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। मेडिकल कॉलेजों में इलाज के लिए पर्याप्त दवाएं, जांच, प्रोफेसर, डाक्टर, नर्स तकनीकी स्टाफ आदि की सुविधाओं का अभाव है। बड़े अस्पतालों में दलालों का बोलबाला है। दवाओं और मशीनों की खरीद बिक्री में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार ने पूरी व्यवस्था को पंगु बना दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास बयानबाजी के सिवा कुछ नहीं है। भाजपा सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में जिलास्तर का कोई अस्पताल नहीं बनाया। वह समाजवादी सरकार में बने अस्पतालों में सुविधाएं नहीं दे रही है। प्रदेश में स्थित पीएचसी और सीएचसी में हालत बेहद खराब है। इनमें इलाज कराने से मरीज डरते है। कई जिलों में मेडिकल कॉलेज के नाम पर अधूरे भवन खड़े है। वहां पर मरीजों के लिए एम्बुलेंस और स्ट्रेचर तक की सुविधा नहीं है। अस्पतालों में अग्निकांड लापरवाही की वजह से हो रहे है। मरीजों की जान जोखिम में है। सुरक्षा मानकों का कोई पालन नहीं किया जा रहा है। यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने गंभीर रोगों हार्ट, लीवर, किडनी, कैंसर के इलाज की विशेष व्यवस्था की थी। भाजपा ने कैंसर अस्पताल की सारी व्यवस्थाएं अव्यवस्था में बदल दी। सरकार मेडिकल कॉलेजों को आवश्यकतानुसार बजट नहीं दे रही है। मेडिकल कॉलेजों में विशेषज्ञ डाक्टरों की भारी कमी है। कई अच्छे डॉक्टर इस्तीफा देकर चले गए है।

## अमृतसर में जहरीली शराब पीने से 14 श्रमिकों की मौत

**अमृतसर, वार्ता**



■ मृतकों में तीन गांवों के लोग शामिल, छह की हालत बनी है गंभीर

पंजाब के अमृतसर में मजीठा क्षेत्र के तीन गांवों में ज़हरीली शराब पीने से भट्टा पर काम करने वाले 14 श्रमिकों की मौत हो गई है, जबकि छह अन्य लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

अमृतसर की जिला उपायुक्त साक्षी साहनी ने मंगलवार को बताया कि मृतकों में भंगाली, थरियावाल और मुरारी कलां गांव के लोग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि घटना सोमवार की है। उन्होंने बताया कि शराब पीने से कुछ लोगों की मौत हो गई और रात तक मृतकों की संख्या बढ़ने पर लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती छह लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं। पी गई शराब के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए गए हैं। मजीठा थाना के प्रभारी (एसएचओ) आबताब सिंह ने बताया कि जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत होने की जानकारी मिलने पर इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने इस सिलसिले में मुख्य आरोपी प्रभजीत सिंह सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभजीत नकली शराब की आपूर्ति करने वाले गिरोह का सरगना है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम कुलबीर सिंह उर्फ जग्गू, जो मुख्य आरोपी प्रभजीत का भाई है। साहिब सिंह उर्फ सराय निवासी गांव मारड़ी कलां, गुरजंट सिंह और निंदर कौर पत्नी जीता निवासी गांव थीरेवाल को भी पकड़ा गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रविवार (11 मई) की शाम को एक ही जगह से यह शराब खरीदी गई थी, इनमें से कुछ लोगों की सोमवार की सुबह ही मौत हो गई थी, लेकिन पुलिस को सूचना नहीं मिली। वहीं स्थानीय लोगों के अनुसार मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कई लोगों की हालत नाजुक बनी हुई हैं। प्राथमिक जांच में पता चला है कि लोगों ने अवैध कच्ची शराब का सेवन किया था।

## अर्थ व्यापार

### चौतरफा मुनाफावसूली से ढह गया शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



**विश्व** बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर सोमवार की तूफानी तेजी के बाद ऊंचे भाव पर हुई चौतरफा मुनाफावसूली से आज शेयर बाजार ढह गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला स्नवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1281.68 अंक अर्थात 1.55 प्रतिशत का गोता लगाकर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 81,148.22 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 346.35 अंक यानी 1.39 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24578.35 अंक पर बंद हुआ।

हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.17 प्रतिशत बढ़कर 43,806.83 अंक और स्मॉलकैप 0.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,176.68 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4101 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2559 में तेजी जबकि 1402 में गिरावट रही, वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2959 कंपनियों में से 1948 में लिवाली जबकि 937 में बिकवाली हुई, वहीं 74 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार कल के कारोबारी सत्र में शेयर बाजार में जोरदार उछाल देखने को मिला, जहां निफ्टी ने 916 अंकों की छलांग लगाई। यह उछाल युद्धविराम की खबरों के बाद आई सकारात्मक भावना के चलते हुआ, लेकिन इसका समर्थन संस्थागत निवेश से नहीं मिला। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) और घरेलू संस्थानगत निवेशक (डीआईआई) की कुल शुद्ध खरीद महज 2,694 करोड़ रुपए रही, जिससे साफ है कि तेजी मुख्य रूप से शॉर्ट, कवरिंग और खुदरा एवं उच्च नेटवर्थ निवेशकों की खरीदारी के कारण हुई। यह स्थिति संकेत देती है कि यदि आगे भी संस्थागत निवेशक सक्रिय नहीं होते हैं, तो इस तेजी की गति बनाए रखना कठिन हो सकता है। बाजार की दिशा अब इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या संस्थागत निवेश में मजबूती आती है या फिर यह हालिया तेजी अल्पकालिक ही साबित होती है। दूसरी ओर वैश्विक स्तर पर अमेरिका और चीन के बीच 90 दिनों के लिए टैरिफ घटाने का समझौता सकारात्मक संकेत दे रहा है। इससे व्यापार युद्ध के समाप्त होने की संभावना बढ़ी है, जो वैश्विक बाजारों को राहत पहुंचा सकती है। अमेरिका में मंदी की आशंका घटने से भारतीय आईटी कंपनियों को वहां की कंपनियों द्वारा बढ़े हुए प्रौद्योगिकी खर्च से लाभ हो सकता है। वहीं फार्मा क्षेत्र के लिए स्थिति थोड़ी चुनौतीपूर्ण हो सकती है। ट्रंप द्वारा दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए दिए गए कार्यकारी आदेश से भारतीय फार्मा निर्यातकों को प्राइस प्रेशर का सामना करना पड़ सकता है, इन कंपनियों के स्टॉक्स पर नकारात्मक असर देखने को मिल सकता है।

## अर्थ व्यापार

### खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 35 रिंगिट बढ़कर 3825 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.27 सेंट गिरकर 49.66 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8300-8400 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 14725 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सीबीएसई...** (जेएनवी) में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का अनुपात 99.49 प्रतिशत के साथ सबसे ऊंचा रहा। केंद्रीय विद्यालय (केवी) 99.45 प्रतिशत सफलता दर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। निजी (स्वतंत्र) स्कूलों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का प्रतिशत 94.17 प्रतिशत रहा। दसवीं में केंद्रीय तिब्बती स्कूलों (एसटीएसएस) में 91.53 प्रतिशत, सरकारी स्कूलों में 89.26 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों की श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 83.94 रहा। सीबीएसई दसवीं की परीक्षा इस वर्ष 15 फरवरी से 18 मार्च के बीच आयोजित की गई थी। सीबीएसई ने मंगलवार को ही कक्षा 12 के परिणाम भी जारी किए, जिसमें 88.39 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.41 प्रतिशत अधिक रहा। 12वीं में 91 प्रतिशत छात्राएं सफल रहीं और उनकी सफलता का अनुपात लड़कों की तुलना में 5.94 प्रतिशत ऊंचा है। इस वर्ष सीबीएसई का 12वीं कक्षा का परिणाम पिछले साल से 0.41 प्रतिशत बेहतर है। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का अनुपात 2024 के 87.98 प्रतिशत से बढ़कर 88.39 प्रतिशत हो गया है। परीक्षा देने वाले 16,92,794 छात्र-छात्राओं में से 14,96,307 उत्तीर्ण हुए। सीबीएसई 12वीं कक्षा के नतीजों में जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) 99.29 प्रतिशत उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के साथ सूची में शीर्ष पर रहे। केंद्रीय विद्यालय (केवी) 99.05 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि केंद्रीय तिब्बती स्कूलों (एसटीएसएस) ने भी 98.96 पास प्रतिशत के साथ शानदार प्रदर्शन किया। अन्य श्रेणियों में, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों का पास प्रतिशत 91.57 रहा और सरकारी स्कूलों ने 90.48 प्रतिशत दर्ज किया। इस बार स्वतंत्र (निजी) स्कूल ने थोड़े पिछड़ते हुए भी 87.94 प्रतिशत का पास प्रतिशत हासिल किया। विज्ञप्ति में बताया गया कि 12वीं की परीक्षा में प्रयागराज परीक्षाफल तालिका में सबसे निचले स्थान पर रहा, जिसमें करीब 80 फीसदी छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। सीबीएसई कक्षा 10वीं की 2025 परीक्षाएं 26675 स्कूलों के 7837 केंद्रों पर आयोजित की गई थीं। परीक्षाएं भारत में 7,842 केंद्रों और विदेशों में 26 स्थानों पर आयोजित की गईं।

**दुनिया में...** के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखता और अब दुनिया भी भारत के इस नए रूप को देखते हुए आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भारत माता की जय केवल उद्घोष नहीं है यह उन सैनिकों की कसक है, जो मां भारती के लिए जान की बाजी लगा देती है, यह उस हर नागरिक की आवाज है, जो देश के लिए कुछ करना चाहता है। यह मैदान में भी गूंजती है और मिशन में भी। उन्होंने कहा कि जब हमारे वीर जय बोलते हैं, तो दुश्मन के कलेजे कांप जाते हैं। जब फौज न्यूक्लियर ब्लैकमेल की हवा निकाल देती है और भारत के ड्रोन तथा मिसाइल सनसनाती हुई दुश्मन के यहां जाती हैं, तो दुश्मन को भी सुनाई देता है भारत माता की जय। श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सामान्य सैन्य अभियान नहीं था यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। उन्होंने कहा कि यह बुद्ध की भी धरती है और गुरु गोविंद सिंह की भी धरती है। धर्म की स्थापना के लिए सशस्त्र उठाना हमारी परंपरा है। जब हमारी बहनों का सिंदूर छीना गया, तो हमारी सेनाओं ने आतंकियों को उनके घर में घुसकर कुचल दिया। जो कायरों की तरह छिपकर आए थे, लेकिन वे भूल गए कि उन्होंने जिसे ललकारा वह हिन्द की सेना है। आपने उन्हें सामने से हमला करके मारा है। उन्होंने कहा कि सौ से अधिक आतंकवादियों की मौत से आतंकवाद के आकाओं को समझ में आ गया है कि भारत की ओर नजर उठाने का अंजाम तबाही होगा। उन्होंने वायु यौद्धाओं की सराहना करते हुए कहा कि जब-जब भारत के इस पराक्रम की चर्चा होगी, भारत के इतिहास की चर्चा होगी, तो आपके अध्याय की भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि वह वीरों की इस धरती से वायुसेना, नौसेना, सेना और बीएसएफ के वीरों को सलाम करता हूं। श्री मोदी ने वायु योद्धाओं से कहा कि उनके पराक्रम की वजह से ऑपरेशन सिंदूर की गूंज हर कोने से सुनाई दे रही है। उन्होंने कहा कि पूरे ऑपरेशन के दौरान हर भारतीय आपके साथ खडा रहा, उनकी प्रार्थना आपके साथ रही। हर देशवासी सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञ और ऋणी है। उन्होंने पाकिस्तान और आतंकवादियों को कड़ा संदेश दिया कि यदि निर्दोष लोगों की मौत होगी, तो विनाश तथा महाविनाश होगा। उन्होंने कहा कि जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे आतंकवादी बैठे थे, भारतीय सेनाओं ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। हमारी सेनाओं ने पाकिस्तानी फौज को भी बता दिया है कि पाकिस्तान का ऐसा कोई ठिकाना नहीं है जहां आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बदले का मौका भी नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइलों की सोच कर पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आएगी। मोदी ने स्वदेशी हथियारों की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक से जुड़ी कविता की पंक्तियों का हवाला दिया और कहा कि ये पंक्तियां भारत के स्वदेशी और आधुनिक हथियारों पर भी फिट बैठती हैं। उन्होंने सशस्त्र सेनाओं की वीरता तथा दृढ़ता का उल्लेख किया और कहा कि आपने इस कार्रवाई से देश का आत्मबल बढ़ाया है देश को एकता के सूत्र में बांधा है। सीमाओं की रक्षा की है, स्वाभिमान को नई ऊंचाई दी है। आपने अभूतपूर्व और अकल्पनीय अदभुत काम किया है। प्रधानमंत्री ने वायु योद्धाओं से कहा कि आपकी कार्रवाई से पाकिस्तान के एयर बेस ही नहीं उनके नापाक इरादे तथा दुस्साह दोनों की हार हुई है। उन्होंने तीनों सेनाओं तथा अन्य बलों के बीच तालमेल की सराहना करते हुए कहा कि सभी के बीच तालमेल शानदार था और ऑपरेशन सिंदूर का एक-एक क्षण भारतीय सेनाओं के सामर्थ्य की गवाही देता है। उन्होंने कहा कि नौसेना ने समुद्र पर दबदबा बनाकर रखा, सेना ने बॉर्डर पर मजबूती रखी और वायुसेना ने प्रहार भी किया और रक्षा भी की, तो बीएसएफ भी मोर्चे पर मजबूती से डटी रही। वायु रक्षा प्रणाली ने भी शानदार काम किया और यही एकीकरण है तथा यह सेनाओं की मजबूत पहचान बन चुकी है। उधर भारत ने 70 देशों के राजनयिकों को मंगलवार को यहां ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पाकिस्तान द्वारा चलाए गए दुष्प्रचार का भी पर्दाफाश किया। एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय ने मंगलवार को यहां बताया कि रक्षा खुफिया एजेंसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा ने भारत-पाक संबंधों में नए मानदंड स्थापित करने वाले ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन में नए युग के युद्ध में सैन्य श्रेष्ठता के माध्यम से भारत की शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प का प्रदर्शन किया गया। ले. जनरल राणा ने आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाने की प्रक्रिया की भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए थल सेना और वायुसेना के सटीक ऑपरेशन तथा जोरदार जवाब के बारे में चर्चा की। बातचीत के दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी हथियारों की युद्ध प्रभावशीलता के साथ संयुक्तता और एकीकरण के माध्यम से हासिल समन्वित बल प्रयोग पर भी प्रकाश डाला गया। उन्होंने पाक के द्वारा चलाए जा रहे भारत विरोधी दुष्प्रचार अभियान और क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता पर इसके प्रभाव का की भी जानकारी दी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# छोटे राज्यों के वित्तीय प्रदर्शन में उत्तराखंड को दूसरा स्थान

## शानदार प्रदर्शन, गोवा के बाद दूसरा स्थान पर रहा उत्तराखंड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड ने वित्तीय प्रबंधन और सुशासन के क्षेत्र में एक और शानदार उपलब्धि हासिल की है। देश की प्रतिष्ठित बिजनेस समाचार वेबसाइट फाइनेंशियल एक्सप्रेस की ताजा रैंकिंग के अनुसार, छोटे राज्यों की वित्तीय स्थिति के मामले में उत्तराखंड ने गोवा के बाद दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

यह उपलब्धि राज्य के मजबूत वित्तीय अनुशासन, पारदर्शी प्रशासन और विकासोन्मुख नीतियों का परिणाम है। रिपोर्ट में बताया गया है कि उत्तराखंड ने राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने, स्वयं के कर राजस्व में वृद्धि, बकाया ऋण को संतुलित करने और सरकारी गारंटियों के प्रबंधन में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इसके अलावा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे सामाजिक क्षेत्रों में बेहतर निवेश ने भी राज्य की रैंकिंग को और मजबूती प्रदान की है।




**सुशासन में भी उत्तराखंड अव्वल**

वित्तीय प्रबंधन के साथ-साथ उत्तराखंड ने सुशासन के क्षेत्र में भी अपनी धाक जमाई है। राज्य में व्यावसायिक माहौल को बेहतर बनाने, न्यायिक प्रक्रियाओं को तेज करने और डिजिटल ई-सेवाओं को सशक्त करने के प्रयासों ने उत्तराखंड को प्रशासनिक दक्षता में अग्रणी बनाया है। उत्तराखंड की यह सफलता नीति-निर्माण और कार्यान्वयन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार की दृढ़ता का उदाहरण पेश करती है। राज्य सरकार ने भविष्य में विकास की गति को और तेज करने का संकल्प लिया है, ताकि उत्तराखंड न केवल वित्तीय, बल्कि समग्र विकास के मामले में भी देश में शीर्ष पर पहुंचे। उत्तराखंड सरकार अब डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत करने, पर्यटन को बढ़ावा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने पर विशेष ध्यान दे रही है।

### राज्य के लिए गर्व का क्षण: पुष्कर धामी



उत्तराखंड के लिए यह गर्व का क्षण है। छोटे राज्यों में वित्तीय प्रदर्शन में दूसरा स्थान हासिल करना हमारी सरकार की नीतियों, कड़ी मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम है। हमने वित्तीय अनुशासन को प्राथमिकता दी और शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल सेवाओं व न्याय व्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया। डबल इंजन सरकार के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में हम उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य उत्तराखंड को ऐसा राज्य बनाना है, जहां हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं और अवसर उपलब्ध हों। यह उपलब्धि उत्तराखंड के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक और कदम है, जो विकास और समृद्धि के नए कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है।''

:- **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड**

# सीबीएसई के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**देहरादून।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीएबएसई) द्वारा घोषित कक्षा 12वीं एवं 10वीं के परीक्षा परिणामों में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, समर्पण और अटूट संकल्प का प्रतीक है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं हमारे राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माता हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि सभी विद्यार्थी आगे भी इसी उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ अपने जीवन में निरंतर प्रगति करते हुए नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा जिन विद्यार्थियों का परिणाम उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहा, वे निराश न हों, यह जीवन का अंतिम पड़ाव नहीं है। यह स्वयं को और बेहतर बनाने, आत्ममंथन करने और नए सिरे से आगे बढ़ने का अवसर है। असफलता भी सफलता की राह का एक महत्वपूर्ण चरण होती है।

# तिरंगा यात्रा से पहले ट्रंप की घोषणा पर जवाब दे भाजपा: कांग्रेस

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

- **सेना का इस्तेमाल वोट के लिए भाजपा की पुरानी प्रवृति: धस्माना**
- **भारत की सुरक्षा आत्मरक्षा व संप्रभुता का निर्णय अमेरिका को करने का अधिकार किसने दिया**

**देहरादून।** ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर भाजपा की और से घोषित तिरंगा यात्रा पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि कांग्रेस ने सेना का मनोबल बढ़ाने व उनके प्रति अपना पूर्ण समर्थन प्रदर्शित करने के लिए पूरे देश में तिरंगा यात्रा तब निकाली जब देश की सेना दुश्मनों से सीमा पार व सीमा पर लोहा ले रही थी। लाखों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड की राजधानी देहरादून समेत पूरे देश के अलग-अलग हिस्सों में इस प्रकार की तिरंगा जय हिंद यात्रा निकाल कर अपना राष्ट्रीय कर्तव्य निभाया। अब भाजपा वोट की खातिर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को भुनाने के लिए कल से तिरंगा यात्रा निकाल रही है इस पर कांग्रेस को कोई ऐतराज नहीं है, मगर कांग्रेस का यह कहना है कि तिरंगा यात्रा निकालने से पहले भारतीय जनता पार्टी को व देश के प्रधानमंत्री को देश की जनता के मन में जो सबसे बड़ा सवाल आज पैदा हो गया है उसका उत्तर देना चाहिए कि भारत की सुरक्षा आत्मरक्षा और संप्रभुता का निर्णय अमरीका को करने का अधिकार किसने दिया ? प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बात. चीत करते हुए धस्माना ने कहा कि जब से भारत पाकिस्तान के संक्षिप्त युद्ध के सीजफायर का ऐलान अमरीका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने किया और फिर लगातार वो भारत पाकिस्तान के बीच कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्ता और सोमवार को रात्रि आठ बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के के राष्ट्र के नाम संबोधन से पूर्व दुनिया के नाम अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का संबोधन जिसमें वो स्पष्ट रूप से कह रहे हैं कि उन्होंने डांट डपट कर और धमका कर भारत पाकिस्तान का युद्धविराम करवाया इन तीनों वक्तव्यों पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को व भारतीय जनता पार्टी को देश की जनता को बताना होगा कि हमारे देश की रक्षा व्यापार और विदेश नीति को कौन चला रहा है भारत या अमरीकी राष्ट्रपति?

# हाउस ऑफ हिमालयाज को ऊंचाई तक पहुंचाने की कवायद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड के अपने सरक. ारी ब्रांड को बड़े स्तर पर स्थापित करने एवं दूर-दूर तक प्रसिद्ध करने के लिए कब आयत की जा रही है ए मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में

हाउस ऑफ हिमालयाज के निद. ेशक मंडल की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने हाउस ऑफ हिमालयाज को एक बड़े ब्राण्ड के रूप में विकसित किए जाने की बात कही। मुख्य सचिव ने कहा कि हाउस ऑफ हिमालयाज की पहचान को बनाए रखने के लिए इसके उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए प्रत्येक उत्पाद के लिए गुणवत्ता का मानक निर्धारित किया जाए। उन्होंने कहा कि जीआई टैगिंग से होने वाले लाभ को बढ़ाए जाने के लिए इसके उत्पादों की गुणवत्ता के साथ ही पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने इसके लिए कृषि सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय बनाए जाने के निर्देश दिए।



- **मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने अधिकारियों से चर्चा कर दिए निर्देश**

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, सचिव सचिन कुर्वे, प्रबंध निदेशक हाउस ऑफ हिमालयाज मनुज गोयल सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

**पर्वतीय क्षेत्रों खेती होगी लाभप्रद: राधिका झा**

सचिव राधिका झा ने कहा कि हाउस ऑफ हिमालयाज का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज के लिए उच्च प्रीमियम प्रदान करके पहाड़ी क्षेत्रों में खेती को लाभप्रद बनाना है। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र से कृषि और उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ावा देते हुए राज्य के प्रामाणिक और प्रीमियम गुणवत्ता वाले उत्पादों से उत्तराखण्ड किसानों को लाभ प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए विभिन्न ई-कॉमर्स साईट्स के साथ ही राज्य एवं राज्य के बाहर आउटलेट्स बनाए गए हैं।

# सीबीएसई: 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम में उत्तराखंड का जलवा

- **देहरादून रीजन में उत्तराखंड का दसवीं में 92.99 व देहरादून में पासिंग प्रतिशत 91.60 रहा परीक्षा परिणाम,उत्तराखंड में 12 वीं के छात्रों का कुल पासिंग परसेंटेज 86.15 व देहरादून रीजन का पासिंग परसेंटेज 86.42 रहा**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सीबीएसई की 10वीं और 12वीं के परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने पहले 12वीं परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया, जिसके बाद 10वीं का रिजल्ट जारी किया।सीबीएसई परीक्षा में देहरादून रीजन में उत्तराखंड व यूपी के 11 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वहीं उत्तराखंड में सीबीएसई परीक्षा में 10वीं का पासिंग प्रतिशत 92.99 रहा, जबकि देहरादून में पासिंग प्रतिशत 91.60 रहा।

ज्ञात हो कि इस साल सीबीएसई 10वीं परीक्षा परिणाम 93.66 प्रतिशत रहा । 10वीं की परीक्षा में 23 लाख 71 हजार 939 स्टूडेंट्स ने भाग लिया था।

22 लाख 21 हजार 636 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा पास की।इस बार बीते वर्ष की तुलना में परीक्षा परिणाम 0.6 प्रतिशत अधिक रहा। उत्तराखंड में सीबीएसई परीक्षा में 10वीं का कुल पासिंग परसेंटेज 92.99 रहा, जबकि देहरादून रीजन का 91.60 रहा। इसी तरह उत्तराखंड में 12वीं के छात्रों का कुल पासिंग परसेंटेज 86.15 रहा, जबकि देहरादून रीजन का पासिंग परसेंटेज 83.45 रहा।

रिजल्ट जारी होने के बाद बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा।. देहरादून स्थित द दून इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राएं रिजल्ट को लेकर काफी उत्साहित नजर आए। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने बताया कि वो अपने रिजल्ट से काफी खुश हैं, ऐसे में भविष्य को लेकर उन्होंने जो प्लानिंग की है, उसके तहत आगे बढ़ेंगे।



सीबीएसई परिणाम घोषित होने पर हर्षित दून वैली इण्टरनेशनल स्कूल प्रेमनगर के विद्यार्थी

रुद्रिशा पटेल ने कहा कि 12वीं में उन्होंने 90 फीसदी हासिल किया है और आगे पीएचडी करने के बाद प्रोफेसर बनना है। साथ ही बताया कि 1 मई से रिजल्ट का इंतजार कर रही थीं, लेकिन आज रिजल्ट जारी हो गया है. बताया कि उनके माता-पिता भी काफी खुश हैं। वहीं, सिद्धांत ने बताया कि उन्होंने 12वीं साइंस साइड से की है। फिजिक्स सब्जेक्ट को छोड़कर सभी विषय में अच्छे नंबर आए हैं। लेकिन ओवरऑल 93 फीसदी हासिल किया है।ऐसे में अब वो बीटेक करना चाहते हैं, जिसके लिए तैयारी कर रहे हैं।

संस्कृति ने बताया कि वो अपने रिजल्ट से खुश हैं, उन्होंने 10वीं साइंस साइड से की है।वहीं, गार्गी ने बताया कि उन्होंने ह्यूमैनिटी सब्जेक्ट से इस बार 12वीं पास किया है और 91 फीसदी रिजल्ट हासिल किया है। ऐसे में अब वो लॉ करना चाहती हैं। दिव्यांशी ने बताया कि इस बार 12वीं में उन्होंने 70 फीसदी हासिल किया है, लेकिन उन्हें उम्मीद नहीं थी कि इतना अच्छा रिजल्ट आएगा।

### 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में 13वें स्थान पर रहा देहरादून रीजन

**देहरादून।** सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) ने 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है, जिसका छात्र-छात्राएं और अभिभावक लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा में देहरादून रीजन में उत्तराखंड व यूपी के 11 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में हिस्सा लिया था।परीक्षा नतीजों में देहरादून रीजन देशभर में 13वें स्थान पर रहा. सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025 में देहरादून रीजन का रिजल्ष्ट 83.45 प्रतिशत रहा है।वहीं इस बार भी सीबीएसई परीक्षा में बेटियों ने बाजी मारी है। इस बार देहरादून रीजन प्रतिशत के हिसाब से 13वें स्थ्थान पर रहा है।सीबीएसई 12वीं परीक्षा में कुल 88.39 फीसदी स्टूडेंट पास हुए हैं, जो बीते वर्ष से 0.41 फीसदी से अधिक है।सीबीएसई 12वीं परीक्षा में इस बार भी लड़कियों ने बाजी मारी है।. इस बार 91 फीसदी से ज्यादा लड़कियां परीक्षा में पास हुई हैं। इस साल देहरादून का रिजल्ट का प्रतिशत 83.45 रहा है। इसमें छात्रों का पास परसेंट 79.86 फीसदी जबकि छात्राओं का 88.09 फीसदी रहा। इसमें 40,666 छात्र और 34,727 छात्राएं शामिल हैं। उत्तराखंड के 779 सीबीएसई स्कूलों की परीक्षाएं 326 सेंटर्स पर हुई।

# गोल्डन कार्ड धारकों को मिलेगा योजना का समुचित लाभ: डॉ.रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कर्मचारियों, पेंशनरों व उनके आश्रितों को गोल्डन कार्ड से उपचार में आ रही व्यवहा. रिक दिक्कतों को दुरूस्थ किया जायेगा। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को लाभार्थियों को समु. चत व्यवस्था मुहैया कराने के लिये ठोस इंतजामों की व्यवस्था पर फोकस करने के निर्देश दिये गये हैं, साथ ही योजना के निर्बाध संचालन के लिये हितधारकों से बातकर ठोस प्रस्ताव तैयार कर शासन को उपलब्ध कराने को कहा गया है। इसके अलावा बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत तकनीकी संवर्ग के रिक्त पदों को आई.पी.एच.एस. मानकों के अनुरूप सृजित कर शीघ्र ही भर्ती कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दीये गये।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय स्थित मुख्य सचिव सभागार में गोल्डन कार्ड योजना की समीक्षा की गई। जिसमें मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन सहित वित्त सचिव दिलीप जावलकर, स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश कुमार के साथ ही राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के अध्यक्ष अरविंद सिंह ह्यांकी व एस.एच.ए. की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रीना जोशी उपस्थित रहे। राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना (एस.जी.एच.एस.) की समीक्षा करते हुए डॉ. रावत ने अधिकारियों को गोल्डन कार्ड योजना के सभी लाभार्थियों को योजना का समुचित लाभ देने के निर्देश दिये। इसके लिये उन्होंने अधिकारियों को ठोस योजना तैयार करने को कहा कि ताकि गोल्डन कार्ड धारकों को योजना का अनवरत लाभ मिलता रहे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना प्रदेश के कर्मचारियों, पेंशनरों व उनके आश्रितों के लिये बेहद महत्वपूर्ण है और प्रत्येक लाभार्थी को बेहतर से बेहतर लाभ देना हमारा दायित्व है।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को हितधारकों से सुझाव लेकर औचित्यपूर्ण प्रस्ताव तैयार कर शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये ताकि इसे कैबिनेट बैठक में लाया जा सके।बैठक में स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा, राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के निदेशक वित्त अभिषेक आनंद, निदेशक प्रशासन डा विनोद टोलिया सहित स्वास्थ्य विभाग एंव एस.एच.ए के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



**योजना के संचालन में आ रही बाधाओं की दी जानकारी**

समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत गोल्डन कार्ड धारकों की ओर से आने वाले अंशदान की अपेक्षा उपचार खर्च में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। ऐसे में गैप फंडिग के कारण योजना के संचालन में बाधाएं आ रही हैं। बैठक में बताया कि वर्ष 2024-25 में राजकीय व स्वायत कार्मिकों तथा पेंशनर्स की ओर से कुल 150 करोड़ रूपये का अंशदान जमा हुआ जबकि योजना के तहत लाभार्थियों के उपचार पर रूपये 335 करोड़ का खर्च आया है। जिससे अस्पतालों का भुगतान न हो पाना योजना में बाधक है। योजना के सुचारू संचालन के लिये विभागीय अधिकारियों ने मास्टर पैकेज, अंशदान में बढ़ोतरी, अस्पतालों द्वारा अनुचित आर्थिक लाभ लिए जाने की प्रवृत्ति पर अंकुश, सेवा प्रदाता को प्रोत्साहन, औषधि केंदों से दवा वितरण समेत कई सुझाव रखे, साथ ही शासन को पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव के बारे में अवगत कराया।

- **उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को दिए योजना के निर्बाध संचालन के निर्देश,कहा, हितधारकों से बातकर शासन को उपलब्ध कराएं औचित्यपूर्ण प्रस्ताव**

**स्वास्थ्य विभाग में तकनीकी संवर्ग के पदों पर हो शीघ्र भती**

सचिवालय स्थित मुख्य सचिव सभागार में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में विभागीय विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने स्वास्थ्य विभाग में तकनीकी संवर्ग के अंतर्गत विभिन्न पदों पर शीघ्र भर्ती करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेशभर के अधिकांश चिकित्सा इकाईयों में चिकित्सा उपकरण उपलब्ध करा दिये हैं, ऐसे में उनके संचालन एवं रख-रखाव के लिये तकनीशियों तथा विभिन्न चिकित्सालयों की पैथोलॉजी एवं ब्लड बैंकों में लैब तकनीशियनों की नियुक्ति की जानी आवश्यक है। इसके लिये उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आईपीएचएस मानकों के अनुरूप प्रत्येक चिकित्सालयों में प्रमुख रूप से लैब तकनीशियन, ओटी तकनीशियन, डायलिसिस तकनीशियन, ईसीजी तकनीशियन, एक्स-रे तकनीशियन, ऑप्टोमेट्रिस्ट के पदों को शीघ्र सृजित कर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिये।

# प्रदेश में आयोजित होने वाली तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा में शिरकत करेगी भाजपा

- **राजधानी देहरादून में आज आयोजित होगी यात्रा 15 से 23 मई तक अलग-अलग स्तर पर निकल जाएगी तिरंगा यात्रा,मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, प्रदेश सरकार के मंत्री समेत पार्टी के सासंद, विधायक, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता होंगे शामिल : भट्ट**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा, प्रदेश में आयोजित राष्ट्रव्यापी, तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा में जनसहभागिता के साथ शिरकत करेगी। सेना के सम्मान में श्राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिकश बैनर तले यह यात्रा राजधानी समेत राज्य के प्रमुख केंद्रों, जिला एवं विधानसभा स्तर निकाली जाएंगी। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा समन्वित इस यात्रा में मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, प्रदेश सरकार के मंत्री समेत पार्टी के सासंद, विधायक, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शिरकत करेंगे।

प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के अनुसार, सामाजिक संस्थाओं द्वारा निकाले जाने वाली इस यात्रा का उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए, आतंकवाद के खिलाफ प्रतिबद्धता को जाहिर करना है। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इसमें अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सहयोग करेंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी आतंकवाद और रक्षा केंद्रों को हमारे सशस्त्र बलों द्वारा जो अभूतपूर्व क्षति पहुंचाई गई है, उसकी जानकारी जनता के मध्य जाना अहम है। राज्य में आयोजित होने वाली तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा की शुरुआत, राजधानी देहरादून में श्राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिकश के बैनर तले 14 मई से होगी। इसके बाद इस यात्रा के चार चरणों में राजधानी के बाद महत्वपूर्ण केंद्रों पर 15 मई, जिला केंद्र पर 16, 17 मई और विधानसभा, ब्लॉक, तहसील, कस्बे, बड़े गाँव में 18 - 23 मई तक कार्यक्रम आयोजित होंगे। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों में पार्टी के शीर्ष नेता, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि, विभिन्न सामा. जिक संस्थाओं के नेतृत्व एवं सहयोग होने वाली इस पहल का मकसद सशस्त्र बलों का सम्मान करना है। वहीं तिरंगा यात्रा के माध्यम से ऑपरेशन की सफलता को जन-जन तक पहुंचाना भी है। पार्टी देशवासियों में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को बढ़ाना चाहती है। पार्टी इसमें अधिक से अधिक जनसहभागिता बनाने के लिए सहयोग करेगी।



### वित्तीय प्रबंधन मे बेहतर नतीजा धामी सरकार की ईमानदार कोशिश: भट्ट

**देहरादून ।** भाजपा ने वित्तीय प्रबंधन और सुशासन के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन के लिए उत्तराखंड की जनता को बधाई दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने इस उपलब्धि को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार की बेहतर नीतियों और ईमानदार प्रयासों का नतीजा बताया है। उन्होंने शीर्ष बिजनेस मीडिया हाउस की रिपोर्ट की चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम धामी के नेतृत्व में राज्य विकास की नित नई ऊंचाईयों को छू रहा है। ये रिपोर्ट हमारी सरकार की कोशिशों पर मुहर लगाती है कि राज्य में वित्तीय प्रबंधन और सुशासन के क्षेत्र में शानदार काम हो रहा है।

# वित्तीय प्रबंधन और सुशासन के क्षेत्र में उत्तराखंड को मिली बड़ी उपलब्धि : डॉ. बंसल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा.नरेश बंसल ने देश की एक प्रतिष्ठित बिजनेस समाचार वेबसाइट की ताजा रैंकिंग के अनुसार, छोटे राज्यों की वित्तीय स्थिति के मामले में उत्तराखंड के गोवा के बाद दूसरा स्थान प्राप्त करने,वित्तीय प्रबंधन और सुशासन के क्षेत्र में एक और शानदार उपलब्धि हासिल करने पर हर्ष व्यक्त किया है। डा. बंसल ने कहा कि यह 'डबल इंजन सरकार' के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा सरकार उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।यह उपलब्धि प्रधानसेवक नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य के मजबूत वित्तीय अनुशासन,पारदर्शी प्रशासन और विकासोन्मुख नीतियों का परिणाम है।

डा. बंसल ने कहा कि रिपोर्ट में बताया गया है कि उत्तराखंड ने राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने, स्वयं के कर राजस्व में वृद्धि, बकाया ऋण को संतुलित करने और सरकारी गारंटियों के प्रबंधन में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इसके अलावा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे सामाजिक क्षेत्रों में बेहतर निवेश ने भी राज्य की रैंकिंग को और मजबूती प्रदान की है।

डा. बंसल ने कहा कि उत्तराखंड की यह सफलता नीति-निर्माण और कार्यान्वयन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार की दृढ़ता का उदाहरण पेश करती है।डा. नरेश बंसल ने कहा कि राज्य सरकार ने भविष्य में विकास की गति को और तेज करने का संकल्प लिया है, ताकि उत्तराखंड न केवल वित्तीय, बल्कि समग्र विकास के मामले में भी देश में शीर्ष पर पहुंचे। डा. नरेश बंसल ने कहा कि उत्तराखंड सरकार अब डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत करने, पर्यटन को बढ़ावा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने पर विशेष ध्यान दे रही है।

# प्रदेश में सांस्कृतिक दलों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू

## पंजीकरण प्रक्रिया के पहले दिन कालसी ब्लाक के 24 सांस्कृतिक दल रहे शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग द्वारा राज्य सरकार की जन कल्याण कारी नीतियों एवं योजनाओं का विभागीय गीत नाट्य योजना के तहत पंजीकृत सांस्कृतिक दलों के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाता है। इसके तहत गढ़वाल मंडल के अंतर्गत आने वाले जनपदों का ऑडिशन सूचना भवन देहरादून में 13 मई से 20 मई, 2025 तक तथा कुमांऊ मंडल के अंतर्गत आने वाले जनपदों का ऑडिशन 26 मई से 30 मई, 2025 तक एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी में होंगे। पंजीकरण प्रक्रिया की शुरूआत मंगलवार को कालसी ब्लाक के सांस्कृतिक दलों से हुई जिससे 24 दलों ने प्रतिभाग किया



इस अवसर पर सूचना महानिदेशक वंशीधर तिवारी ने कहा कि सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग पर्वतीय राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप अपनी गीत एवं नाट्य योजना को सुदृढ़ कर सरकार की नीतियों, निर्णयों एवं उपलब्धियों के प्रति जनजागरण का महत्वपूर्ण कार्य सशक्त एवं प्रभावी ढंग से सम्पादित कर रहा है। इस योजना से एक ओर राज्य की अपनी लोक संस्कृति को सहेजने और संजोने का गुरूत्तर कार्य हो रहा है। वहीं स्थानीय प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिल रहा है।

उन्होने कहा कि राज्य स्तर पर पंजीकृत लोक गीत, लोक नृत्य, कठपुतली, कब्बाली, भजन, नाटक, नुक्कड़ नाटय दलों के पंजीकरण से शासन की नीतियों निणर्यो और उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार का कार्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से किये जाने के साथ ही युवाओं को भी इससे अपनी लोक संस्कृति से जुडने का अवसर मिलता है।

सांस्कृतिक दलों की चयन प्रक्रिया में पदमश्री प्रीतम भरतवाण प्रसिद्ध लोक गायक नरेन्द्र सिंह नेगी संयुक्त निदेशक सूचना के.एस.चौहान गीत नाट्य प्रभाग भारत सरकार के सहायक निदेशक सन्तोष आशीष संस्कृति विभाग के नरेन्द्र शर्मा शामिल है।

CMYK

## एक नजर

### सीएबीएम में एमबीए के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**पंतनगर।** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय (सीएबीएम) ने एमबीए (एग्रीबि. जनेस) सत्र 2025-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ कर दी है। प्रभारी अधिकारी डा. सौरभ सिंह ने बताया कि छात्र अनुरोधों के मद्देनजर आवेदन की अंतिम तिथि 18 मई 2025 कर दी गई है। ग्रुप डिस्कशन व इंटरव्यू अब 3 जून 2025 को होंगे। महाविद्यालय में कुल सीटों में से 50 प्रतिशत उत्तराखंड और 50 प्रतिशत अन्य राज्यों के छात्रों के लिए आरक्षित हैं। परीक्षा नियंत्रक डा. विनोद कुमार ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और योग्यता आधारित है। अधिष्ठाता डा. आरएस जादौन ने कहा कि सीएबीएम का लक्ष्य वैश्विक स्तर पर छात्रों को प्रतिस्पर्धी बनाना है।

### महिलाओं के सशक्तिकरण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**पंतनगर।** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि संचार विभाग द्वारा जनजातीय उप-योजना 2024-25 के तहत ग्राम जगंपुरी, गदरपुर में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को दूध से बने उत्पादों लस्सी, दही, क्रीम, मिठाइयां, आइसक्रीम के निर्माण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन की व्यावसायिक तकनीकें सिखाई गईं। प्रशिक्षण में डा. सुनील कुमार (सह प्राध्यापक, पशु चिकित्सा विभाग), ग्राम प्रधान राजीव कुमार, और डा. अर्पिता शर्मा कांडपाल (परियोजना प्रमुख) शामिल रहे। डा. सुनील ने गुणवत्तापूर्ण दूध उत्पादन पर बल दिया, जबकि डा. अर्पिता ने महिलाओं को ब्रांडिंग व मार्केटिंग कौशल में प्रशिक्षित किया। समापन पर महिलाओं को व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु बाल्टियां, डिब्बे, चीनी, खोया आदि सामग्री वितरित की गई।

### लैंगिक समानता पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**काशीपुर।** चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. वन्दना सिंह के निर्देशन में एमए चतुर्थ सेमेस्टर समाजशास्त्र की छात्राओं द्वारा लैंगिक समानता शीर्षक पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में 13 छात्राओं में प्रतिभाग किया। जिकरा जुबैर एवं शिवानी ने लैंगिक समानता पर अपने विचार व्यक्त किये। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रहनुमा परवीन, द्वितीय स्थान सुन्दरा चौधरी एवं तृतीय स्थान प्रियंका ने प्राप्त किया। विजयी छात्राओं को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कीर्ति पन्त द्वारा पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मण्डल में डॉ. गीता मेहरा एवं डॉ. पुष्पा धामा ने महत्पपूर्ण भूमिका निभायी। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय की प्राचार्या ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. रंजना एवं कु. सृष्टि सिंह उपस्थित रही।

### व्यापार मंडल का सदस्यता अभियान

**नैनीताल।** आगामी व्यापार मंडल चुनाव को लेकर भवाली नगर में देवभूमि व्यापार मंडल द्वारा प्राथमिकता से सदस्यता अभियान चलाया गया। इस अभियान में नगर के 200 से अधिक व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए देवभूमि व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की। वर्तमान व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश पांडे ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों में नामांकन प्रक्रिया शुरू की जाएगी जिसके बाद चुनाव की तिथि की औपचारिक घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार निष्पक्ष एवं व्यापारी हितों को ध्यान में रखते हुए चुनाव कराया जाएगा। बाजार में चर्चा गर्म है कि इस बार चुनावी मुक. ाबला कड़ा होगा। देवभूमि व्यापार मंडल की सक्रियता से पुराने संगठनों में भी खलबली मच गई है। व्यापारियों में नेतृत्व को लेकर उम्मीदें बढ़ रही हैं। सदस्यता अभियान के दौरान चुनाव प्रभारी हरेंद्र सिंह बिष्ट, संतोष तिवारी, राकेश रावत, कैलाश भगत, कंचन सुयाल एवं हितेश साह मौजूद रहे।

### दो दिन बाद खुला अस्पताल, उमड़े मरीज

**बागेश्वर।** दो दिन की छुट्टी के बाद खुला जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ लगी। सुबह से लेकर दोपहर तक मरीजों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। दिन भर सभी चिकित्सक व्यस्त रहे। बता दें कि जिल अस्पताल में मंगलवार को एक बार फिर अस्पताल खुलते ही मरीजों की भीड़ जुट गई। जिसमें अधिकांश मरीज वायरल फीवर के पीड़ित रहे। जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सक प्रभारी सीएमएस डा. एम शर्मा ने बताया कि सुबह 11 बजे तक तक अस्पताल में करीब 250 से अधिक मरीज चिकित्सकों द्वारा देखे गए। उन्होंने बताया कि बदलते मौसम के साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ा है। अधिकांश मरीज वायरल फीवर की चेपट में है। उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने को कहा है।

### ट्रैकिंग रूट पर सुरक्षा को लेकर दिए सख्त निर्देश

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने मंगलवार को ग्लेशियर ट्रैकिंग रूटों पर पर्यटकों और ट्रेकरों की सुरक्षित आवाजाही और समुचित प्रबंधन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने ट्रेकरों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पंजीकरण व्यवस्था मजबूत करने, एसओपी तैयार करने और आपात स्थितियों से निपटने के लिए जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए। डीएम ने वन विभाग को चौकियों को अलर्ट मोड में रखने, पीडब्ल्यूडी को ट्रैक मार्गों पर संकेतक व सुविधाएं सुधारने, टूरिज्म डिपार्टमेंट को एसओपी तीन दिन में देने, तथा स्वास्थ्य विभाग को मेडिकल टीम तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना पंजीकरण कोई ट्रेकर ट्रैकिंग पर न जाए, इसके लिए सख्त निगरानी जरूरी है। ट्रैकिंग मार्गों पर 'क्या करें-क्या न करें' गाइड, सभी मौसम में टिकाऊ साइनेज और एनआईसी पोर्टल पर अपडेट जानकारी भी सुनिश्चित करने को कहा।

# रिजल्ट जारी होते ही खुशी से झूमे छात्र

## मेधावियों ने लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सीबीएसई हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड का मंगलवार को परीक्षाफल घोषित हो चुका है। इस बार हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा में अल्मोड़ा के बच्चों ने जिले में अपना परचम लहराया है। रिजल्ट ने विद्यार्थियों के चेहरे खिला दिए। जिले के सभी पब्लिक स्कूलों का रिजल्ट शानदार रहा। होनहारों ने इस बार भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंक हाशिल किए है। अचानक परीक्षाफल घोषित होने की सूचना मिलते ही सभी परीक्षार्थी अपने-अपने रिजल्ट जानने के लिए बेचैन हो गए। इस दौरान कई छात्रों ने स्कूल में तो कई ने मोबाइल में ही परीक्षाफल देखा। जैसे ही परिणाम घोषित हुआ तो



छात्र-छात्राएं अपनी सालभर की मेहनत का फल पाकर खुशी से झूम उठे। केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। प्राचार्य ने बताया कि दसवीं 44 और इंटर में 44 छात्र बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए। सभी उत्तीर्ण हुए। कक्षा दसवीं में नव्या बोरा ने 94.8 फीसदी और इंटर में पियूष बिष्ट 92.6 फीसदी के साथ अव्वल रहे। इंटर विज्ञान वर्ग में विद्यालय पर दूसरे स्थान पर रिया आर्या ने 91.6 के साथ दूसरे स्थान पर रही। जबकि हाईस्कूल में माक्षी पांडे 94.6 ीसदी अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। नगर स्थित होली एंजिल पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत फीसद रहा। इंटर में युवराज सिंह ने 93.20 फीसदी अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तन्मय कुमार 86.40 फीसदी के साथ दूसरे और सृष्टि भोज 86 फीसदी अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। वहीं, हाइस्कूल में पर्थ पांडे ने 98.20 फीसदी ने विद्यालय टॉप किया। जबकि अस्मि नेगी ने 96. 40 फीसदी के साथ दूसरे और खूशबू लटवाल ने 95.40 फीसदी अंको के साथ तीसरे स्थान पर रही। प्रधानाचार्य डा. मनोज चौधरी ने सभी छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में हाईस्कूल की स्नेहित पंत 98.8 फीसदी अंकों के साथ टॉप किया। जबकि इंटर में भूमिका भाकुनी 95.4 फीसद अंक हासिल किए। हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में मन्नत ने 96.3 फीसदी, सूर्या सिंह नेगी ने 94.2 फीसद अंक हासिल किए। इंटर में गौरव नेगी 93.2 फीसद अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। जबकि लक्षिता कांडपाल 92 फीसद अंकों के साथ तीसरा स्थान बनाया। विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य सुरिना चौधरी, प्रबंधक हर्षवर्धन चौधरी ने बधाई दी। नगर के स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल का हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का भी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इंटर में मानस सिंह वानी ने 95.8 फीसद अंकों के साथ प्रथम, अंवतिका पवार ने 95.6 फीसद के साथ द्वितीय और प्रज्ञा बिष्ट ने 94.4 फीसद अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या ज्योत्सना सोहन लाल ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बियरशिवा स्कूल के छात्रों का बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन रहा। हाइस्कूल परीक्षा परिणाम में इस बार भूमिका कांडपाल ने 97 फीसदी अंकों के साथ विद्यालय टॉप किया। जबकि नीमीस जोशी ने 96.2 और अक्षरा बिष्ट ने 94 फीसदी अंक हासिल किए। वहीं, इंटर में दीव्याशु रावत 97 फीसदी अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहे। अक्षिता कनवाल 91 फीसदी और दीव्यु कापड़ी 90 फीसदी अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

## देवाटाना गांव के ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जल जीवन मिशन योजना के तहत पेयजल आपूर्ति की मांग को लेकर देवाटाना गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि तल्ली नाली ग्राम को पानी उपलब्ध कराने के लिए देवाटाना तोक में निवासरत अनुसूचित जाति के परिवारों के लिए 1982 में बनी योजना को ध्वस्त कर दिया गया। बताया कि इस पेयजल योजना को बिना नुकसान पहुंचाए भी तल्ली नाली के ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराया जा सकता था। पेयजल चैंबर से नीचे लगभग 2-3 इंच पानी बह रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से जल जीवन मिशन योजना की जांच कराने तथा देवाटाना को पूर्व की भांति पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है। यहां हरीराम टम्टा, सचिन कुमार टम्टा, उपपा के केंद्रीय महासचिव नारायण राम आदि मौजूद रहे।

## नेशनल गेम्स में हिस्सा लेंगे कालाढूंगी के दीपक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** कालाढूंगी निवासी दीपक नेगी एक बार फिर नेशनल गेम्स में हिस्सा लेंगे। 17 से 30 मई तक ताइवान में होने वाले वर्ल्ड मास्टर गेम्स में 150 से ज्यादा देशों के 20 हजार खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। जिसमें दीपक नेगी भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे। दीपक नेगी ट्रिपल जंप और 110 मीटर हर्डल रेस में खेलेंगे। इससे पूर्व में भी दीपक नेगी जापान, इटली, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया आदि में इंटरनेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कई गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। फिलहाल वे फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल में मैनेजर अकाउंट के तौर पर काम कर रहे हैं। दीपक दिल्ली में सीडब्लूजी कॉम्प्लेक्स और नेहरू स्टेडियम में प्रैक्टिस कर रहे हैं।कोच राजेंद्र सिंह नेगी ने बताया ताइवान में



होने वाले वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए दीपक नेगी 15 मई को यहां से रवाना होंगे 17 से 30मई में तक होने वाले प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगे। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा, पूर्व अध्यक्ष पुष्कर कत्यूरा, स्पोर्ट्स समिति के महासचिव गोविंद पांडे, कोच राजेंद्र सिंह नेगी, मनमोहन बसेड़ा, शाकिर हुसैन, मेहमूद हसन बंजारा, शहजाद हुसैन आदि खेल प्रेमी जनता ने वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सड़क नेटवर्क मोदी सरकार की प्राथमिकता: टम्टा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक मंगलवार को विकास भवन सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने की। बैठक में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि सरकार की यह ऐतिहासिक योजना आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए और लाभार्थियों को योजना का पूर्ण लाभ मिले। साथ ही एम्पेनल्ड अस्पतालों से संबंधित



शिकायतों का त्वरित निस्तारण हो तथा जिले के अधिक से अधिक अस्पतालों को योजना से जोड़ा जाए। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान सांसद ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से झलकती है। विद्यालयों की अवस्थिति सुधारने, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने तथा बेहतर परिणाम देने वाले छात्रों को सम्मानित करने पर बल दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा खनन न्यास निधि से विद्यालयों में शिक्षा स्वयंसेवकों की नियुक्ति के सकारात्मक परिणामों की जानकारी दी गई, जिसकी बैठक में सराहना की गई। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत जनपद में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय राजमार्गों की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि बेहतर सड़क नेटवर्क मोदी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने सड़क किनारे पार्किंग व्यवस्था और दुर्घटनास्थलों की पहचान कर सुधार के निर्देश दिए। शहरी विकास योजनाओं के तहत दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने, नालों के निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जल जीवन मिशन एवं हर घर जल योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई, जो सरकार की 'हर घर तक मूलभूत सुविधाएं' पहुंचाने की संकल्पबद्धता को दर्शाती हैं। इस अवसर पर विधायक डा. प्रमोद नैलवाल, मेयर अजय वर्मा, डीएम आलोक कुमार पांडेय, सीडीओ दिवेश शासनी, डीएफओ दीपक सिंह, सीएमओ डा. आरसी पंत, डीडीओ एसके पंत, डीएसडब्ल्यूओ आराधना त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## महिला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** भतरौंजखान पुलिस ने ज्वेलरी चोरी गैंग की ईनामी महिला सरगना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी महिला को मुरादाबाद से दबोचा। आरोपी महिला बीते डेढ़ साल से फरार चल रही थी। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार वर्ष 2023 में थाने में राजेश चौधरी ने तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि उसकी दुकान में चार महिलाएं आई थी। महिलाओं ने सोने का लॉकेट खरीदा। बाद में ज्वेलरी का मिलान किया गया तो सोने का एक लॉकेट, एक कान का टाप सहित अन्य ज्वेलरी गायब मिली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी महिलाओं की तलाश शुरू कर दी। मामले में दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, सरगना ममता पत्नी धर्मेन्द्र निवासी ग्राम रूंध इकराम थाना चिकसाना भरतपुर, राजस्थान फरार थी।

## डीएम से खनन शुरू कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** अल्मोड़ा मैग्नेसाइड वर्कर यूनियन विधायक पार्वती दास के नेतृत्व में जिलाधिकारी आशीष भटगाई से मिले। विधायक व जिला. धिकारी को अपनी समस्या बताते हुए कर्मचारियों ने खनन कार्य शुरू करवाने की मांग की गई। मंगलवार को अल्मोड़ा मैग्नेसाइड फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों ने जिला कलेक्ट्रेट में डीएम से मुलाकात की। उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर डीएम को पत्र सौंपा।

वक्ताओं ने कहा कि उनके क्षेत्र में 1972 से फैक्ट्री का काम शुरू किया गया था। तब से आज तक कई स्थानीय लोग बतौर कर्मचारी केरूप में अपनी सेवा दे चुके है। वर्तमान में यहां 500 से अधिक कर्मचारी प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए है। उन सभी के



परिवार का भरण पोषण वहीं से होता है।

लेकिन अब हाईकोट के निर्देशन में फैक्ट्री को सील किया गया है। जिसके चलते स्थानीय लोगों के ऊपर रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी बच्चों के स्कूल की फीस तक नहीं भर पा रहे है। ऐसे में अब ग्रामीण गांव से पलायन करने की सोच रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि एक ओर सरकार पलायन नीति पर काम कर रही है। वही दूसरी ओर उनके रोजी रोटी पर इस प्रकार कुठाराघात पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने शीघ्र फैक्ट्री को खोलने की मांग की गई। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष चंदन सिंह, सचिव दिनेश सिंह, गायत्री प्रसाद, हर्षित सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रकाश चंद्र, बलवंत सिंह, जीवन सिंह, चंदन सिंह, अनिल सिंह, भूपाल, दिनेश आदि मौजूद थे।

## मारपीट, जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** रंजिश के चलते एक अधिवक्ता के ऑफिस के बाहर खोखा व ठेला लगाने वाले दो युवकों ने उनसे अभ्रदता करते हुए उनके भतीजे व धेवते के साथ मारपीट करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी है। कोतवाली में दी तहरीर में चामुण्डा तिराहा निकट स्टेडियम निवासी एडवोके रामचन्द्र सैनी पुत्र स्व. श्यामलाल ने बताया कि उनका रामनगर रोड स्थित विधि व्यवसाय का कार्यालय है। कार्यालय के अगले हिस्से में उनके भतीजे सोनू पुत्र नत्थू सिंह की जूस की दुकान है। कार्यालय के पड़ोस में कमल पुत्र रामसरन निवासी शिवनगर निकट रेलवे लाईन का बीड़ी सिगरेट का खोखा है और उसके आगे चाउमीन मोमो आदि का रवि कश्यप ठेला लगाता है। उक्त लोग उनसे व भतीजे सोनू से रंजिश रखते हैं तथा पूर्व में भी इनकी शिकायतें प्रशासन को की थी। बीती 7 मई की रात्रि करीब 9 बजे उनके भाई के धेवते राहुल पुत्र श्यामसुंदर को कमल व रवि गालियां दे रहे थे तब उन्होंने व उनके भतीजे सोनू द्वारा उपरोक्त दोनों को गाली देने से मना किया तो यह लोग आग बबूला हो गये और दोनों ने उन्हें व उनके भतीजे सोनू व घेवते राहुल को गालियां देते हुए सोनू व राहुल के साथ हाथापाई शुरू कर दी तथा रवि ने ईंट से सोनू के सिर पर वार कर दिया जिससे सोनू लहुलुहान होकर मौके पर ही बेहोश हो गया। इस दौरान जब उनके द्वारा बीच-बचाव कराया गया तो उपरोक्त लोगों ने उन्हें व राहुल को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कमल व रवि कश्यम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

## फायर करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** बस और साथ चल रहे ट्रेवल एजेंसी संचालक की कार पर फायर झोंकने के दो आरोपियों को पुलिस ने हापुड़ से गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से दो तमंचे भी बरामद किए हैं। विदित हो कि 23 मार्च को बुलंदशहर के पसौली थाना औरंगाबाद निवासी शीलू उर्फ शैलेंद्र पुत्र हरवीर सिंह चौधरी ने कुंडा थाने में तहरीर दी।

कहा कि उसकी चौधरी बस सर्विस की बसें देहरादून से लखीमपुर खीरी सवारियां लेकर आती जाती हैं। 22 मार्च की शाम एजेंसी की बस देहरादून से लखीमपुर को निकली थी। बस के साथ वह और उसके साथी बोलेरो से चल रहे थे। देर रात 12 से 1 बजे के बीच बस और उनकी कार केवीआर अस्पताल से आगे हाईवे पर पहुंची। पीछा कर रही



स्कार्पियो में सवार तीन लोगों के साथ बैठे यूपी के गढ़ मुक्तेश्वर निवासी सलमान पुत्र इरशाद और उसके साथी ने मारने की नीयत से उन पर फायर किया। जान बचाने को उन्होंने बोलेरो को भगाया। आगे जाने पर स्कार्पियों के न दिखने पर वह लौटे तो स्कार्पियो सर्विस रोड पर पलटी मिली और सवार फरार थे। आरोपियों ने बस में तोड़फोड़ कर फायरिंग की थी। सोमवार सुबह सामिया कालोनी हापुड़ से गढ़मुक्तेश्वर निवासी सलमान पुत्र इरशाद और फैसल पुत्र मोहम्मद असलम निवासी शिवदयाल कालोनी हापुड़ को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से दो तमंचे 315 बोर के मिले। टीम में थाना प्रभारी हरेंद्र चौधरी, एसआई अर्जुन सिंह, एसआई सुरेंद्र सिंह, एसआई जगदीश तिवारी, कांस्टेबल योगेश चौधरी, राजकुमार, धर्मेंद्र भारती आदि रहे।

## कटखने बंदरों का आतंक

**बागेश्वर।** जिले में जंगली जानवरों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। एक दिन पूर्व एक ग्रामीण पर जंगली सुअर ने जानलेवा हमला किया था। जिसमें उनकी बाल बाल जन बची थी। वहीं मंगलवार को जिला मुख्यालय के चौरासी निवासी 8 वर्षीय देविका असवाल पर कटखने बंदरों ने हमला कर दिया। जिसमें छात्रा बुरी तरह घायल हो गई। परिजन तत्काल उसे जिला अस्पताल लाए। जहां चिकित्सकों ने रेबीज का इंजेक्शन दिया। घायल के परिजनों ने बताया कि देविका अपने भाई के साथ स्कूल जा रही थी। तभी बंदरो के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। भाई ने जैसे तैसे अपनी बहन को बचाने की कोशिश की गई। लेकिन उसके बावजूद बंदरों ने उसे काट दिया। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से बंदरों को पकड़ने की मांग की है।

## शत प्रतिशत रहा समर स्टडी और शिवालिक के विद्यार्थियों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सीबीएसई दिल्ली द्वारा घोषित किये गये इण्टरमीडिएट के परीक्षफल में समर स्टडी हॉल सीनियर सेकेंण्डरी स्कूल कुण्डेश्वरी काशीपुर का परीक्षफल शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के 10 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय में आयुष चौहान विज्ञान संकाय ने सर्वाधिक 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सभी संकायों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय इकनूर कौर ने 95.2 प्रतिशत एवं अशमीत कौर सग्गू ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।




इनके अतिरिक्त कला संकाय की मानसी ने 92.2, विज्ञान संकाय के चयेश रावत ने 92, रीत छाबड़ा ने 92, शिवेन गोयल ने 90.6, दीपक यादव ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त 11 छात्रों द्वारा कला विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किये। विद्यालय की अध्यक्षा मुक्ता सिंह द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को स्कूल मैनेजमेंट एवं अध्यापकों की ओर से बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य अनुज भाटिया ने भी सभी छात्र-छात्राओं को बधाई संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल सचिव अनुराग कुमार सिंह, मनु अग्रवाल, राजेन्द्र फर्तियाल, नेहा पंत निशा शर्मा आदि थे। **काशीपुर।** सीबीएसई हाई स्कूल बोर्ड एवं इण्टरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें शिवालिक होली माउण्ट एकेडमी का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कबीन्द्र सिंह डसीला ने बच्चों को शुभकामनाऐं दी एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबन्ध निद. ेशक बसन्त बल्लभ भट्ट ने सभी शिक्षकों एवं छात्रों को बधाई दी है।

## 'सी.टी. संकलन' और 'विवृद्धि 2025' प्रदर्शनी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में 'सीटी संकलन 2025' और 'विवृद्धि 2025' शीर्षक से दो प्रदर्शनी आयोजित की गई। उद्घाटन कुलपति डा. मनमोहन सिंह ने किया। सीटी




संकलन में परिधान एवं वस्त्र विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने कपड़ों, बैग्स और होम डेकोर से जुड़े उत्पाद प्रस्तुत किए। (विवृद्धि 2025) में प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग द्वारा प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सामग्री जैसे पोस्टर, ब्रोशर, वीडियो व रेडियो कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। छात्रों के कार्यों की सराहना करते हुए कुल. पति ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन डा. अनुपमा पांडे, डा. पूजा टम्टा, डा. अनीता रानी व डा. साक्षी के निर्देशन में हुआ। अधिष्ठात्री डा. अल्का गोयल ने आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाई।

## प्रशासन से समझौते के बाद अनशन समाप्त

### सूपाकोट के प्राचीन नौले की मरम्मत और गधेरे की निकासी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सोमेश्वर।** देवीय आपदा से क्षतिग्रस्त ग्राम सूपाकोट के प्राचीन नौले की मरम्मत और गधेरे की निकासी कार्य में हीलाहवाली के विरोध में मंगलवार को 78 वर्षीय आनन्दी पाण्डे ने नौले के बाहर क्रमिक अनशन शुरू कर दिया। यह अनशन सुबह 11 बजे शुरू हुआ, जो दोपहर बाद प्रशासन से सफल वार्ता और लिखित आश्वासन के बाद समाप्त हुआ। दो घंटे चली वार्ता, मिला 15 जून तक कार्य शुरू



करने का आश्वासन अनशन की सूचना मिलने पर खंड विकास अधिकारी के निर्देश पर पंचायतीराज और ग्राम्य विकास विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे तक चली वार्ता में अधिकारियों और आपदा प्रभावित ग्रामीणों के बीच समझौता हुआ कि 15 जून 2025 तक नौले की मरम्मत और गधेरे की निक. ासी का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद अपराह्न 2.30 बजे आनन्दी पाण्डे को जूस पिलाकर उनका अनशन समाप्त कराया गया। इस आश्वासन से संतुष्ट ग्रामीणों ने नौले में सुंदरकांड पाठ शुरू कर धन्यवाद प्रकट किया। गौरतलब है कि 8 मई 2023 को क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि के चलते लक्ष्मीपुर स्थित प्राचीन नौला जमींदोज हो गया था। साथ ही गधेरे की निकासी का मार्ग क्षतिग्रस्त होने से पानी आसपास के घरों में घुस गया था, जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। नौले की मरम्मत पंचायत राज विभाग द्वारा 15वें वित्त टाइड मद से, जिलाधिकारी की अनुमोदन के बाद कराई जाएगी। गांव के सेवानिवृत्त सहायक ऑडिट अधिक. ारी रमेश चंद्र पाण्डे ने ऐलान किया कि 15 जून तक कार्य शुरू न होने की स्थिति में आंदोलन फिर से शुरू किया जाएगा। प्रशासनिक पक्ष से एडीओ पंचायत गोपाल राम, एडीओ समाज कल्याण रविंद्र कोहली, वीपीडीओ गौरव पांडे, नरेंद्र बोरा, वीडीओ मोहन राम, अमित खड़ाई और ग्रामीणों की ओर सेरू रमेश चंद्र पांडे, धीरज पांडे, मोहित पाठक, देवेंद्र उप्रेती, दीप पांडे, चित्र पांडे, रवि कुमार उपस्थिति रहे। इस मौके पर चंद्रा पांडे, सरोज पांडे, चंपा पाठक, दीपा पांडे, देवेंद्र पांडे, दीवान राम, शंकर राम, रवि कुमार आदि ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मण्डलाध्यक्ष का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** रोटरी क्लब ऑफ काशीपुर कॉर्बेट में मण्डलाध्यक्ष का स्वागत किया गया। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3110 के मण्डलाध्यक्ष नीरव निमेष



अग्रवाल ने होटल कुमाऊँ प्लाजा में आयोजित कार्यक्रम में रोटरी सदस्यों एवं अतिथियों के साथ अपने विचार साझा किये, साथ ही रोटरी की नीतियों एवं परियोजनाओं के विषय में बताया। इस अवसर पर रोटरी कॉर्बेट के भावी अध्यक्ष डॉ. रवि सहोता द्वारा कई विषयों पर बहुमूल्य परिचर्चा की गई। क्लब ने इस मौके पर वरिष्ठ सदस्य कैलाश सहगल के पुत्र मनीष सहगल को सम्मानित किया, क्लब अध्यक्षा डा. सुरुचि सक्सेना ने क्लब की गतिविधियों के विषय में बताया, स्वागत भाषण में वरिष्ठ सदस्य अनिल घई ने विश्वभर में क्लब की भागीदारी के विषय में बताया, क्लब सचिव डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन कोषाध्यक्ष राजीव घई द्वारा किया गया। इस अवसर पर राघव कपूर, सुशील गुड़िया, चक्रेश जैन, कैलाश सहगल, आशीष बधवार, राजीव खरबन्दा, विजयेन्द्र चौधरी, डॉ. योगराज सिंह, अर्जुन ढिल्लन, नितिन सिंघल, अरुण मेहरोत्रा, महेन्द्र लोहिया, निशित गुड़िया, पूनम बाठला, डा. नवप्रीत कौर सहोता, मीनल बधवार, कौशलेश गुप्ता उपस्थित थे।

# सीबीएसई: लड़कियों ने मारी बाज़ी

## इंटर में आर्डन स्कूल की आस्था पंत और डीएवी की तेजस्विनी ने किया नगर टॉप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार को लंबे इंतजार के बाद सीबीएसई के 10वीं और 12वीं के नतीजे घोषित हो गए हैं और इस बार लड़कियों ने बाजी मारी है। 12वीं की बोर्ड परीक्षा में आर्डन पब्लिक स्कूल की आस्था पंत और डीएवी स्कूल की तेजश्विनी चुफाल

### ■ सेंट थेरेसा स्कूल के पियूष दुम्का हाईस्कूल में प्रथम

ने 99.4 प्रतिशत अंकों के साथ शहर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं हाईस्कूल में सेंट थेरेसा के पीयूष दुम्का ने 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान हासिल किया। मंगलवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई के दसवीं और बार. हवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों को घोषित कर दिए है। बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित होते ही सफल परीक्षार्थियों तथा उनके अभिभावकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सुबह से ही इन परीक्षार्थियों में परिणाम जानने के लिए बेहद उत्सुकता थी। 12वीं की बोर्ड परीक्षा में आर्डन पब्लिक स्कूल की आस्था पंत और डीएवी स्कूल की तेजस्विनी चुफाल ने 99.4 प्रतिशत अंकों के साथ शहर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बीरशिवा स्कूल के रोहित उपाध्याय व आर्डन स्कूल की इशिता कन्याल 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शहर में दूसरे स्थान पर रहे। जबकि इंस्पिरेशन स्कूल के वैभव रावत, सेंट थेरेसा के तरुण जोशी, सेंट लॉरेंस की नेहा पंडित और सरस्वती अकादमी की सृष्टि भंडारी ने 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा अलावा यूनिवर्सल के दिवस पाठक, केवीएम की ईशा जोहरी, ऑरम के वंश चपराना, डीपीएस के पृथ्वी सिंह कन्याल, बिरला की परिधि श्रीवास्तव ने 98.2 प्रतिशत, डॉन बोस्को के तेजस मठपाल और बिरला की आरना बिष्ट ने 98 प्रतिशत, एवरग्रीन की साक्षी ने 97.6 प्रतिशत, केवीएम के कैलाश फुलारा व ऑरम की भवलीन नागपाल ने 97.




आस्था पंत (99.4) तेजस्विनी चुफाल (99.4)

2 प्रतिशत, यूनिवर्सल की मनस्वी पांडेय, केवीएम की तनीषा



बगड्वाल, आर्डन पब्लिक स्कूल के मानस पलड़िया, जिम कॉर्बेट के विवेक पांडेय व दून पब्लिक स्कूल के नितिन बेलवाल ने 97 प्रतिशत, सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल की



12 की छात्रा मानशी भट्ट ने 96 प्रतिशत, दिव्यंजलि पांडे 94 प्रतिशत, तंवी पंत 93 प्रतिशत, वहीं दसवीं में जया मेहता 96.6 प्रतिशत, कार्तिक जोशी 96.2 प्रतिशत व आर्यन सिंह धपोला 95.4 प्रतिशत अंक अर्जित किये। **वहीं,** सीबीएसई के 10वीं बोर्ड परीक्षा में सेंट थेरेसा स्कूल के पीयूष दुम्का 99.4 प्रतिशत अंकों के साथ शहर में पहले स्थान पर रहे। वहीं बिरला की अनुश्री परिहार, इंस्पिरेशन की सौम्या उपाध्याय व बिरला के सार्थक लोहनी 99.2 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे और निमोनिक की हर्षिता पाठक व बिरला के अंशुमान श्रीवास्तव 99 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं बिरला की प्रांजल पांडेय, निर्मला कान्वेंट की उज्ज्वला बिष्ट, दून कान्वेंट के शिवम दानी व निर्मला कान्वेंट के सुयश ढौंडियाल ने 98.4 प्रतिशत, व्हाइटहॉल के सुयश पंत, सेंट लॉरेंस की हर्षिता पनेरु व पीयूष जोशी, इंस्पिरेशन की तनुप्रिया पांडेय ने 98.2 प्रतिशत, इंस्पिरेशन के उत्कर्ष पांडेय, ग्रीनवुड ग्लोबल के रोशन, इंदिरा अकादमी के जयवर्धन पांडेय, सेंट लॉरेंस की प्राची बिष्ट, निर्मला कान्वेंट की शैव्या तेजवानी, यूनिवर्सल की हदिषा, बीरशिवा की कामाक्षी तिवारी, गुरुकुल की खुशबू और निमोनिक की नेहा बिष्ट ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

**हाईस्कूल**
**नाम-स्कूल-प्रतिशत**

पीयूष दुम्का-सेंट थेरेसा-99.4
अनुश्री परिहार-बिरला-99.2
सौम्या उपाध्याय-इंस्पिरेशन-99.2
सार्थक लोहनी-बिरला-99.2
हर्षिता पाठक-निमोनिक-99
अंशुमान श्रीवास्तव-बिरला-99
प्रांजल पांडेय-बिरला-98.8
उज्ज्वला बिष्ट-निर्मला कान्वेंट-98.4
शिवम दानी-दून कान्वेंट-98.4
सुयश ढौंडियाल-निर्मला कॉन्वेंट-98.4
सुयश पंत-व्हाइटहॉल-98.2
हर्षिता पनेरु-सेंट लॉरेंस-98.2
पीयूष जोशी-सेंट लॉरेंस-98.2
तनुप्रिया पांडेय-इंस्पिरेशन-98.2
उत्कर्ष पांडेय-इंस्पिरेशन-98
रोशन-ग्रीनवुड ग्लोबल-98
जयवर्धन पांडेय-इंदिरा अकादमी-98
प्राची बिष्ट-सेंट लॉरेंस-98
शैव्या तेजवानी-निर्मला कान्वेंट-98
हदिशा-यूनिवर्सल-98
कामाक्षी तिवारी-बीरशिवा-98
खुशबू-गुरुकुल-98
नेहा बिष्ट-निमोनिक-98

**इंटर**
**नाम - स्कूल - प्रतिशत**

आस्था पंत-आर्डन स्कूल-99.4
तेजश्विनी चुफाल-डीएवी-99.4
इशिता कन्याल-आर्डन स्कूल-99.2
रोहित उपाध्याय-बीरशिवा-99.2
वैभव रावत-इंस्पिरेशन-98.4
तरुण जोशी-सेंट थेरेसा-98.4
नेहा पंडित-सेंट लॉरेंस-98.4
सृष्टि भंडारी-सरस्वती अकादमी-98.4
दिवस पाठक-यूनिवर्सल-98.2
ईशा जोहरी-केवीएम-98.2
वंश चपराना-ऑरम-98.2
पृथ्वी सिंह कन्याल-डीपीएस-98.2
परिधि श्रीवास्तव-बिरला-98.2
तेजस मठपाल-डॉन बोस्को-98
आरना बिष्ट-बिरला-98
साक्षी-एवरग्रीन-97.6
कैलाश फुलारा-केवीएम-97.2
भवलीन नागपाल-ऑरम-97.2

## हुज़ैफ ने हाईस्कूल में हासिल किए 94.6 फीसदी अंक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएयई) के हाइस्कूल



परीक्षा परिणाम में औरम स्कूल, हल्द्वानी के छात्र मोहम्मद हुज़ैफ सिद्दीकी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। हुज़ैफ की इस सफलता पर विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों और परिजनों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। छात्र की इस उपलब्धि को क्षेत्र में भी सराहा जा रहा है। उनकी इस सफलता पर कहा गया कि यह मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। परिवार ने हुज़ैफ की कामयाबी पर खुशी जाहिर करते हुए सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया है।

## ज़ैनब ने 12वीं में 93.83 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणाम में हल्द्वानी की ज़ैनब ने शानदार



प्रदर्शन करते हुए 93.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वह बियरशिबा सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा हैं और कक्षा 12 (जी) में अध्ययनरत थीं। ज़ैनब लाइन नंबर 15, आज़ाद नगर, हल्द्वानी की निवासी हैं। उनके पिता मरहूम हाजी मोहम्मद नईम और माता अज़ीज़ जहां हैं। ज़ैनब की इस उपलब्धि से परिवार ही नहीं, पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। ज़ैनब ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता की दुआओं, शिक्षकों के मार्गदर्शन और कठिन परिश्रम को दिया है। उनकी इस सफलता पर स्कूल प्रबंधन और मोहल्ले के लोगों ने भी उन्हें बधाइयां दी हैं।

# 12वीं में फेल छात्रा का हुआ अपहरण

### ■ एसटीएच में छोड़कर फरार हुआ अपहर्ता, युवक पर दर्ज हुआ अपहरण का मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थानाक्षेत्र में एक 18 वर्षीय छात्रा के अपहरण का मामला सामने आया है। परीक्षा में फेल होने से मानसिक तनाव में आई छात्रा को उसी के जानकार युवक ने बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया। आरोपी उसे शहर से बाहर नहीं ले जा सका और देर रात सुशीला तिवारी अस्पताल के बाहर छोड़कर फरार हो गया। रातभर बदहवास घूमने के बाद उसने सुबह परिजनों को फोन कर बुलाया। मामले में पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर के आधार आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जवाहरनगर बनभूलपुरा निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी 18 वर्षीय बेटी 12वीं की छात्रा थी और हाल में आए नतीजों में वह फेल हो गई थी। तभी से वह परेशान चल रही थी। बीती 11 मई को वह अचानक घर से गायब हो गई। काफी वक्त गुजर जाने के बाद भी जब वह नहीं लौटी तो परिजनों ने तलाश शुरू की और फिर उसका पता नहीं लगा तो पुलिस के पास पहुंचे। बीते 12 मई को गायब बेटी ने अचानक घरवालों को फोन करके बताया कि वह सुशीला तिवारी अस्पताल के बाहर है। आनन-फानन में परिजन वहां पहुंचे और उसे सुरक्षित घर ले आए। घर लाने पर छात्रा ने परिजनों को बताया कि वह पूरी रात बदहवास हालत में एसटीएच में घूमती रही। पूछताछ में उसने बताया कि बीते 11 मई को जवाहरनगर में रहने वाला शाहवेज उर्फ चांद बरगला कर ले गया था और उसी रात एसटीएच के बाहर छोड़कर फरार हो गया था। परिजनों ने बताया कि फेल होने से बेटी तनाव में थी और इसी का फायदा उठाते हुए शाहवेज उसे लेकर फरार हो गया था। इधर बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर शाहवेज के खिलाफ अपहरण और बंधक बनाकर रखने का मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## तुषार अपहरण कांड- आरोपियों के करीबियों को लिया हिरासत में

**हल्द्वानी।** तल्ली बमौरी निवासी तुषार लोहनी के अपहरण के मामले में पुलिस ने आरोपियों के करीबी कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। लेकिन पुलिस की गिरफ्त से अभी भी मुख्य आरोपी कोसो दूर है। जिनकी तलाश के लिए पुलिस लगातार दबिशें दे रही है। बता दें कि बीते 6 मई की सुबह करीब साढ़े दस बजे तुषार का ईएनटी हॉस्पिटल के पास से कुछ कार सवार लोगों ने अपहरण किया और यूपी नंबर की कार संख्या यूपी96जे-4013 में सवार कपिल तिवारी बांदा निवासी और उसके ममेरे भाई आलोक रंजन तिवारी समेत पांच लोगों ने उसे अगवा कर बांदा ले जाकर मारापीटा और अधमरा कर सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गए। जिसके बाद तुषार सड़क किनारे गंभीर हालत में मिला। जिसका उपचार बेस अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित के पिता गिरीश चन्द्र लोहनी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी लेकिन आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से फरार है। वहीं पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के कुछ करीबियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस का दावा है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें दबिश दे रही है और जल्द ही फरार मुख्यआरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# लंबित मांगों के समाधान की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लंबित मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों ने एसडीएम राहुल साह के माध्यम से मुख्यमंत्री

### ■ सफाई कर्मचारियों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

को संबोधित एक ज्ञापन भेजा। मंगलवार को सफाई कर्मचारी कर्मचारी सेवक अतिम कुमार के नेतृत्व में एकत्र हुए और लंबित मांगों को लेकर एसडीएम कोर्ट पहुंचे और प्रदर्शन किया। जिसके बाद कर्मचारियों ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि



आंदोलन के बावजूद सरकार और सफाई कर्मचारी संगठनों ने उनकी समस्याओं की ओर कोई ठोस ध्यान नहीं दिया है।

उन्होंने कहा कि यूनियनों का प्रदेश नेतृत्व निष्क्रिय है और केवल चुनावों के समय ही सक्रिय होता है। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि यदि संगठन उनकी समस्याओं को लेकर आगे नहीं आए तो वे स्वयं आंदोलन के लिए तैयार हैं। अमित कुमार ने कहा कि ठेका प्रथा समाज के लिए एक अभिशाप बन चुकी है, जिसे तुरंत समाप्त किया जाना चाहिए। साथ ही सभी कार्यरत सफाई कर्मियों को संविदा पर समायोजित किया जाए। उन्होंने यह भी मांग रखी कि संविदा, आउटसोर्स, उपनल, और मोहल्ला स्वच्छता समिति के कर्मचारियों को नियमित किया जाए। ज्ञापन में अन्य प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली, मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को नियुक्ति, वन टाइम सेटलमेंट की व्यवस्था को समाप्त करना, और सफाई कर्मचारियों का पदोन्नति कर पर्यावरण पर्यवेक्षक पद पर नियुक्ति जैसी मांग शामिल है। ज्ञापन व प्रदर्शन करने वालो में विजय पाल, विश्वास, ललित बाल्मीकि, बाल्मीकि समाज के सरपंच राजेश बाल्मीकि, कैलाश, राजेश, बाबू, अर्जुन, सचिन, विरेन्द्र, रोहित मसीह, सुनील चौधरी, बंटी, लक्की, रोनक, अतुल सहित दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।

## कुविवि की परीक्षाएं शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की स्नातक और स्नातकोत्तर की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं मंगलवार से शांतिपूर्ण शुरू हो गई हैं। विवि के परीक्षा केंद्र डीएसबी परिसर में पंजीकृत 640 छात्र-छात्राओं में से पहले दिन 638 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। बता दें कि मंगलवार को डीएसबी परिसर में स्नातक के दूसरे व चौथे और छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित की गईं। परीक्षाएं दो पाली में कराई गईं। पहली पाली में 469 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी। पहली पाली के परीक्षा प्रभारी डा. संतोष कुमार ने बताया कि पहली पाली में पंजीकृत सभी छात्र उपस्थित रहे। दूसरी पाली के परीक्षा प्रभारी डा. मनोज कुमार ने बताया कि दूसरी पाली में 171 छात्र.छात्राएं पंजीकृत थे जिसमें से दो छात्र अनुपस्थित रहे।

# खनन से सरकार की भरी झोली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड खनन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1047

### ■ इस साल 1047 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया

करोड़ रुपये का रिकॉर्ड राजस्व अर्जित कर राज्य के इतिहास में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह आंकड़ा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 875 करोड़ रुपये के वार्षिक लक्ष्य से कहीं अधिक है। विभाग की इस अभूतपूर्व उपलब्धि का श्रेय प्रभावी नीति, पारदर्शिता और सख्त निगरानी व्यवस्था को दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व और खनन निदेशक राजपाल लेघा की सक्रिय भूमिका के चलते यह सफलता संभव हो सकी है। श्री लेघा ने 1 जुलाई 2024 को खनन निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया था। इससे पहले वे मई 2024 से प्रभारी निदेशक के रूप में कार्यरत थे। पदभार संभालने के बाद से उन्होंने विभाग में पारदर्शिता, प्रक्रिया सरल. ीकरण और निगरानी व्यवस्था को प्राथमिकता दी। खनन कार्यों को अधिक पारदर्शी और ईमानदार बनाने के लिए विभाग ने ई-निविदा और ई-नीलामी प्रणाली को अपनाया। इसके अंतर्गत अब तक 159 उपखनिज पट्टे और 2 सिलिका सैंड पट्टे सफलतापूर्वक आवंटित किए जा चुके हैं। अवैध खनन की रोकथाम के लिए विभाग ने 45 माइन चेक पोस्टों पर आरएफआईडी रीडर, नाइट विजन कैमरे और अन्य निगरानी उपकरण लगाए हैं। इसके साथ ही जिला स्तर पर विशेष निगरानी इकाइयों को भी सक्रिय किया गया है। पिछले पांच वर्षों में विभाग ने अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 74.22 करोड़ रुपये की वसूली की है। खनन निदेशक राजपाल लेघा ने स्पष्ट किया कि विभाग का लक्ष्य केवल राजस्व अर्जन नहीं, बल्कि खनन कार्यों को वैज्ञानिक, पारदर्शी और पर्यावरण-संवेदनशील बनाना है। उन्होंने कहा कि ईमानदार व्यापारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती रहेगी।

# गुरू के अतिचारी होने से दुनिया भर में रहेगी उथल-पुथल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ग्रहों के गुरू बृहस्पति इस वर्ष एक विशेष खगोलीय स्थिति अतिचार में प्रवेश कर रहे हैं, जिससे न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया पर गहरा प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है। ज्योतिषाचार्य अशोक वार्ष्णेय के अनुसार बृहस्पति 14 मई की रात्रि 10:36 बजे वृषभ राशि से निकलकर मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। यह गोचर सामान्य न होकर अतिचारी अवस्था में होगा, जिसके परिणामस्वरूप आने वाले महीनों में कई बड़ी घटनाएं घटित हो सकती हैं। वार्ष्णेय ने बताया कि यह ग्रह स्थिति बहुत असामान्य है क्योंकि बृहस्पति सामान्यत: एक राशि में बारह से तेरह महीने तक रहते हैं, लेकिन इस बार वे मिथुन में कुछ समय रहकर 18 अक्टूबर की शाम 7:47 बजे कर्क राशि में प्रवेश करेंगे और 5 दिसंबर को पुन: मिथुन राशि में लौट आएंगे। यह अतिचारी चरण 15 मार्च 2033 तक जारी रहेगा, जो विश्व स्तर पर अकल्पनीय घटनाओं की संभावनाएं उत्पन्न कर रहा है। अशोक वार्ष्णेय के अनुसार, बृहस्पति की अतिचारी अवस्था का प्रभाव व्यापक होगा। इसके चलते विश्व भर में राजनीतिक तनाव, सीमाओं पर युद्ध की आशंका, देशों के बीच वर्चस्व की लड़ाई, प्राकृतिक आपदाएं और असंतोष जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। विशेष रूप से भारत-पाक संबंधों में बड़ा बदलाव देखा जा सकता है। 15 मार्च से 11 जून के बीच 'खप्पर योग' बनने के कारण दोनों देशों के बीच युद्ध की स्थिति निर्णायक मोड़ पर पहुंच सकती है। पाकिस्तान के विघटन, वहां के किसी प्रमुख नेता के देश छोड़कर भागने जैसी घटनाओं की भी संभावना व्यक्त की गई है। बृहस्पति के इस गोचर का कुछ सकारात्मक असर भी देखने को मिल सकता है। इतिहास में भी जब-जब बृहस्पति अतिचारी अवस्था में रहे हैं, बड़े संकट देखने को मिले हैं। उदाहरण स्वरूपरू हालांकि यह भी उल्लेखनीय है कि इन घटनाओं को पूरी तरह बृहस्पति के अतिचार से जोड़ने का कोई ठोस वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है, लेकिन ज्योतिषीय दृष्टिकोण से ये संकेत अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं।

## चौपाल लगा सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**अल्मोड़ा।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय डीडा, द्वारसों में संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत राहुल आनंद की अध्यक्षता में मंगलवार को चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का मौके पर की निस्तारण किया गया। ग्रामीणों की ओर से पेयजल, सड़क, आधार, विद्युत, कृषि, बागवानी तथा दिव्यांग प्रमाण पत्र से संबंधित विभिन्न समस्याएं संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत के सम्मुख रखी गई। ज्यादातर समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। मौके पर निस्तारित नहीं हुई समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधितों को निर्देशित किया गया। मौके पर मौजूद क्षेत्र पंचायत सदस्य व भाजपा जिला मंत्री दीपक कन्नू साह ने बताया कि क्षेत्र में चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जा रहा है।

# क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी का घेराव किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा और इंदि. रानगर क्षेत्र के पार्षदों ने सोमवार को क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी

### ■ राशन कार्ड के सत्यापन के विरोध में आए पार्षद

कार्यालय का घेराव कर खाद्य विभाग द्वारा एकतरफा राशन कार्ड सत्यापन अभियान का विरोध जताया। पार्षदों का कहना है कि बनभूलपुरा क्षेत्र में 80 प्रतिशत गरीब, मजदूर, विधवाएं, मेहनत. कश, ठेला चालक, कारपेंटर और दैनिक मजदूरी करने वाले लोग रहते हैं, और केवल इसी क्षेत्र के राशन कार्डों की जांच करना पक्षपातपूर्ण



और अनुचित है। पार्षदों ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन, नगर प्रशासन और खाद्य विभाग केवल बनभूलपुरा में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना और अंत्योदय अन्न योजना के तहत बने राशन कार्डों की जांच कर रहे हैं, जबकि पूरे शहर में इस तरह का सर्वे होना चाहिए। पार्षदों ने कहा कि वे भी चाहते हैं कि अपात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड रद्द किए जाएं, लेकिन यह कार्रवाई पूरे शहर में समान रूप से होनी चाहिए। केवल बनभूलपुरा के गरीब परिवारों को निशाना बनाना प्रशासन की पक्षपातपूर्ण नीति को दर्शाता है। पार्षदों का आरोप है कि प्रशासन विशेष समुदाय को टारगेट कर रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है। एआरओ कार्यालय में प्रदर्शन के दौरान पार्षदों ने जिला पूर्ति अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि राशन कार्ड सत्यापन पूरे शहर में कराया जाए और केवल विशेष क्षेत्र या समुदाय को टारगेट न किया जाए। विरोध करने वालों में पार्षद गुफरान अहमद, सलीम सैफी, रो. हित कुमार, इकराम अली, समीर अंसारी, सीमा अंजुम, हाजी रशीद, फाईम जेबा सलमानी, पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी, शाहिद सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कुमाऊं में लैंड फ्रॉड पर कमिश्नर सख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत की अध्यक्षता में मंगलवार को काठगोदाम सर्किट हाउस में लैंड फ्रॉड समन्वय समिति की अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक में मंडल के सभी जिलों से प्राप्त 86 भूमि विवाद मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई, जिनमें से 29 मामलों में एफ़आईआर दर्ज करने की संस्तुति की गई। समिति के समक्ष कुछ मामलों में आपसी समझौते से समाधान की जानकारी दी गई, वहीं कई आवेदकों ने यह भी बताया कि धनराशि वापस मिलने के बाद उनकी शिकायतें समाप्त हो गई हैं। ऐसा ही एक मामला उधमसिंह नगर निवासी जीवन गुरुरानी का था, जिन्हें उनकी भूमि कब्जा मुक्त कर वापस मिल गई।



उन्होंने आयुक्त का आभार जताया। आयुक्त ने भूमि खरीदने से पहले संबंधित तहसील से दस्तावेजों की जानकारी लेने की अपील की ताकि भूमि धोखाधड़ी से बचा जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि यह प्रक्रिया सभी तहसीलों में अनिवार्य रूप से लागू की जाए। साथ ही सरकारी विभागों की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों का स्पष्टीकरण भी मांगा जाएगा। बैठक में यह भी सामने आया कि कई भूमिहीन व्यक्तियों द्वारा एक ही भूमि को बार-बार बेचना, दाखिल-खारिज न होना, और राशि वापस न करना जैसे प्रकरण प्रमुखता से समिति के समक्ष आए। आयुक्त ने इन सभी मामलों की गंभीरता से जांच कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्य लैंड फ्रॉड मामलों में बाजपुर, बसगांव, गौलापार व उधमसिंह नगर के केस शामिल रहे। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जिन 29 मामलों में एफआईआर की संस्तुति की गई है, उनमें पुलिस जल्द जांच कर कानूनी कार्रवाई करेगी। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल, अपर आयुक्त जेएस नगन्याल, एडीएम एफआर चौहान, एडीएम रुद्रपुर अशोक जोशी, वनाधिकारी हिमांशु बागड़ी, नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्व सैनिकों की बैठक

**बागेश्वर।** पूर्व सैनिक सहस्त्र पुलिस बल कार्मिक संगठन उत्तराखंड की जिला मुख्यालय में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में संगठन ने उत्तराखंड स्थानान्तरण नीति 2018 सैनिक एवं अर्द्धसैनिक बलों के आश्रितों के साथ अन्याय होने की बात कही। वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा उक्त स्थानान्तरण अधिनियम की धारा 7 (घ) 5 को इसी आशय के साथ जारी किया गया कि सभी सैन्य एवं अर्द्धसैनिक बलों में कार्यरत कार्मिकों के जीवनसाथी अपने परिवार के नजदीक रहकर अपने परिवार एवं बच्चों की देख-रेख कर सके, लेकिन उक्त धारा में सिर्फ सुगम से दुर्गम आवश्यक स्थानातरण में छूट का प्रावधान दिया गया है।

# ज्योतिषाचार्य चन्द्रशेखर पाण्डेय का निधन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर के प्रतिष्ठित ज्योतिषाचार्य और उत्तराखंड सरकार द्वारा उत्तराखंड रत्न ज्योतिष सम्मान से अलंकृत हस्तरेखा व कुण्डली विशेषज्ञ चन्द्रशेखर पाण्डेय का बीते सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। आदर्श नगर स्थित उनके निवास पर हृदय गति रुकने से उन्होंने अंतिम सांस ली। वें 74 वर्ष के थे। चन्द्रशेखर पाण्डेय ने वर्ष 2006 में राजकीय इंटर कॉलेज, फूलचौड़ से स्वैच्छिक सेवा. निवृत्ति लेने के बाद श्री पांडे ने ज्योतिष के माध्यम से जनसेवा को अपने जीवन का ध्येय बना लिया था। वें दशकों तक हजारों लोगों को ज्योतिष, हस्तरेखा और कुण्डली परामर्श के माध्यम से मार्गदर्शन देते रहे। उनके निधन से ज्योतिष जगत में शोक की लहर है। अनेक ज्योतिषाचार्यों, शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। ज्योर्तिविद डा. गोपाल दत्त त्रिपाठी, अशोक वार्ष्णेय, मनोज पाण्डेय, डा. जगत प्रकाश त्रिपाठी, विनोद जोशी, डा. नवीन चन्द्र जोशी ने गहरा शोक व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शत-प्रतिशत रहा होली चाइल्ड का परीक्षाफल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** होली चाईल्ड स्कूल ने वर्ष 2025 के कक्षा 12वीं के सीबीएसई. परीक्षा में एक बार फिर विद्यालय की उत्कृष्ट उपलब्धि की परम्परा बनाए रखी है।

विद्यालय में प्रथम स्थान किरनदीप कौर विर्क (कामर्स)-97.2प्रतिशत, द्वितीय स्थान सिमरनदीप कौर (कामर्स)-97 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान प्रियंका अग्रवाल (विज्ञान)-96.4 प्रतिशत प्राप्त किया। इसके अलावा विद्यालय में 90 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों नव्या ज्योति(विज्ञान)-95.6 प्रतिशत, कैशविन कौर (कला)-95.4 प्रतिशत, देवांश अग्रवाल (कामर्स)-95.4 प्रतिशत, नवदीप गुप्ता (कामर्स)-94.6 प्रतिशत, लक्ष्य बत्रा (विज्ञान)-92 प्रतिशत, निदा सागीर (विज्ञान)-92 प्रतिशत, आयुष गुप्ता (विज्ञान)-91.6 प्रतिशत, वंशदीप सिंह गिल (कामर्स)-90.2प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

इस वर्ष परीक्षाफल का विशेष आकर्षण आठ विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों में शतप्रतिशत अंक अर्जित करना रहा।

विषयवार शतप्रतिशत अंक अर्जित करने वाले छात्रों में बॉयोलॉजी- प्रियंका अग्रवाल, नव्या ज्योति, मन्जोत कौर, निदा सागीर, पेटिंग - मन्जोत कौर, आयुष गुप्ता, निदा सागीर, सुहाना, इकोनोमिक्स -किरनदीप कौर विर्क, सिमरनदीप कौर और बिजनेस स्टडीज में किरनदीप कौर विर्क हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन आरके बत्रा, सचिव विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, प्रधानाध्यापक मिंटू दुबे, उप प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी व मंजू अधिकारी ने सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों व अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी।

# पहाड़ के आईटीआई बच्चों को भी दें वरीयता: सौरभ

- एक दिवसीय ''जगार की राहें, इन्डस्ट्री आकादमिक साझेदारी'' सम्मेलन का आयोजन
- आईटीआई का परिवर्तन नामक शीर्षक पुस्तक का भी हुआ विमोचन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग उत्तराखण्ड तथा मेधा संस्था द्वारा स्थानीय होटल में एक दिवसीय ''जगार की राहें, इन्डस्ट्री आकादमिक साझेदारी'' सम्मेलन का आयोजन किया गया। एक दिवसीय सम्मेलन का कौशल विकास एवं सेवायोजन, दुग्ध, पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने दीप प्रज्जलित कर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में उत्तराखण्ड सरकारी आईटीआई का परिवर्तन नामक शीर्षक पुस्तक का विमोचन किया गया।

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य आईटीआई और उद्योगों के बीच सहयोग को मजबूत करना, कौशल अन्तर को कम करना और उत्तराखण्ड के युवाओं के लिए सार्थक कैरियर के रास्ते तैयार करना है।

उन्होंने कहा कि औद्योगिक संस्थान अपने ट्रेड व रोजगार मांग दें ताकि हम अपने आईटीआई के युवाओं को उनकी ट्रेड व मांग के अनुसार ट्रेनिंग देकर तैयार कर सकें ताकि आईटीआई ट्रेंड युवाओं को शीघ्र रोजगार मिल सकें, उन्हे रोजगार के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा आईटीआई संस्थानों में साधारण परिवार के मध्यम पढ़ाई वाले बच्चे आते हैं। इसलिए हम सभी का उनका भविष्य संवारने का दायित्व है। उन्होंने कहा मैदानी क्षेत्रों में औद्योगिक संस्थान होने के कारण मैदानी क्षेत्रों के आईटीआई संस्थानों के युवाओं को रोजगार मिल जाता है मगर पहाड़ के आईटीआई के बच्चों को रोजगार आसानी से नहीं मिल पाता, इसलिए उन्होंने औद्योगिक संस्थानों से पहाड़ के आईटीआई बच्चों के लिए उदारता व सिथिलता बरतते हुए उन्हे भी रोजगार से जोड़ने की अपील की।

सचिव कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग सी रविशंकर कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में ऐसे ट्रेडों में युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षित किया जाए ताकि प्रशिक्षित युवा अपने प्रदेश के औद्योगिक संस्थानो की मांग पूरा करते हुए देश व विदेश के औद्योगिक संस्थानों में भी कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं को रोजगार देने पर औद्योगिक संस्थानों को भी फायदा होगा, क्योकि स्थानीय युवा पूर्ण क्षमता से कार्य करेगें व अवकाश भी कम जाएंगे।

निदेशक प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, सेवायोजन संजय कुमार खेतवाल ने कहा कि इस कॉनफ्रेंस का मुख्य उद्देश्य उद्योगों एवं कौशल विकास गैप विश्लेषण करना है। उन्होंने कहा युवाओं को औद्योगिक संस्थानों की मांग के अनुसार विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षित कर उनका कौशल विकास करते हुए शतप्रतिशत आईटीआई प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। उन्होंने औद्योगिक संस्थानों से पहाड़ के आईटीआई ट्रेडों को गोद लेने की अपील की। सम्मेलन में उद्योगों के प्रतिनिधि, आईटीआई प्रधानाचार्य, आईटीआई एवं सेंटर ऑफ एक्सिलेंस के छात्रों ने अपने सीखने की यात्रा को साझा किया।

सम्मेलन में जिलाध्यक्ष भाजपा कमल जिंदल, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, संयुक्त निदेशक मयंक अग्रवाल, आईआईटी रूड़की प्रो. सुभीर सेन, एचआर प्रमुख अशोक लिलैंड विशाल सिंह, एचआर बीपी, वारोक इंजिनियरिंग रितु श्रीवास्तव, सह संस्थापक मेद्या व्योमकेश मिश्रा, अध्यक्ष सिडकुल एंटरप्रेन्योर वेलफेयर एसोसिएसन श्रीकर सिन्हा, श्रुति देवरा, स्नेहा स्वराज, प्रिया भारद्वाज, सौरभ भारती, मोनिका कुमारी, सौरभ राय, जिला सेवायोजन अधिकारी राजेश दुर्गापाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. आशुतोष जोशी, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिमवाल सहित आईटीआई के छात्र, प्रधानाचार्य आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिहनगर मणिकांत मिश्रा द्वारा अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में हल्का इंचार्ज उ.नि. हरीश आर्य द्वारा मय पुलिस टीम के गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कलियांवाला से हाईवे को जाने वाली सड़क जसपुर से कुलदीप सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी -कलियावाला जसपुर को एक प्लास्टिक के कट्टे में 63 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर जगदीश सिंह ढकरियाल,एसआई हरीश आर्य, एसआई ललित सिंह, हे.का. नवीन प्रकाश, का. विपिन चंद्र आदि मौजूद थे।

### बुद्ध पूर्णिमा पर बहादुरपुर बौद्ध मठ पर दो दिवसीय पूजा महोत्सव कार्यक्रम संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** ऐतिहासिक बहादुरपुर बौद्ध मठ पर बुद्ध पूर्णिमा पर आयोजित दो दिवसीय पूजा महोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हो गया। बुद्ध मठ, बहादरपुर में त्रिवेणी बुद्ध पूर्णिमा का भव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में देश की कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं भाग लिया। मठाधीश डॉ. एल. अश्वघोष महानायक महाथेरा ने भगवान बुद्ध के जीवन, करुणा, मैत्री और अष्टांगिक मार्ग की महत्ता पर प्रकाश डाला। उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्मदेशना दी। उन्होंने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा को ही भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। पूर्णिमा को ही उन्हें ज्ञान और मोक्ष प्राप्त हुआ। यह त्रिपावनी पूर्णिमा है। बौद्ध यूथ एक्शन कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष डा. आकी हितो ने युवाओं से भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कहा कि वह भगवान बुद्ध के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और समाज में शांति, सह-अस्तित्व एवं सेवा का संदेश फैलाएं। यहां पर बलिराम, अशोक कुमार सिंह, ओम प्रकाश, कुलवंत सिंह, आरपी सिंह, राम सिंह, राजेश कुमार गौतम, खूब सिंह, संजीव कुमार, भूपेन्द्र, भीम सिंह आदि उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं को बांटी शिक्षा सामग्री एवं स्कूल बैग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** आज के नौनिहाल देश के कल का भविष्य है। इनकी शिक्षा में आने वाली समस्या का समाधान करना सभी जागरूक साधन संपन्न लोगों का दायित्व है।



वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रमुख समाजसेवी संजीव कुमार सिंह नगर ने वार्ड नंबर 17 में स्थित सुमित्रानंदन पंत प्रीपेटी स्कूल में अध्ययनरत सैकड़ों छात्र-छात्राओं को शिक्षा सामग्री एवं स्कूल बैग देकर शिक्षा के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के दौरान उक्त शब्द कहे। संजीव कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश की पुष्कर सिंह धामी सरकार प्रदेश में बच्चों की शिक्षा के लिए कार्य कर रही हैं, जिससे बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सुविधा भी प्रदान हो और बच्चे अच्छी शिक्षा हासिल कर सकें। संजीव कुमार सिंह ने कहा कि सरकार के प्रयास के अलावा समाज के सभी साधन संपन्न लोगों का दायित्व है कि शिक्षा ग्रहण करने में किसी भी होनहार के आगे शिक्षा सामग्री की समस्या आडे ना आए। सभी को इस ओर ध्यान देना होगा। इस अवसर पर धनंजय सिंह, विशाल चौहान ,रमेश मजूमदार,कमलेश कुमार दुबे, संजय यादव, मनोज कुमार, केशव सिंह, एके वर्मा, स्कूल प्रबंधक मुकेश अग्रवाल, प्रवेश पाठक, सोनू दीक्षित आदि थे।

### हरमनदीप कौर ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया विद्यालय में टॉप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** सीबीएसई की बारहवीं और दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित हुआ, जिसमे ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल हिम्मतपुर ब्लॉक रामनगर ने पुन: एक बार अपना परचम लहराया और हर वर्ष की भांति इस बार भी रिजल्ट अच्छा रहा। स्कूल के निर्देशक डॉक्टर प्रसून श्रीवास्तव और प्रिंसपल डॉक्टर नलिनी श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय का रिजल्ट कक्षा बारहवीं और कक्षा दसवीं में 100 प्रतिशत रहा। कक्षा बारहवीं में विद्यालय की छात्रा हरमनदीप कौर ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। इसके अलावा नेहा सत्यवली 92प्रतिशत, रजत कोहली 91.8, पूनम मेहता 91, दिया रावत 90 प्रतिशत ने अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा बारह के कुल 10 बच्चों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए एवं कक्षा दसवीं के 15 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, 95 प्रतिशत बच्चों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। वहीं कक्षा दसवीं में इकजात कौर ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। इसके अलावा अक्षित रावत 95.2, हेम्या बंसल 92.6 उन्नति पांडेय 92.4 एवं श्रेयषी नेगी ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल के निर्देशक डॉक्टर प्रसून श्रीवास्तव और प्रिंसपल डॉक्टर नलिनी श्रीवास्तव ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

एम.के. वाटर प्रूफिंग

मकान की वाटर प्रूफिंग, छत का टपकना, दीवारों पर सीलन आना, लिन्टर पर दारार से पानी आना, बेसमेन्ट में पानी या सीलन आना, किचन व बाथरूम लिकिज होना, फ्लोर ओपोक्सी व ब्रिक ओवा भी किया जाता है। प्रो.महबूब भाई

बिलासपुर रोड, रूद्रपुर (ऊ.सिंह नगर)
मो.: 9012051994, 6399038125

# खेतलसंडा खाम खाकरा पर पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** बरसात में खेतल संडा से अल्केमिस्ट रोड, ऊंची महुबत संथना आदि ग्रामों से टूटने वाले संपर्क का स्थाई हल निकाला जा रहा है । इसके लिए खेतल संडा खाम के खकरा नाले में पुल निर्माण किया जा रहा है। पालि. का अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी रामू के अनुरोध पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुल निर्माण की डीपीआर मांगी है । नगर पालिका सीमा के अंतर्गत पूर्ववर्ती ग्राम प्रधान जसवंत सिंह राणा के कार्यकाल में बनाया गया रपटा था हल्की सी बारिश में अवरुद्ध हो जाता है। आने जाने वाले लोगों, विभिन्न विद्यालयों के बच्चों को अधिक दूरी तय कर धन एवं समय की बर्बादी करनी पड़ती है बर्बादी कर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ता है। वार्ड संख्या 18 के सभासद मुखरजीत सिंह राणा ने इस संबंध में पालिकाध्यक्ष के समक्ष मामला उठाया था।

# नशीला पदार्थ खिलाकर होटल में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का किया प्रयास

- शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा
- होटल अंबर पर भी की जाएगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बहाने से होटल ले जाकर किशोरी को नशीला पदार्थ खिलाकर उससे सामूहिक दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया। पीड़ित पिता की शिकायत पर एसएसपी एक्शन में आ गए। उन्होंने तत्काल संबंधित थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को शांति विहार अपार्टमेंट रुद्रपुर निवासी माही घई पुत्र सुनील घई बाजार ले जाने के बहाने काशीपुर बाईपास रोड स्थित होटल अंबर ले गया। जहां पर मुख्य बाजार आरआर क्वार्टर रुद्रपुर निवासी काली ग्रोवर पहले से मौजूद था। आरोप है कि इस दौरान उसकी पुत्री को नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। इसका पता चलते ही उन्होंने पुलिस के 112 पर काल किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के चंगुल से उसकी पुत्री को मुक्त कराया। पीड़ित का आरोप है कि काली ग्रोवर नौकरी का लालच देकर उसकी पुत्री को नेपाल में बेचने की फिराक में था। जिसके बाद वह उसे देह व्यापार में धकेल देता।

उन्होंने पुलिस से आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों पर पाक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी पंजीकृत कर ली गई है। साथ ही आरोपियों की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि होटल अंबर पर भी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए जांच के आदेश दिए गए हैं।

# दस्तावेज लेखक संघ कार्यालय से सामान व दस्तावेज चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** चोरों का दुस्साहित कारनामा कोतवाली से कुछ ही दूरी पर स्थित दस्तावेज लेखक संघ कार्यालय से अज्ञात चोर प्रिंटर, सीलिंग फैनों के अलावा दाखिल खारिज की रखी फाइलें तथा जरूरी दस्तावेज चोरी कर ले गए।

कोतवाली से कुछ ही दूरी पर स्थित सब रजिस्ट्रार कार्यालय परिसर के निकट पुरानी तहसील परिसर में बने कमरों में धर्मेंद्र सिंह दस्तावेज लेखक का कार्यालय है। जिसमें बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने कमरे में लगा ताला तोड़कर इसमें रखा एचपी कंपनी का प्रिंटर कीमत पच्चीस हजार रुपये तथा तीन सीलिंग फैन, दाखिल खारिज हेतु फाइलों के अलावा कार्यालय के रजिस्टर तथा जरूरी कागजात चोरी कर ले गए हैं। इससे पूर्व वरिष्ठ अधिवक्ता रमाकांत शर्मा के कार्यालय से भी अज्ञात चोरों द्वारा समान एवं जरूरी दस्तावेज चोरी कर लिए थे, जिसकी सूचना एक मार्च 2025 को कोतवाली पुलिस में दर्ज कराई गई थी, परंतु पुलिस द्वारा घोर लापरवाही बरतने हुए अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। धर्मेंद्र सिंह दस्तावेज लेखक ने चोरी की वारदात की कोतवाली पुलिस को लिखित सूचना दे दी है, परन्तु इसके बावजूद कोतवाली पुलिस कुंभकरणी नीद सोए हुए है। कोतवाली पुलिस के गैर जिम्मेदाराना रवैए से दस्तावेज लेखक संघ एवं अधिवक्ताओं में भारी रोष है।

# मासूम बच्ची की बाल्टी में डूबने से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बाजपुर राज्य सीमा स्थित यूपी के गांव मौलागढ़ रामपुर में पानी से भरी बाल्टी में गिरकर एक डेढ़ वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की मौत से परिवार में मातम पसरा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार गत दोपहर यूपी के गांव मौलागढ़ निवासी जलीस का परिवार घर सो रहा था। इस दौरान जलीस की डेढ़ वर्षीय बच्ची अना खेल रही थी। अचानक बच्ची घर में रखी पानी से भरी बाल्टी में गिर गई। काफी देर तक अना पानी में डूबी रही। जागने पर परिजनों ने बाल्टी से बच्ची को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला। आनन-फानन उसे बाजपुर के उप जिला चिकित्सालय लाया गया, यहां डाक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत से परिवार में मातम पसरा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक बच्ची का पिता पेंटर का कार्य करता है। परिवार के लोग बिना किसी कार्रवाई के बच्ची के शव को घर लेकर चले गए।

# एक बार फिर सीबीएसई परिणामों में आरएएन स्कूल के छात्रों ने रचा इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** सीबीएसई द्वारा आज घोषित किए गए बारहवीं के परिणामों में आरएएन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया।

कक्षा 12वीं के कॉमर्स संकाय की छात्रा कृतिका मदान ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा एवं उत्तराखंड राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। मोक्ष श्रीधर ने 98.8 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहा तथा ह्यूमैनिटीज संकाय की रिजूल मदन ने 98.6 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, विज्ञान संकाय के छात्र हार्दिक सिंगला ने 97.9 प्रतिशत अंक अर्जित कर किए तथा मानवी मित्रा ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 12 की औसत अंक प्रतिशतता 88 प्रतिशत रही, जो पूरे क्षेत्र में एक शानदार उपलब्धि है। जैसे ही परिणाम घोषित हुआ, छात्रों और उनके अभिभावकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में छात्र और उनके माता-पिता शुभकामनाओं और मिठाइयों के साथ विद्यालय पहुंच गए। विद्यालय का माहौल उल्लास और गर्व से भर गया। विद्यालय के चेयरमैन विंग कमांडर एचके राय, निदेशक मोहित राय, प्रशासिका निधि राय एवं प्रधानाचार्या भावना भानोत ने सभी छात्रों एवं उनके अभिभावकों को इस ऐतिहासिक सफलता पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा यह परिणाम शिक्षकों की मेहनत, अभिभावकों के समर्थन और छात्रों की लगन का संयुक्त परिणाम है, जिसकी हमें बेहद गर्व है।

# विधायक ने किया समाज कल्याण की बिल्डिंग का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने रुद्रपुर में स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय की कक्षा प्रारम्भ करने हेतु रामपुर रोड पर ट्रेनिंग सेंटर के समीप समाज कल्याण की एक बिल्डिंग का स्थालीय भ्रमण किया, जहां रुद्रपुर में स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय को आस्थाई रूप से सुचारु करने हेतु अधिकारियों संग जानकारी ली।

विधायक ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सांसद अजय भट्ट के विशेष सहयोग से रुद्रपुर के लिए केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत करवाया जो आदित्य नाथ झा इंटर कॉलेज की पांच एकड़ भूमि पर प्रस्तावित है, जिसकी जमीन ट्रांसफर की प्रकिया गतिमान है। ऐसे मे केंद्रीय विद्यालय शुरू करने का एक तकनिकी पहलू है कि यह शुरुआत में आस्थाई रूप से प्रारम्भ किया जाना है, जिसके चलते समाज कल्याण की बिल्डिंग का मौका मुआईना किया है, जिसमे जिला अधिकारी के निर्देश पर ओसी गौरव पांडेय, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण के अधिकारियों संग निरक्षण किया है। विधायक अरोरा ने कहा बिल्डिंग टैक्निकल रूप से सर्वे करवाया जाना है तो वहीं सब ठीक रहा तो हमारा प्रयास रहेगा 2025 से अस्थायी रूप से केंद्रीय विद्यालय प्रारम्भ कर दिया जाए, या किसी कारण वश नहीं हो पाता तो इस वर्ष फिर सारी प्रकिया पूर्ण हो जाए जिससे 2026 में हर हाल में केंद्रीय विद्यालय प्रारम्भ किया जा सके। विधायक ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय शुरू करने हेतु 16 कमरों की आवश्यकता है और जब तक एएनझा कॉलेज की भूमि पर केंद्रीय विद्यालय विद्यालय बनकर तैयार नहीं हो जाता तब तक अस्थायी रूप से केंद्रीय विद्यालय बिल्डिंग में ही चलेगा।

इस दौरान डिप्टी कलेक्टर (ओसी) गौरव पांडेय, समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत, भाजपा नेता सुरेश कोली, उपेंद्र चौधरी, तरुण दत्ता, हिमांशु शुक्ला, गुलाब सिरोही, किरन विर्क, महेंद्र आर्य, मयंक कक्कड़, सुनील यादव, डंम्पी चोपडा, विष्णु सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# कोलम्बस के विद्यार्थियों के 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम

- 99 प्रतिशत के साथ प्रतिष्ठा पांडे ने किया विद्यालय टॉप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मॉडल कॉलोनी स्थित नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय कोलम्बस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई हाईस्कूल की परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षाफल के साथ इस बार भी शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने बताया कि विद्यालय की मेधावी छात्रा प्रतिष्ठा पांडे ने अभूतपूर्व 99 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया, वहीं खुशबू आर्यो ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व अनुष्का गरकोटी ने 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विषययार टॉप करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। विषयवार टॉप करने वालों में आईटी में प्रतिष्ठा पांडे, अनुष्का गरकोटी, खुशबू नार्मा, अदिति भट्ट, फरदीन अली व नकुल भारद्वाज ने 100 अंक, विज्ञान में अदिति भट्ट ने 100 अंक, गणित में अदिति भट्ट ने 100 अंक, हिन्दी विषय में प्रतिष्ठा पांडे व अनुष्का गरकोटी ने 99 अंक, सामाजिक विज्ञान में आयुष्य वर्मा व अनुष्धा गरकोटी ने 98 व अंग्रेजी विषय में अक्षत ओझा, खुशबू आर्या ने 98 अंक प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया। इसी प्रकार विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कुल 291 विषयों में विषयवार डिस्टिंक्शन प्राप्त की। सीबीएसई हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के बच्चों की शानदार सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन केसरदास खेड़ा ने हर्ष व्यवस करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित कर शुभाशीष दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज खेड़ा ने खुशी प्जाहिर करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। विद्यालय के समस्त शिक्षकगणों ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सीबीएसई कक्षा 10 में जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के छात्रों ने मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर रोड, बिलासपुर के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अन्वी अग्रवाल ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। यश राज सिंह ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। कृतिका भारद्वाज ने 93.2 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। विभूति एलाहाबादी ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया। आदित्य मंडल ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान हासिल किया। सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को उत्कृष्ट उपलब्धियों पर हार्दिक बधाई दी।




# जेसीज की 12वीं की बोर्ड परीक्षा का उत्कृष्ट परिणाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** जेसीज पब्लिक स्कूल रुद्रपुर का बारहवीं कक्षा का परीक्षाफल सर्वोत्तम रहा। जिसमें ह्यूमिनिटीज में आरिफा कुरैशी ने 98.2 प्रतिशत एवं वाणिज्य वर्ग में याशिका स्वामी ने 98.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, ह्यूमिनिटीज में करमन कौर ने 97.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा ह्यूमिनिटीज में अंशिका भट्ट ने 97.2 प्रतिशत. अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

राजनीति विज्ञान में करमन कौर, भूगोल में आरिफा कुरैशी, चित्रकारी में आरिफा कुरैशी, याशिका स्वामी, करमन कौर, ज्योतिका सिंह, आर्यन राना, ऐश्वर्या गोस्वामी, तौफिका शाहीन, हंशिका ब्रह्म, निधि नेगी, खुशी चावला, शान्या तिवारी, साक्षी रावत, तान्या चुग, माही छाबड़ा, निहार कण्डवाल, स्वाति मेहरा, अनय त्रिपाठी, रोहित सिंह, प्रियदर्शनी सुमन, अपराजिता एवं योगा में नवजात सिंह, तौफिका शाहीन एवं कोमल गंगवार ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करके बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय, माता-पिता तथा गुरूजनों का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबन्धन समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए स्फल विद्यार्थियों को बधाई दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन, निरंतर प्रयास, अभिभावकों के सहयोग एवं विद्यार्थियों के अथक परिश्रम से ही यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। विद्यार्थियों को भविष्य में भी अपना लक्ष्य प्राप्त करने तथा प्रगति के पथ पर सदैव अग्रसर रहने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जेसीज पब्लिक स्कूल भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस अवसर पर निदेशक सुधांशु पन्त, प्रधानाचार्य आरडी शर्मा, समस्त सेक्सन हैड्स ने परीक्षा में सम्मिलित सभी परीक्षार्थियों को उत्कृष्ट परिणाम लाने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# हेड कांस्टेबल की इलाज के दौरान मौत
## राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

- मौत की सूचना से परिजनों में मचा कोहराम तथा पुलिस महकमे में शोक की लहर
- काफी लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे दिवंगत हेड कांस्टेबल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** कोतवाली में तैनात पुलिस हेड कांस्टेबल की इलाज के दौरान खटीमा के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई जिससे पुलिस महकमें में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं कांस्टेबल के परिवार में कोहराम मच गया।

खटीमा कोतवाली में तैनात 2001 बैच के हेड कांस्टेबल राजीव कुमार चौहान पुत्र महेंद्र पाल सिंह उम्र 45 वर्ष मझोला निवासी काफी लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे जिनका बरेली के एक निजी अस्पताल से इलाज चल रहा था। मंगलवार देर रात समय लगभग दो बजे कांस्टेबल की हालत बिगड़ने पर परिजन इलाज के लिए खटीमा निजी अस्पताल लेकर आए जहां उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जिससे कांस्टेबल के परिवार में कोहराम मच गया। आपको बताते चलें कि मृतक कांस्टेबल राजीव वर्तमान में खटीमा थाने के अंतर्गत सत्रह मील चौकी में तैनात थे, जो काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमें के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए और दिवंगत कांस्टेबल का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं दिवंगत राजीव कुमार चौहान को खटीमा सीओ भूपेंद्र सिंह धोनी, कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी तथा एसएसआई विनोद जोशी ने पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर सलामी दी।

वहीं दिवंगत कांस्टेबल का अंतिम संस्कार रुद्रपुर पुलिस लाइन से आयी टीम की सलामी के बाद मझोला श्मशान घाट पर राजकीय सम्मान के साथ गमगीन माहौल में किया गया। वहीं दिवंगत हेड कांस्टेबल राजीव कुमार अपने पीछे मां शांति देवी, पत्नी रिंकी, दो पुत्र अंकुश सिंह तथा अनुज सिंह को रोते बिलखते छोड़ गए हैं। इस मौके पर स्थानीय ग्राम प्रधान महेंद्र पटेल, वरिष्ठ समाज सेवी मुक. ेश सक्सेना, पूर्व ग्राम प्रधान गोविंद राम, मझोला नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अजय गोयल सहित तमाम जनप्रतिनिधि, जनता तथा पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटेंगल के जन्म दिवस को मेडिकल कॉलेज में अंत. रराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के रूप में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान वक्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर प्रकाश डाला। मंगलवार को मेडिकल कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर कार्यक्रम हुआ। सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. केएस शाही, प्रमुख अधीक्षक जिला चिकित्सालय डॉ. आरके सिन्हा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने नर्सिंग क्षेत्र में फ्लोरेंस नाइटेंगल द्वारा दिए गए योगदान को सराहा। वहीं मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केएस शाही ने कहा कि आधुनिक नर्सिंग में नर्सों का योगदान बहुत अहम है। यहां एसीएमओ डॉ. हरेंद्र मलिक, डॉ. डीपी सिंह, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. राजेश आर्या, सुरेंद्र सिंह भंडारी, जूलिया मसीह, लीना बहादुर आदि थे।

# 12वीं में कोलम्बस ने लहराया परचम

- 98.6 प्रतिशत के साथ गौरी गगनेजा ने किया विद्यालय टॉप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मॉडल कॉलोनी स्थित नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय कोलम्बस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई इंटर की परीक्षा में इस बार भी शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के वाणिज्य वर्ग की मेधावी छात्रा गौरी गगनेजा ने 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। यहीं कला वर्ग की छात्रा कनिष्का मौर्या ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व वाणिज्य वर्ग की छात्रा महेरा खानम ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने बताया कि वाणिज्य वर्ग में विद्यालय की छात्रा गौरी गगनेजा ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, महेरा खानम ने 97.4 प्रतिशत के साथ दूसरा स्थान तथा प्रांजलि मिश्रा ने 942 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। विज्ञान वर्ग में विद्यालय की छात्रा महक आर्या ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त का प्रथम स्थान, सचिन सिंह ने 93.8 प्रतिशत के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। कला वर्ग में कृनिष्का मौर्या ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, प्रियंका पवार 93.6 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान तथा नमन सिंह ने 91.4 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कुल 187 विषयों में विषयवार डिस्टिंक्शन प्राप्त की।

सीबीएसई इन्टर बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के बच्चों की शानदार सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन केसर दास ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभाशीष प्रदान किया, साथ ही प्रबंध निदेशक मनोज खेड़ा ने हर्ष जताते हुए बताया कि विद्यालय का परीक्षाफल शानदार रहा। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामना प्रेषित की। विद्यालय के समस्त शिक्षकगणों ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्याल भविष्य की कामना की।

# गोशन स्कूल के जतिन सक्सेना ने किया विद्यालय टॉप

- कक्षा 10 वीं में एकता ने विद्यालय टॉप कर बाजी मारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** मंगलवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीवीएससी) द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गये, जिसमें नगर के गोशन स्कूल के कक्षा 12 वीं के छात्र जतिन सक्सेना ने 88.80 प्रतिशत तथा कक्षा 10 वीं में एकता ने 95.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया है। जबकि हर्षदीप कौर ,93.60,जशनदीप कौर ने 91.6 व दक्ष गोयल ने 86. 60 तथा सिमरनजीत कौर ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

विद्यालय टाप करने पर दोनों छात्र व छात्रा ने इसका श्रेय अपने गुरुजनो, एव माता पिता को दिया। इस अवसर पर विद्यालय के एमडी डा. सुरेश चन्द जोशी ने परीक्षा में उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि मन लगाकर पढ़ने वाले विद्यार्थियों को हमेशा सफलता प्राप्त होती है, जिससे विद्यालय तथा परिवार का नाम समाज में रोशन होता है।

इस उपलक्ष में प्रबंधक डॉ. सुरेश चंद्र जोशी, प्रधानाचार्य प्रकाश काण्डपाल, सरोज जोशी, हेम कांडपाल, दमनप्रीत कौर, शिव सिंह, आशीष भटनागर, मंजू काण्डपाल, विजय नागर, शिवदत्त जोशी, मीनाक्षी मिश्रा, चारू जोशी, सुनील पुजारी, रोहित सक्सेना, आदि ने बधाइयां दी।

# आरएएन पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 के छात्रों ने फिर रचा इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सीबीएसई द्वारा घोषित किए गए कक्षा ग के परिणामों में आरएएन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 10 के छात्रों ने इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया।

तनिष्का ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भवनीत सिंह ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और सार्थक पढलानी ने तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय की गौरवगाथा को और भी ऊंचाइयों पर पहुंचाया। कक्षा 10 की औसत अंक प्रतिशतता 89 प्रतिशत रही, जो पूरे क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। जैसे ही परिणाम घोषित हुआ, छात्रों और उनके अभिभावकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में छात्र और उनके माता-पिता शुभकामनाओं और मिठाइयों के साथ विद्यालय पहुंच गए।



विद्यालय का माहौल उल्लास और गर्व से भर गया। विद्यालय के चेयरमैन विंग कमांडर एचके राय, निदेशक मोहित राय, प्रशासिका निधि राय एवं प्रधानाचार्या भावना भानोत ने सभी छात्रों एवं उनके अभिभावकों को इस ऐतिहासिक सफलता पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा, यह परिणाम शिक्षकों की मेहनत, अभिभावकों के समर्थन और छात्रों की लगन का संयुक्त परिणाम है, जिसकी हमें बेहद गर्व है।

## एक नजर

### पुलिस ने दो वारण्टी किए गिरफ्तार


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के दिशा-निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एसएचओ कोतवाली धारचुला ललित मोहन जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियुक्त पुष्कर प्रसाद पुत्र दीवानी राम निवासी रोड़ीपाली पिथौरागढ़, हाल निवासी कलावती मार्बल के निकट विण को विण क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में एक और वारण्टी अभियुक्त राजेन्द्र प्रसाद जोशी पुत्र बंशीधर जोशी निवासी टनकपुर रोड कमौड़ को लाशघर रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय में चौक बाउन्स के मामले में धारा 138 एन. आई.एक्ट के तहत वाद विचाराधीन थे। अदालत द्वारा बार-बार समन जारी किए जाने के बावजूद अभियुक्त न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। इस पर न्यायालय द्वारा अभियुक्तों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किये गये थे। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के उपरांत न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस टीम में उ.नि. कमलेश चन्द्र जोशी, उ.नि. मनोज जलाल, का. गोकुल मेहता शामिल थे।



### पत्रकार नदीम वारसी के पिता के निधन पर मीडिया कर्मियों ने शोक व्यक्त किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** दैनिक समाचार पत्र शाह टाइम्स के पत्रकार नदीम वारसी के पिता मोहम्मद अकरम के निधन पर रामनगर मीडिया कर्मियों ने शौक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। उनके 73 वर्षीय पिता मौ. अकरम ने सोमवार को लम्बी बीमारी के बाद मुरादबाद स्थित पैतृक निवास मे अंतिम सांस ली।

उनके निधन पर वरिष्ठ पत्रकार हरीश भट्ट ,डॉक्टर जफर सैफी,विनोद पपनै,गणेश रावत, जीवन कुमार, आसिफ इकबाल, त्रिलोक रावत, राजू वर्मा, सलीम मलिक, राजीव अग्रवाल, चंचल गोला, श्यामलाल, नाजिम सलमान, जुगेश अरोड़ा बंटी, चन्द्रसैन कश्यप, रो. हित गोस्वामी, गिरीश पांडे, चन्द्रशेखर जोशी, नितेश जोशी, कैलाश सुयाल, नदीम वारसी, मौ. कैफ खान, विक्की कश्यप, नसीम खान, रागिब खान, अनिल अग्रवाल खुलासा, खुशाल रावत, गोविंद पाटनी, अमित बेलबाल, दानिश खान, मौ. उस्मान, नवीन पोखरियाल, गणेश गगन, अनिल पाठक, रोहित भट्ट, सिद्धार्थ पपनै, शमीम दुर्रानी, उधम सिंह राठौर, शब्बू खान, नौशाद सिद्दीकी, असलम सिद्दीकी, फरीद कुरैशी, अरबाज खान, रूबीना सैफी, रोशनी पांडे, रूमाना परवीन, मंयक मैनाली, कार्तिक बिष्ट, नावेद सैफी आदि मीडिया कर्मियों ने शौक व्यक्त किया है।

### विभिन्न मामलों को लेकर कॉर्बेट के डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बडोला को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल ने भाजपा नेताओं के साथ कॉर्बेट से जुड़े विभिन्न मामलों को लेकर एक ज्ञापन कॉर्बेट के डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बडोला को दिया।मंगलवार को दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि रामनगर एक टूरिज्म क्षेत्र है।हर साल देश-विदेश से यहाँ पर्यटक प्रकृति का आनन्द लेने के आते है।साथ ही स्थानीय नागरिक भी रोजगार से जुड़े हुए हैं और सरकार को राजस्व प्राप्त हो रहा है। इसको देखते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से जुड़े हुए सभी रिजोर्ट और हॉटल में होने वाली शादियों पर एक समुचित राशि का शुल्क लेकर स्वस्थता अभियान में ईडीसी/विभाग के द्वारा कुड़ा निस्तारण की व्यवस्था की जाये, जिससे कॉर्बेट के साथ ही रामनगर की अच्छी छवि आने वाले पर्यटको पर पड़े।ग्राम ढिकुली के गर्जिया से लेकर धनगढ़ी के बीच में एक नया जगल सफारी जोन चाला जाये।जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के साथ सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी एवं वन्यजीवों के संरक्षण में मदद मिलेगी।कॉर्बेट टाइगर रिजर्व क्षेत्र में रोड से लगते हुए जगह पर पौराणिक कुआं एवं पौराणिक काल के नाकासी किए हुए पत्थर कलाकृतियों विद्यमान है। जिनको अभी तक विभाग के द्वारा संरक्षित नहीं किया गया है और न ही उनकी देख रेख की जा रही है, ऐसी मान्यता है कि यह कुआं एवं अन्य धरोहर हजारों वर्ष पूर्व की है। यहाँ तक भी कहा जाता है कि पाण्डवों के वनवास काल के दौरान इनका निर्माण किया गया था।इसलिए उस स्थल का निरीक्षण कर इसका जीर्णोद्धार करते हुए आने वाले पर्यटकों के लिए खोला जाये जिससे पर्यटकों को पौराणिक कलाकृति की जानकारी मिलने के साथ ही सरकार को भी राजस्व की भी प्राप्ति होगी। जिसे वन्यजीव संरक्षण में खर्च किया जा सकता हैं। उन्होंने कॉर्बेट डायरेक्टर से जल्द से जल्द कार्य करने की अपील की।कॉर्बेट डायरेक्टर ने जल्द कार्य करने का आश्वासन दिया है।इस दौरान भाजपा नेता मान सिंह रावत,भाजपा नेता हरीश बेलवाल,विजय छिमवाल आदि मौजूद रहे।


### पालिका और प्रशासन ने चलाया सत्यापन अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** नगर पालिका और प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा कानिया , गौजानी और रानीखेत रोड एरिया में सत्यापन अभियान चलाया गया, जिसमे 14 फड़ फेरी व्यवसायियों का सत्यापन किया गया, जिसमे उत्तराखंड से बाहर के तीन लोग पाए गए।इस दौरान अभियान में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल,कर निरीक्षक संजय सिंह मनराल,राजस्व उप निरीक्षक कैलाश एवम नगर पालिका की टीम मौजूद रही।

# होली चाइल्ड स्कूल का कक्षा 10वीं का परीक्षाफल रहा शतप्रतिशत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** होली चाईल्ड स्कूल ने वर्ष 2025 के कक्षा 10 वीं के सीबीएसई परीक्षा में एक बार फिर विद्यालय की उत्कृष्ट उपलब्धि की परम्परा बनाए रखी है।

विद्यालय में प्रथम स्थान विशाल राणा-98.4 प्रतिशत, द्वितीय स्थान मन्नत मिश्रा 95.6प्रतिशत तथा तृतीय स्थान रिषभ पाल-95.4 प्रतिशत ने प्राप्त किया। इसके अलावा विद्यालय में 90 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में नैतिक सुखीजा-94.6, रमनीक कौर-93, ईशमनदीप कौर-91.4, अमिशा कोली-90.8,, लावण्य सक्सेना-90.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। इस वर्ष परीक्षाफल का विशेष आकर्षण विशाल राणा (गणित व विज्ञान) तथा रिषभ पाल (सोशल साइंस) में शतप्रतिशत अंक अर्जित करना रहा। इस उपलब्धि पर विद्यालय के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन आरके बत्रा, सचिव विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, प्रधानाध्यापक मिंटू दुबे, उप प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी व मंजू अधिकारी ने सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों व अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी।

# जेसीज की दसवीं की बोर्ड परीक्षा का सर्वोत्तम परीक्षाफल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जेसीज पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर का दसवीं कक्षा का बोर्ड परीक्षाफल 100 प्रतिशत रहा। परीक्षा में कुल 328 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। परीक्षा में हर्षिता जोशी, मीनाक्षी सिंह, सोनम वर्मा एवं जतिन पुजारी ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अनुभव सिंह एवं दर्शिका सिंह ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा गौरांग पन्त ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। परीक्षा में विभिन्न विष्ठायों में 46 परीक्षार्थियों ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। एआई में 31, गणित में 3, विज्ञान में 3, सामाजिक विज्ञान में 3, हिन्दी में 2, अंग्रेजी में 1 तथा संस्कृत में 1 विद्यार्थियों ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

विद्यालय प्रबन्धन समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए स्कूल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्कृष्ठट प्रदर्शन का श्रेय शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन, सतत प्रयास, अभिभावकों के सहयोग एवं विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम को दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्ठय में भी अपना लक्ष्य इसी प्रकार से प्राप्त करने एवं प्रगति के पथ पर सदैव अग्रसर रहने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर निदेशक सुधांशु पन्त, प्रधानाचार्य आरडी शर्मा एवं मुख्य अध्यापिका लतिका अरोरा ने परीक्षा में सम्मिलित सभी परीक्षार्थियों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए डा. जफर सैफी को किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मदर्स डे पर पुष्कर सोसायटी व भारत विकास परिषद के द्वारा उत्कृष्ठ पत्रकारिता के लिये पत्रकार संगठन एनयूजे-आई के नगर अध्यक्ष डॉ. जफर सैफी को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

खत्री सभा भवन मे आयोजित कार्यक्रम मे सोसायटी की चौयरपर्सन पूनम गुप्ता व ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक प्रणय श्रीवास्तव के द्वारा डॉक्टर सैफी को सम्मानित करते हुए उम्मीद जतायी कि डाक्टर जफर सैफी पत्रकार हितो के लिये अपने पद व अनुभव का सकारात्मक उपयोग करके सामाज व पत्रकारिता को लाभांवित करते रहेंगे।

इस मौके पर सोसायटी से जुड़ी गो. इंग बुड्स की प्रिंसीपल अनिता रावत,पूर्व सभासद रूबीना सैफी राज चौधरी, शाहिद सैफी, भावना कांडपाल, हिना बख्श, विमला जोशी, भावना शर्मा, नीतू चौहान, दीपमाला, प्रीति, नीमा, आराध्या गुप्ता, खुशी, रोनक बत्रा, अंजू, लता भंडारी, कल्पना, हेमा जोशी, अंजली आदि मौजूद रही।

## नि:शुल्क स्वास्थ शिविर लगाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नारी शक्ति और बाल विकास जन जागृति समिति रामनगर का एक शिविर स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा के लिए ग्राम चंद्रनगर नंबर एक मालधन चौड़ में लगाया गया जिसमे सौ रोगियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में डॉ नासिर हुसैन, डॉ तारिक हुसैन एवं डॉक्टर खान द्वारा रोगियों का स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण करके उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गयी।कैम्प में आये ग्रामीणों व महिलाओं को नारी शक्ति बाल विकास जन जागृति समिति रामनगर की अध्यक्षा शबाना सैफी ने महिलाओं के अधिकार, समिति के विधिक सलाहकार एडवोकेट पूरन चंद्र पांडेवक द्वारा विधिक जानका. रियां दी गयी। कैम्प के आयोजन में मालधन के ग्राम प्रधान विनोद नारायण, और सामाजिक कार्यकर्ता नन्द किशोर शर्मा के द्वारा समिति को भरपूर सहयोग दिया गया।

## चित्रकला प्रतियोगिता में सात सौ बच्चों ने प्रतिभाग किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मदर्स डे के अवसर पर पुष्कर सोसायटी एवं भारत विकास परिषद के द्वारा मदर्स डे थीम पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता मे क्षेत्र के 700 बच्चो ने हिस्सा लिया। खत्री सभा भवन मे आयोजित प्रतियोगिता मे स्कूली बच्चो ने मॉ के प्यार को लेकर अपनी भावनाओ को चित्रो के जरिये उकेरा और एक से बड़कर एक मनमोहक ड्रॉईंग बनायी।

भीषण गर्मी के बाबजूद अपनी मॉ के प्र्ति प्रतियोगिता मे भागीदारी करने का बच्चो का जज्बा देखते ही बनता था। प्रतियोगिता मे जूनियर प्रथम ग्रुप मे एसएसवीएम स्कूल की विधि गुप्ता व डीडीसीएम स्कूल की आलिया फातिमा सयुंक्त रूप से फर्स्ट, एयूजीजीआईसी की सोफिया कुरैशी सेंकेड, डीडीसीएम स्कूल के मनीष थर्ड रहे, जूनियर सेकेंड ग्रुप मे ओक बुड्स के मोहन सिंह डंगवाल व मिताली पोखरियाल सयुंक्त रूप से फर्स्ट, जिम कार्बेट स्कूल की निधि ध्यानी व एमएफजीपीएस की विधि सिंह सेकेंड, एमपीएचआईसी के त्रिभुवन थर्ड स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग मे गार्डन वेली की खुशी शर्मा प्रथम, गार्डन वैली की महक गोदान द्वितीय व सेंट जोसफ के अर्थव अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे।

प्रतियोगिता मे निर्णायक की दायित्व बलबिंदर कौर (इंटरनेशनल आर्टिस्ट) व सह निर्णायक अंजना भारद्वाज के द्वारा निभाया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि कोतवाल अरूण कुमार सैनी, विशिष्ठ अतिथि भाजपा नगराध्यक्ष भुपेन्द्र खाती, गोपाल दत्त जोशी आदि मौजूद रहे। विजेताओं व अन्य प्रतिभागियों स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र आदि देकर पुरूस्कृत किया गया।

## कथित पुलिस कर्मी बताकर व्यापारी से लूटी चेन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अग्रसेन चौक पर मंगलवार शाम दो बाइक सवार युवकों ने कथित पुलिस कर्मी बताकर एक व्यापारी की स्कूटी रोक दी।

आरोप था कि इसके बाद वह चेि. कंग के नाम पर व्यापारी के गले में पहनी सोनी की चेन लेकर फरार हो गए। मामले में पुलिस आरोपियों को चिन्हित करने में जुट गई है। चिमन लाल कामरा की आवास विकास का मेडिकल स्टोर है। उन्होंने बताया कि मंगलवार शाम वह स्कूटी से अपने घर की ओर जा रहे थे। इस दौरान वह अग्रसेन चौक के पास पहुंचे। यहां रास्ते में उन्हें बाइक सवार दो युवकों ने रोक लिया।

उन्होंने कहा कि इसमें से एक युवक ने खाकी रंग के कपड़े पहने हुए थे। वहीं युवक खुद को पुलिस कर्मी बताकर चेकिंग करने लगा।

# आश्वासन पर खत्म हुआ सफाई कर्मचारियों का धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** पालिका प्रशासन एवं ठेकेदार द्वारा सफाई कर्मचारियों की मांगे पूरी किए जाने के आश्वासन पर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले सफाई कर्मचारियों का मांगों को लेकर किया जा रहा कार्य बहिष्कार एवं धरना समाप्त हो गया।

देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले चल रहे सफाई कर्मचारियों के वेतन एवं सफाई उपकरणो की मांग को लेकर प्रदर्शन एवं कार्य बहिष्कार किया जा रहा था। मंगलवार को पालिका के सफाई निरीक्षक विजयंत चौधरी एवं मुख्य लेखाकार मोहम्मद ताहिर मलिक एवं देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार एवं भारतीय बाल्मीकि धर्म समाज के नितिन बाल्मीकि के बीच हुई समझौता वार्ता में कर्मचारियों के वेतन एवं सफाई उपकरण दिए जाने की सहमति पर धरना प्रदर्शन एवं कार्य बहिष्कार समाप्त हो गया। देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने सभी साथियों एवं पालिका प्रशासन के अधिकारियों एवं ठेकेदार का आभार व्यक्त किया है।

समझौता वार्ता में पालिका प्रशासन की ओर सफाई निरीक्षक विजयंत चौधरी, मुख्य लेखाकार मोहम्मद ताहिर मलिक ,संगठन की ओर से जिला अध्यक्ष विनोद कुमार, कल्लू चरन , भावादस जिलाध्यक्ष नितिन चरन, शाखा अध्यक्ष कैलाश वाल्मीकि, राकेश वाल्मीकि , राक. ेश, सफाई नायक माइकल ,राजेंद्र कुमार, सिलास दास ,पप्पू लाल, राजू , सचिन चरन विवेक चरन अरुण, आकाश ,धीरज कुमार ,सूरज वाल्मीकि ,राजेंद्र महिला कर्मचारियों में बीना, नीरू सिंह,रेवती, लक्ष्मी, रानी, शकुंतला, रजनी आदि थे।

# नदी में डूबने से व्यक्ति की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम ढिकुली के पास कोसी नदी में एक 45 वर्षीय व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। दर्दनाक बात यह रही कि यह व्यक्ति अपने बेटे की जान बचाते हुए खुद जिंदगी की जंग हार गया।मृतक की पहचान देघाट निवासी खीम सिंह के रूप में हुई है, वह अपने परिवार के साथ ग्राम ढिकुली स्थित अपने रिश्तेदारों के यहां आए हुए थे।

बताया जा रहा है कि सोमवार की दोपहर खीम सिंह अपने परिवार के साथ कोसी नदी में नहाने गए थे। इस दौरान उनका बेटा नदी की तेज धार में बहने लगा,बेटे की चीख-पुकार सुनते ही खीम सिंह ने बिना एक पल गंवाए पानी में छलांग लगा दी और किसी तरह अपने बेटे को बाहर निकाल लिया।

लेकिन दुर्भाग्यवश, बेटे को बचाने के बाद खीम सिंह खुद नदी की गहराई में बह गए,मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।पुलिस और फायर टीम ने सोमवार देर शाम तक अभियान चलाया लेकिन मृतक का कुछ पता नहीं चल पाया।जानकारी देते हुए रामनगर कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि सोमवार को कोसी नदी में डूबने की सूचना मिली। मौके पर एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया।कड़ी मशक्कत के बाद मंगलवार को खीम सिंह का कोसी नदी से शव बरामद कर लिया गया। खीम सिंह की मौत से परिवार में को. हराम मच गया है।मृतक का सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# सीबीएसई 12वीं बोर्ड का परीक्षाफल: धैर्य और हर्ष ने किया नैनीताल टॉप

## सरोवर नगरी के स्कूलों के मेधावियों ने एक बार फिर से लहराया कामयाबी का परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में बिड़ला विद्या मंदिर के छात्र धैर्य जैन व हर्ष अग्रवाल ने 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ सामूहिक रूप से नगर टॉप किया जबकि दूसरे स्थान पर इसी विद्यालय के चित्रांश भटनागर ने 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा व मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर की छात्रा खुशी राणा ने 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ नगर में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

बिड़ला विद्या मंदिर के प्रियांशु गड़िया ने 95.6 प्रतिशत के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया। परीक्षा में 49 छात्र शामिल हुए थे। विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर में चयनिका दुमका 96 प्रतिशत के साथ विद्यालय में दूसरे जबकि माही जैड़ा 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया। 88 विद्यार्थी शामिल हुए थे। परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। सेंट जेवियर स्कूल में विनीत भंडारी व नितिन वर्मा ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में सामूहिक रूप से पहला स्थान प्राप्त किया। 41 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार नोरेम एलबर्ट सिंह ने 95 प्रतिशत के साथ विद्यालय में पहला, अनुपम प्रताप सिंह 94.6 द्वितीय व आयुषनाथ गोस्वामी ने 92.2 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया। 70 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। सनवाल स्कूल में कार्तिके नौटयाल 88.4 अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम, रक्षित जोशी 88 द्वितीय व आयुष विश्वकर्मा 87 अंकों के साथ विद्यालय में तीसरे स्थान पर रहा। 90 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य बिड़ला विद्या मंदिर अनिल शर्मा, पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार दुर्गापुर के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश, एमएल साह बाल विद्या मंदिर की अनुपमा साह, सनवाल स्कूल की इमैन्युअल व सेंट जेवियर प्रधानाचार्य नईम खान ने नगर के परीक्षाफल पर संतोष जताते हुए सभी उत्तीर्ण बच्चों के प्रति शुभकामना व्यक्त की है। राधा चिल्ड्रन एकेडमी के कक्षा दसवीं के छात्र देवेश जोशी पुत्र दीपचंद जोशी द्वारा 88.02 प्रतिशत अंक अर्जित करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्रबंधक रिंकू शाह तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रकाश प्रसाद व विद्यालय परिवार ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई संदेश दिया।







### नैनीताल में सीबीएसई परीक्षा में टॉपर रहे छात्र-छात्राओं से बातचीत

## सीयूटी की तैयारी में जुटे हैं हर्ष अग्रवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नैनीताल।** सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ नगर टाप करने वाले नगर के प्रतिष्ठित बिड़ला विद्या मंदिर के छात्र हर्ष अग्रवाल कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेस्ट टेस्ट (सीयूटी) की तैयारी कर रहे हैं। वह अपनी इस उपलब्धि का श्रेय गुरुजनों व परिजनों को देते हैं। पीलीभीत निवासी हर्ष कक्षा 7 से बिड़ला विद्या मंदिर में पढ़ाई कर रहे थे। उनके पिता नितीन अग्रवाल ज्वैलरी का कारोबार करते हैं और माता आंचल अग्रवाल गृहिणी हैं।

### कोलकाता से उच्च शिक्षा हासिल करेंगे धैर्य जैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नैनीताल।** बिड़ला विद्या मंदिर में 12 वीं में 98.2 प्रतिशत के साथ नगर के दूसरे टापर रहे धैर्य जैन कहते हैं कि इस मुकाम को हासिल करने के लिए परिश्रम तो बहुत किया लेकिन भविष्य के बारे में अभी कुछ सोचा नहीं है। आगे की पढ़ाई कोलकाता से करना चाहते हैं। मेरठ निवासी हर्ष के पिता पुनीत जैन व्यवसाई हैं और माता रिचा जैन गृहणी हैं। वह इस उपलब्धि का श्रेय गुरुजनों व परिजनों को देते हैं।

### आईएएस बनने की तम्मना है चैतन्य की



**नैनीताल।** सीबीएसई की 10वीं में 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार में टाप करने वाले छात्र चैतन्य खेड़ा आईएएस बनना चाहते हैं। इस उपलब्धि का श्रेय माता पिता को देते हैं। उनके पिता राज कमल खेड़ा दवा का कारोबार करते हैं जबकि माता महात्मा गांधी इंटर कॉलेज हल्द्वानी की प्रधानाचार्य हैं।

### डाक्टर बनकर समाजसेवा करेंगे कृतार्थ त्रिपाठी

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार दुर्गापुर के कक्षा दसवीं के मेधावी छात्र कृतार्थ त्रिपाठी ने सीबीएसई हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 95 फीसदी अंक हासिल कर परिवार व स्कूल का नाम रोशन किया है। कृतार्थ के पिता स्वर्गीय नवीन त्रिपाठी हैं जबकि माता सरिता त्रिपाठी नगर के राजकीय स्कूल की शिक्षिका हैं। कृतार्थ ने अंग्रेजी में 99, कम्प्यूटर में भी 99 तथा एसएसटी में 98 अंक हासिल किए हैं। कृतार्थ बचपन से ही ताईक्वाडों का शौकीन रहा है, वह ताईक्वाडों में गोल्ड मैडलिस्ट रहे हैं। कृतार्थ को कई फिल्मों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। कृतार्थ का भविष्य में डाक्टर बनकर समाजसेवा करने की तम्मना है।




## हाईस्कूल में बिड़ला के वंश मोदी रहे नगर टॉपर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सीबीएसआई 10वीं बोर्ड परीक्षा में बिड़ला विद्या मंदिर के छात्र वंश मोदी ने 99.2 प्रतिशत अंकों के साथ नगर टॉप किया जबकि इसी विद्यालय के अश्विन चौधरी 99 दूसरे स्थान पर व इसी विनम्र सिंघल व सनवाल स्कूल की छात्रा अस्मिता परिहार ने 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ नगर में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

बिड़ला विद्या मंदिर में 119 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। सनवाल स्कूल में अस्मिता परिहार के बाद दिव्यांश बिष्ट 96.6 प्रतिशत अंकों के विद्यालय में द्वितीय व भरत जोशी ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया। पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार के छात्र चैतन्य खेड़ा ने 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में पहला, विनय पाठक 97.4 दूसरे व विवेक रंजन 96.8 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। परीक्षा में 138 छात्र शामिल हुए। परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। लौंगव्यू पब्लिक स्कूल के आयुष्मान पचौलिया ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय टाप किया जबकि अभिज्ञान लोहनी ने 96 अंकों के साथ द्वितीय व दुर्गेश मिश्रा ने 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया। परीक्षा में 58 विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर की छात्रा माही बिष्ट ने 95.2 प्रतिशत के साथ विद्यालय में पहला, अक्षरा शुक्ला 94.8 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे जबकि प्रज्ञा चौधरी 93.8 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। परीक्षा में 80 छात्राएं शामिल हुई। विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। सेंट जेवियर स्कूल में आशुतोष पाल ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। परीक्षा में 21 विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।



### अस्मिता परिहार बनना चाहती हैं इंजीनियर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नैनीताल।** नैनीताल में एक नाव चालक की बेटी अस्मिता परिहार ने 10वीं की परीक्षा में 98.6 प्रतिशत अंक हासिल कर नगर के स्कूलों में तीसरा स्थान पाया है। बता दें कि नैनीताल के मल्लीताल स्थित सनवाल स्कूल की छात्रा अस्मिता परिहार ने अंग्रेजी में 91, हिंदी में 97, गणित में 99, विज्ञान में 100, सामाजिक विज्ञान में 97 और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में 100 अंक प्राप्त कर कुल मिलाकर अस्मिता ने 98.6 फीसदी अंक प्राप्त कर नैनीताल में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। बता दें कि अस्मिता की यह सफलता इसलिए भी खास है क्योंकि उन्होंने किसी प्रकार की ट्यूशन क्लास नहीं ली, उन्होंने बताया कि वे स्कूल के बाद रोजाना तीन से चार घंटे सेल्फ स्टडी करती थीं और अपने डाउट्स क्लियर करने के लिए यूट्यूब का सहारा लेती थीं। अस्मिता ने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं नैनीताल में टॉप करुंगी लेकिन जब मेहनत का फल मिला तो बहुत अच्छा लगा। मेरे माता पिता और शिक्षकों ने मेरा पूरा सहयोग किया। अस्मिता ने बताया कि उनका अगला लक्ष्य कंप्यूटर साइंस से इंजीनियरिंग करना है। अस्मिता के पिता दीपक परिहार नैनीताल झील में नाव चलाते हैं जबकि माता भागीरथी ग्रहणी हैं। सनवाल स्कूल की प्रिंसिपल ए इमैनुएल ने भी अस्मिता की सफलता पर खुशी जताई, उन्होंने कहा कि हमारा स्कूल कम फीस में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का प्रयास करता है। अस्मिता की मेहनत हमारे शिक्षकों की लगन और परिवार के सहयोग का परिणाम है।

# कितने लोग प्रभावित हो रहे हैं डाटा उपलब्ध कराएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाई कोर्ट ने हल्द्वानी से काठगोदाम तक हो रहे रोड, चौड़ीकरण और सुन्दरीकरण की जद में आए मलिन बस्तियों को

**■ हल्द्वानी से काठगोदाम तक हो रहे चौड़ीकरण मामले पर हाईकोर्ट में सुनवाई**

बिना नोटिस दिए और बिना उनका पक्ष सुने उन्हें हटाए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ती आलोक मेहरा की खण्डपीठ ने मामले की अगली सुनवाई हेतु सोमवार 19 मई की तिथि नियत की है। कोर्ट ने कहा है कितने लोग प्रभावित हो रहे हैं। उसका डेटा पेश करें। हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि चार लोग प्रभावित हुए हैं। उनकी व्यवस्था की जा रही है। जबकि याचिकाकर्ताओ की तरफ से कहा गया कि जो संख्या सरकार के द्वारा पेश की गई इससे कहीं अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इसलिए इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत कराई जाय। कोर्ट ने पक्षो को सुनने के बाद सरकार व नगर निगम से रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। मामले के अनुसार हल्द्वानी निवासी अफताब आलम ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि हल्द्वानी से काठगोदाम तक राज्य सरकार की ओर से रोड का चौड़ीकरण और सुन्दरीकरण का कार्य किया जा रहा है। जो कि अति उत्तम है। लेकिन इसमे पड़ने वाले कुछ मलिन बस्तियों को निगम ने बिना नोटिस दिए हटा दिया गया। जबकि यह कार्यवाही सुप्रीम कोर्ट के आदेश के विरुद्ध है। उनको हटाने से पहले उन्हें सुनवाई का मौका दिया जाना चाहिए था। उसके बाद ही हटाना था। वर्तमान में उन्हें कोई नोटिस नही दिया गया और उनके वर्षो पुराने मकानों को रोड चौड़ीकरण के नाम पर ढहा दिया गया। जनहित याचिका में कोर्ट प्रार्थना की गयी है कि उन्हें अन्य जगह पर विस्थापित किया जाए।

### ठेका निरस्तीकरण की कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने नगर निगम देहरादून द्वारा देहरादून के 26 वार्डों में कूड़ा निस्तारण का काम कर रही कम्पनी मैसर्स एकॉन वेस्ट मैनेजमेंट सॉल्यूशन प्रा.लि. का ठेका निरस्तीकरण की कार्यवाही पर रोक लगाई है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी. नरेंदर तथा न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने वृहत नागरिक हित से जुड़े एक मामले में नगर निगम देहरादून द्वारा 2 मई 2025 को जारी ठेका निरस्तीकरण आदेश पर रोक लगाते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 24 जून की निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से एएस रावत, वरिष्ठ अधिवक्ता, अभिषेक, गौरव पालीवाल के साथ पक्ष रखा, जबकि नगर निगम देहरादून की ओर से स्थायी अधिवक्ता आशीष जोशी पेश हुए। खंडपीठ ने अपने आदेश में उल्लेख किया कि इससे पूर्व 29 अप्रैल 2025 को एकल पीठ ने इस आधार पर समाप्त किया था कि निगम स्वयं पूर्व का निरस्तीकरण आदेश वापस लेकर प्रक्रिया को पुन: आरंभ करेगा। परंतु आश्चर्यजनक रूप से, नगर निगम ने कुछ ही दिनों के भीतर पुन: उसी प्रकार का निरस्तीकरण आदेश पारित कर दिया, जो कि न्यायिक आदेशों की स्पष्ट अवहेलना प्रतीत होता है। अदालत ने यह भी कहा कि उक्त निरस्तीकरण आदेश में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पूर्णत: उल्लंघन किया गया है। न तो कोई कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, न ही कोई सुसंगत सामग्री रिकॉर्ड पर रखी गई, जिससे यह निष्कर्ष निकाला जा सके कि याचिकाकर्ता द्वारा अनुबंध के कार्यों में कोई कमी की गई हो। न्यायालय ने निगम के इस कृत्य को प्रशासनिक मनमानी बताते हुए यह भी प्रश्न उठाया कि यदि निगम के पास किसी वार्ड में मकानों या प्रतिष्ठानों की संख्या तक का डेटा नहीं है, तो फिर अनुबंध की धनराशि किस आधार पर तय की गई?

### निगम क्षेत्र की आंतरिक सड़कों के हॉटमिक्स का कार्य जारी

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर क्षेत्र के मुख्य बाजार में सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के उद्देश्य से निगम ने हॉटमिक्स का कार्य किया जा रहा है। निगम द्वारा गणेश बाजार, गुरुद्वारा रोड, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली मार्ग, काला रोड, गोला पार्क, गणेश बाजार, अपर बाजार सहित अन्य मार्गों पर डामरीकरण किया जा रहा है। गुरुद्वारा रोड और वीर चंद्र सिंह गढ़वाली मार्ग, गणेश बाजार, रामलीला मैदान डामरीकरण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। सहायक नगर आयुक्त रविराज बंगारी ने बताया कि लम्बे समय से स्थानीय लोगों द्वारा शहर के आंतरिक सड़कों का डामरीकरण किए जाने की मांग की जा रही थी।

## एक नजर

### आयु सीमा को लेकर फिर उठी आवाज़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कक्षा एक में प्रवेश की आयु सीमा में संशोधन को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ ने फिर से महानिदेशक सहित सभी उच्च अधिकारियों को ज्ञापन भेजा है। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय सदस्य संयोजक मनोज तिवारी ने कहा कि वह इस विषय पर फरवरी 2025 से निरंतर प्रयास कर रहे हैं परंतु ऐसा लगता है की निजी विद्यालयों को लाभ पहुंचाने हेतु जानबूझकर आदेश निर्गत करने में देरी की जा रही है ताकि सभी बच्चों का प्रवेश निजी विद्यालय में हो जाए क्योंकि कोई भी अभिभावक सत्र प्रारंभ होने के कितने लंबे समय तक अपने बच्चों को घर पर नहीं बैठा सकता। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि जहां एक और राजकीय विद्यालय न्यून प्रवेश की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे में इस प्रकार का आदेश जारी करने से भविष्य में इन विद्यालय में ताले लगने की नौबत आ जाएगी गौरतलब है कि एक और जहां सरकार नामांकन बढ़ाने के लिएप्रवेश उत्सव जैसे कार्यक्रम चला रही है वहीं इस प्रकार के आदेशों के चलते राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने शीघ्र ही आदेश जारी करने की मांग की है।

### श्रीमद देवी भागवत कथा आज से

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल के नव सांस्कृतिक सत्संग समिति शेर का डांडा रामलीला मैदान में किंकर श्री श्री नमन कृष्ण महाराज के नेतृत्व में बुधवार (आज) से शुरु होने जा रहे श्रीमद्देवी भागवत कथा की पूर्व संध्या पर मंगलवार को समिति के सदस्यों व महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। इससे पूर्व कलश यात्रा का शुभारंभ बैंड बाजे के साथ रामलीला मैदान से शुरू हुआ जिसमें मातृ शक्ति कुमाऊंनी परिधान में सजी धजी व सिर में कलश लेकर चल रही थी। कलश यात्रा पूरे क्षेत्र में भ्रमण करने के बाद रामलीला मैदान में पहुँची। दूसरी ओर अब 14 मई (आज) से विविधत श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होगा। इसके तहत प्रात: काल से पूजा अर्चना करने के बाद दो बजे से प्रतिदिन 22 मई तक कथा जा रहेगी। शाम को आरती के बाद प्रसाद वितरित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष खुशाल सिंह रावत व महासचिव पूरन चन्द्र पांडे के अलावा समिति के सदस्यों ने भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में भागवत कथा में पहुंचने की गुजारिश की है।

### प्रत्येक विकासखंड से डेलीगेट्स चुने जाएंगे

**शांतिपुरी।** जिले में प्राथमिक शिक्षकों के एकमात्र संगठन उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन की जिला इकाई गठन के लिए प्रत्येक विकासखंड से डेलीगेट्स चुने जाएंगे। निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए बनी तदर्थ समिति के कार्यवाहक जिलामंत्री शैलेश जोशी ने बताया कि जिले में संगठन के लगभग 2400 सदस्य शिक्षक हैं। जिनके माध्यम से क्षेत्रीय इकाईयों का गठन किया जा चुका हैं। दूसरे चरण में जिले के सात विकासखंडों से सदस्य शिक्षकों की संख्या के 10 ीसदी शिक्षकों को डेलीगेट्स के रूप में चुना जाएगा। जो जनपदीय इकाई के निर्वाचन में प्रतिभाग करेंगे। यह प्रक्रिया 20 मई को खटीमा और सितारगंज में, 22 मई को रूद्रपुर, 23 मई को गदरपुर, 26 मई को बाजपुर, काशीपुर व जसपुर में कराई जाएगी। डेलीगेट्स के लिए ऐसे शिक्षक योग्य होंगे, जिनका नाम सदस्यता सूची में शामिल होगा और वह तीनों वर्षों से निरंतर सदस्य रहे हों।

### कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य कल से भ्रमण पर

**नैनीताल।** मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि मंत्री महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता मामले, खेल युवा कल्याण एवं प्रभारी मंत्री जिला नैनीताल रेखा आर्या की अध्यक्षता में जिला योजना वर्ष 2025-26 की संरचना के अनुमोदन हेतु 15 मई गुरुवार को दोपहर 2.30 बजे से प्रसार प्रशिक्षण केंद्र बागजाला, गौलापार हल्द्वानी में जिला योजना संरचना की बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारीयों से उक्त बैठक में यथासमय उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### उपाध्यक्ष दिनेश आर्य आज से भ्रमण पर

**नैनीताल।** उपाध्यक्ष, राज्य स्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद दिनेश आर्या दिनांक 14 मई बुधवार को सरकार के विभागीय कार्यों के निरीक्षण हेतु जनपद नैनीताल और बागेश्वर के भ्रमण पर आ रहे हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए निजी सचिव, विशाल कुमार ने बताया कि श्री आर्या दिनांक 14 मई बुधवार को हल्द्वानी से प्रात: 09 बजे प्रस्थान कर 11 बजे गरमपानी पहुंचेंगे। जिसके उपरांत प्रात: 11.30 बजे से वह रामगाड़ एवं गरमपानी से संबंधित विभिन्न पेयजल योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। इसके उपरान्त अपरान्ह 1.30 बजे से गरमपानी से प्रस्थान कर शाम 6 बजे गरुड़ बागेश्वर पहुंचेंगे। जिसके उपरांत वह मुख्यमंत्री के जनसंपर्क अधिकारी, श्री मधुसूदन के वैवाहिक कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रात्रि विश्राम गरुड़ में करेंगे। तत्पश्चात दिनांक 15 मई बृहस्पतिवार को प्रात: 10 बजे कौसानी पंपिंग योजना का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। जिसके बाद वह प्रात: 11.30 बजे गरुड़ से प्रस्थान कर अपराह्व 2.30 बजे रानीखेत पहुंचकर अपराह्व 2.45 बजे से विभागीय बैठक लेंगे। और शाम 4.45 बजे हल्द्वानी को प्रस्थान करेंगे।

## भागवत महापुराण का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री रामसेवक सभा द्वारा श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का मंगलवार को विधिवत समापन हो गया। इस मौके पर हवन यज्ञ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भक्तिभाव से भक्तजनों ने मां के जयकारों के बीच प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के पारायण की कथा व्यास देवेश शास्त्री ने सुनाई जो कि वसुदेव जी के द्वारा किए गए पारायण से जुड़ी थी जिसके फलस्वरुप श्रीकृष्ण संकट से मुक्त होकर सकुशल घर लौट आए थे, और इस पुराण के श्रवण से कई प्रकार के लाभ मिलते है। इससे पूर्व प्रात: पूजा के बाद लोक कल्याण एवं जनहित तथा शांति एवं समृद्धि की कामना के साथ श्री राम सेवक सभा द्वारा यज्ञ किया गया तत्पश्चात पूजन के बाद सत्यनारायण की कथा फिर महा भंडारा किया गया जिसमें हजारों लोगों ने भोजन का प्रसाद पाया पूरी हलवा के साथ आलू एचने तथा कद्दू की सब्जी परोसे गई। सभा के अध्यक्ष मनोज साह तथा महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने आयोजन हेतु व्यास जी तथा सभी श्रद्धालुओं तथा धर्म परायण लोगों को आभार जताया।



### पौधारोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन मंगलवार को 312वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत मंगलवार को यात्रा टू आदि कैलाश संस्था के माध्यम से आदि कैलाश यात्रा में जा रहे कोलकाता से आए पर्यटकों देव शंकर मिश्रा, सुमाली दास मिश्रा व मानली मिश्रा संस्था के निदेशक भूपेंद्र सिंह ने पौधारोपण आंदोलन से जुड़ते हुए पर्यटक आवास गृह परिसर में पौधारोपण किया। दिनेश गुरुरानी ने हिमालय बचाओ की शपथ दिलाई।

## भावी सम्भावनाओं पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने मंगलवार को स्वास्थ्य एवं

**■ महानिदेशक सांख्यिकी कुलपति की मुलाकात**

परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के महानिदेशक (सांख्यिकी) कल सिंह से नई दिल्ली में भेंट की। इस महत्वपूर्ण भेंट के दौरान विश्वविद्यालय में संचालित विविध अनुसंधान परियोजनाओं एवं भावी संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. रावत ने विश्वविद्यालय में एक जनसंख्या अनुसंधान केंद्र की स्थापना का औपचारिक प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड जैसे हिमालयी राज्य में जनसंख्या संरचना, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच तथा प्रवासन व मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य एवं जनसांख्यिकीय बदलावों पर केंद्रित अनुसंधान की महति आवश्यकता है। कुमाऊँ विश्व. विद्यालय अपने क्षेत्रीय और शैक्षणिक संसाधनों के बल पर इस दिशा में एक सशक्त योगदान दे सकता है। श्री कल सिंह ने प्रो. रावत की इस पहल की सराहना की और प्रस्ताव पर मंत्रालय स्तर पर गंभीर विचार-विमर्श का आश्वासन दिया। कुलपति प्रो. ने शीघ्र ही इस संदर्भ में एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर मंत्रालय को सौंपे जाने की बात कही। कुलपति प्रो. रावत ने बताया कि प्रस्तावित जनसंख्या अनुसंधान केंद्र विश्वविद्यालय की अकादमिक और अनुसंधान क्षमताओं को विस्तार देगा साथ ही जननीति निर्माण, डेटा आधारित निर्णय प्रक्रिया एवं स्थानीय स्वास्थ्य मुद्दों की समझ को भी गहराई प्रदान करेगा। साथ ही यह केंद्र प्रशिक्षण, फील्ड सर्वे, विश्लेषणात्मक अध्ययन और नीति आधारित सलाह का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है।



### विशेष सत्र बुलाने की उठाई मांग

**अल्मोड़ा।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व जागेश्वर के पूर्व विधायक गोविंद सिंह कुंजवाल ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद किए गए सीजफायर पर केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हमले के बाद जो भी कार्रवाई की और फिर सीजफायर का निर्णय लिया, उन सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार और चर्चा की जरूरत है। कुंजवाल ने कहा कि केंद्र सरकार को सीजफायर के पीछे की सोच को जनता के सामने स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब पाकिस्तान के साथ गंभीर लड़ाई की स्थिति है, तो उसे कड़ा सबक क्यों नहीं सिखाया गया? उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले ही इस मुद्दे पर विशेष सत्र बुलाने की मांग कर चुके हैं और अब सरकार को इस पर शीघ्र निर्णय लेना चाहिए।

## समर्पण केवल शब्दों में नहीं, जीवन के हर कर्म में झलकना चाहिए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संत निरंकारी मिशन द्वारा युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की पुण्य स्मृति में समर्पण दिवस के अवसर पर भावपूर्ण वर्चुअल संत समागम का आयोजन किया गया। समागम में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और निरंकारी राजपिता जी के दिव्य सान्निध्य में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन सहभागिता की। सतगुरु माता सुदीक्षा जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा हरदेव सिंह जी का जीवन प्रेम, त्याग, सेवा और विनम्रता की जीवंत मिसाल रहा है। उन्होंने कहा कि समर्पण केवल वाणी तक सीमित न रहकर व्यवहार और कर्म में दिखाई देना चाहिए। यदि हम बाबा जी की शिक्षाओं को केवल सोशल मीडिया तक सीमित रखते हैं, तो वह सच्चा समर्पण नहीं कहा जा सकता। समर्पण का सार आत्म-विश्लेषण, विनम्रता, क्षमा और मानवता को जीने में है। सतगुरु माता जी ने श्रद्धेय अवनीत जी का स्मरण करते हुए उन्हें एक आदर्श गुरसिख बताया जिन्होंने अपने समर्पण से मिशन के आदर्शों को चरितार्थ किया। समर्पण दिवस के अवसर पर हल्द्वानी स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन गौजाजाली, बरेली रोड में भी सत्संग का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने विचार, गीत, कविताओं और भजनों के माध्यम से बाबा हरदेव सिंह जी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके प्रेम और शिक्षाओं की गूंज को जीवंत किया। श्रद्धालुओं ने बाबा जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल स्मरण करना था, बल्कि जीवन में प्रेम, एकता और मानवता को अपनाकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देना भी था। आज सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज, बाबा जी की शिक्षाओं को आगे बढ़ाते हुए ब्रह्मज्ञान की ज्योति से मानवता को आलोकित कर रही हैं और मिशन की सेवा में सतत समर्पित हैं।



## जनपद में संचार सेवाएं सक्रिय और सुदृण रहें: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में संचार सेवाएं पूरी तरह सक्रिय और सुदृढ़ रहें। उन्होंने कहा कि आम जनता को नेटवर्क से संबंधित कोई समस्या नहीं होनी चाहिए और न ही कोई शिकायत आनी चाहिए। बीएसएनएल के डिवीजनल इंजी. नियर आशीष निगम ने जानकारी दी कि जिले के कुल 48 मोबाइल टावरों में से 42 टावर ऑन एयर हैं और सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने शेष 6 टावरों को भी यथाशीघ्र चालू करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के सभी क्षेत्रों में बेहतर नेटवर्क सुविधा मिल सके। जिला. धिकारी ने जिला पंचायत को फरसाली से शामा तक चल रहे संधारण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि आपदा जैसी परिस्थितियों में भी संचार व्यवस्था बाधित नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी विभागों को पूर्व से तैयार रहना होगा। इस मौके पर बीएसएनएल के जूनियर टेलीकॉम ऑफिसर गौरव तरागी ने बताया कि नये टावरों के सक्रिय होने के बाद 2जी सिम काम नहीं करेंगे। ऐसे में नागरिक अपने पुराने 2जी सिम को नजदीकी डीएसए (डायरेक्ट सेलिंग एजेंट) अथवा रिमोट डिस्ट्रीब्यूटर से नि:शुल्क 4जी सिम में बदलवा सकते हैं। यह सेवा पूरी तरह मुफ्त है और सभी लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए।जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में किसी भी नागरिक को संचार संबंधी परेशानी नहीं होनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है।

# अहमदाबाद में हो सकता है IPL फाइनल

## 17 मई से टूर्नामेंट, पाक से तनाव के कारण 8 दिन के लिए रोके थे मैच




**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल 2025 का फाइनल और क्वालीफायर 2 अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा जा सकता है। टूर्नामेंट का फाइनल 3 जून को खेला जाना है।

एक दिन पहले बीसीसीआई ने आईपीएल के बचे 13 मैच का शेडयूल रिलीज किया था। लेकिन प्लेआफ के वेन्यू डिसाइड नहीं किए थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक अहमदाबाद को 1 जून को होने वाला क्वालीफायर-2 और 3 जून को खेला जाने वाला फाइनल की मेजबानी के लिए चुना गया है। प्लेआफ के वेन्यू नहीं बताने का एकमात्र कारण मौसम है। बोर्ड शेडयूल को अंतिम रूप देने से पहले देश भर में मानसून की गति. विधियों पर नजर रख रहा है। वेदर के मुताबिक अहमदाबाद में जून की शुरुआत में बारिश होने की संभावना नहीं है। पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण 9 मई को आईपीएल सस्पेंड करना पड़ा था। बीसीसीआई ने टूर्नामेंट को रोकते हुए कहा था कि देश इस समय यु( की स्थिति में है। ऐसे में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ठीक नहीं। 17 मई को आरसीबी और केकेआर के बीच बेंगलुरु में पहला मैच होगा। जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, मुंबई और अहमदाबाद में बाकी मुकाबले खेले जाएंगे। 27 मई को लीग स्टेज खत्म होगा। 18 और 25 मई को रविवार के दिन 2 डबल हेडर खेले जाएंगे। यानी 11 दिन में लीग स्टेज के 13 मैच होंगे। पंजाब और दिल्ली के बीच धर्मशाला में 8 मई को होने वाला मैच पाकिस्तान से हुए हमलों के बीच रोकना पड़ा था। यह मुक. ाबला अब 24 मई को जयपुर में खेला जाएगा। प्लेआफ मुकाबलों का वेन्यू फिलहाल तय नहीं है। पहले हैदराबाद और कोलकाता में 2-2 प्लेआफ मैच खेले जाने थे। धर्मशाला में पंजाब और दिल्ली के बीच रोका गया मैच 24 मई को जयपुर में खेला जाएगा। आईपीएल 2025 के तहत 74 मैच खेले जाने थे। 7 मई तक 57 मैच हो चुके थे, 8 मई को 58वां मैच बीच में रोकना पड़ा था। यानी अब 17 मुकाबले बाकी हैं। इनमें 13 मैच लीग स्टेज के हैं और 4 मैच प्लेआफ स्टेज के हैं। मुंबई, कोलकाता, राजस्थान और चेन्नई के दो-दो लीग मैच बाकी हैं। बाकी टीमों के तीन-तीन लीग मुकाबले अभी होने हैं। टीमों की स्थिति नीचे दिए पाइंट्स टेबल से समझ सकते हैं। एक टीम को 14 लीग मैच खेलने होते हैं। आईपीएल की 10 में से तीन टीमें प्लेआफ की होड़ से बाहर हो चुकी हैं। हैदराबाद, राजस्थान और चेन्नई ये तीन टीमें एलिमिनेट हो चुकी हैं। बाकी टीमें अभी प्लेआफ की रेस में बरकरार हैं। बीसीसीआई ने जब लीग को सस्पेंड करने का फैसला किया था तब विदेशी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को उनके देश लौट जाने के लिए कहा गया था। इनमें से कई खिलाड़ी अपने घर लौट गए हैं। उन्हें दोबारा बुलाया जाएगा। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के कुछ प्लेयर्स वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को ध्यान में रखते हुए भारत आने से मना कर सकते हैं। आईपीएल के लिए हर साल अप्रैल मई की विंडो उपलब्ध होती है।



कोहली के जल्दबाजी में संन्यास पर उठ रहे सवाल

# 10 हजार रन बनाकर इस फॉर्मेट में तीसरे टॉपर बन जाते

**नई दिल्ली, वार्ता।** 36 साल के विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। वे अगर 1-2 साल और खेलते तो 10 हजार रन बनाकर इस फार्मेट में भारत के तीसरे टॉप स्कोरर बन जाते, लेकिन विराट ने रिकार्ड की परवाह नहीं की। विराट भारत के चौथे टॉप स्कोरर रहे। देश के टॉप-5 टेस्ट स्कोरर में को. हली ने ही सबसे जल्दी संन्यास लिया। सचिन तेंदुलकर ने तो 36 साल की उम्र के बाद 9 टेस्ट शतक और लगा दिए थे। वे 40 साल तक खेले, लेकिन विराट ने इस फार्मेट में अपना करियर लंबा नहीं होने दिया।

विराट कोहली ने 2019 में अपना 27वां टेस्ट शतक लगाया। अगले ही साल कोरोना वायरस आया, मुकाबले कम होने लगे और कोहली ने अपना पीक फार्म खो दिया। 2019 तक उन्होंने करीब 55 की औसत से 7202 रन बना लिए थे। वे अगले 5 साल के 39 टेस्ट में महज 31 की औसत से 2028 रन ही बना सके। इस दौरान उनके बैट से 3 ही सेंचुरी निकलीं। कोहली के खराब फार्म में कोरोना के बाद की बालिंग फ्रेंडली पिचों का योगदान भी बड़ा रहा। महामारी के बाद कोहली ने 37 टेस्ट में 32.09 की औसत से रन बनाए, जो उनके स्टैंडर्ड से बेहद सामान्य रहा। हालांकि, इस दौरान दुनिया भर के टॉप-7 बैटर्स का औसत महज 29.87 का रहा। वहीं को. हली को छोड़कर टीम इंडिया के बाकी टॉप-7 बैटर्स का औसत भी 31.15 का ही रहा। यानी कोहली पिछले 5 साल में दुनिया के टॉप बैटर्स में कम्पीट तो करते रहे, लेकिन उन्हें अपने ही स्टैंडर्ड में गिर जाना नहीं पसंद आया। बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पिछली 3 सीरीज में भी कोहली आउट आफ फार्म नजर आए। वे एक फिफ्टी और एक सेंचुरी ही लगा सके। 3 से 5 जनवरी तक उन्होंने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी टेस्ट खेला और मई में संन्यास ले लिया। गौतम गंभीर अगस्त 2024 में टीम इंडिया के नए हेड कोच बनाए गए। उन्होंने कोच बनते ही बयान दिया था कि वे टीम इंडिया के स्टार कल्चर को खत्म करना चाहते हैं। उनका मानना रहा कि फैंस और मैनेजमेंट का फोकस प्लेयर के रिकाड्र्स से ज्यादा टीम की जीत पर होना चाहिए। गंभीर की एंट्री के बाद बीसीसीआई ने लंबे दौरों पर परिवार के ज्यादा समय साथ रहने पर पाबंदी लगा दी। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और टीम के कुछ सीनियर प्लेयर इस फैसले से नाराज नजर आए। गंभीर के कोच बनने के बाद टीम ने न्यूजीलैंड से घरेलू मैदान और ऑस्ट्रेलिया से उन्हीं के मैदान पर सीरीज हार झेली। जिसके बाद रविचंद्रन अश्विन, रोहित शर्मा और विराट कोहली को संन्यास लेना पड़ गया। गौतम गंभीर की कोचिंग में रविचंद्रन अश्विन, रोहित और विराट ने टेस्ट से संन्यास लिया।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के साथ होने वाली श्रृंखला के लिए टीम की घोषित

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी सफेद गेंद श्रृंखला के लिए टीमों की घोषणा कर दी है। चयनकर्ताओं ने एकदिवसीय और टी-20 श्रृंखला के लिए हैरी ब्रूक को टीम का कप्तान बनाया है। 29 मई से शुरू होने वाली इस श्रृंखला के तहत दोनों टीमों के बीच तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 खेले जायेंगे। लियाम डॉसन की सितंबर 2022 के बाद पहली बार टी-20 प्रारुप में लौटे हैं। इसकी के साथ फिल साल्ट और ल्यूक वुड की भी टी-20 टीम में वापसी हुई है जबकि विल जैक्स दोनों टीमों में खेलेंगे।

**एकदिवसीय टीम:** हैरी ब्रूक (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्से, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवर्टन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल राशिद, जो रूट और जेमी स्मिथ।

**टी-20 टीम:** हैरी ब्रूक (कप्तान), रेहान अहमद, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्से, लियाम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल राशिद, फिल साल्ट और ल्यूक वुड।

# सचिन के रिकॉर्ड के आसपास कोई नहीं



### विराट के टेस्ट संन्यास के बाद 100 शतकों का रिकॉर्ड अटूट, भविष्य में भी नहीं दिखता कोई दावेदार

**नई दिल्ली, वार्ता।** कहा जाता है कि रिकॉर्ड बनते ही हैं टूटने के लिए। हालांकि, क्रिकेट के कुछ रिकॉर्ड ऐसे हैं, जो कालजयी बन जाते हैं। इनका टूटना लगभग नामुमकिन माना जाता है। जैसे 50 से ज्यादा टेस्ट खेलने के बाद डान ब्रैडमैन का 99.94 का औसत। इंटरनेशनल क्रिकेट में मुथैया मुरलीधरन का 1347 विकेट का रिकॉर्ड। विराट कोहली के टेस्ट से रिटायरमेंट के बाद सचिन तेंदुलकर के 100 शतकों का रिकॉर्ड भी इसी फेहरिश्त में शामिल हो सकता है। वैसे सचिन के कारनामे से विराट सिर्फ 18 शतक पीछे हैं, लेकिन टेस्ट को अलविदा कहने के बाद उनके लिए अब 100 शतकों तक पहुंचना बेहद मुश्किल है। स्टोरी में आगे जानेंगे कि ऐसा क्यों है। साथ ही यह भी जानेंगे कि वर्तमान और भविष्य का कोई अन्य बल्लेबाज भी इस नंबर तक क्यों नहीं पहुंच सकता है। विराट अब सिर्फ वनडे पर निर्भर पिछले साल भारत को चैंपियन बनाने के बाद विराट ने टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया था। अब उन्होंने टेस्ट को भी अलविदा कह दिया है। अब अगर उन्हें सचिन के रिकॉर्ड तक पहुंचना है, तो वनडे में ही 18 शतक जमाने होंगे। विराट ने हिंट दी है कि वे 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक इस फार्मेट में खेलना जारी रख सकते हैं। विराट वनडे में औसतन हर 6 पारी में एक शतक जमा देते हैं। इस रफ्तार से उन्हें 18 शतक के लिए 108 पारियां खेलनी पड़ेंगी। 2020 से भारत हर साल औसतन 16 वनडे खेलता है। इस लिहाज से अगले वर्ल्ड कप भारतीय टीम मुश्किल से 40-50 मैच खेल पाएगी। विराट अगर सभी मुकाबले खेल लेते हैं तब भी वे ज्यादा से ज्यादा 7 से 8 शतक ही लगा पाएंगे। यानी उनके लिए अब 100 शतक तक पहुंच पाना लगभग असंभव है। एक्टिव प्लेयर्स में कोई आस-पास नहीं फैब-4 में शामिल बल्लेबाजों की बात करें तो सचिन के महा रिकॉर्ड के आसपास कोई नहीं है। जो रूट 53, स्टीव स्मिथ और केन विलियम्सन 48-48 शतक ही बना सके हैं। इनमें से किसी का 100 शतकों तक पहुंच पाना मुश्किल है। फैब-4 के अलावा, रोि. हत शर्मा 49 शतक बना चुके हैं। रोहित भी टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में उनका भी तेंदुलकर के रिकॉर्ड तब पहुंच पाना मुश्किल है। फ्यूचर में और कम होंगे वनडे और टेस्ट तेंदुलकर के महाशतकों का रिकॉर्ड टूटने की संभावना कम है। वनडे और टेस्ट मैचों की संख्या लगातार कम हो रही है।




# मरीन ड्राइव पर राजस्थान के राइडर्स का दबदबा, दो स्वर्ण सहित पांच पदक जीते

### लड़कों की 30 किमी. की रोमांचक रेस में राजस्थान के बेटों ने क्लीन स्वीप किया

**पटना, वार्ता।** बिहार की राजधानी पटना के मरीन ड्राइव पर मंगलवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 की रोड साइक्लिंग स्पर्धा में राजस्थान के साइकिलिस्टों ने तूफानी प्रदर्शन किया। यहां ठंडी हवाओं और दर्शकों की भारी भीड़ के बीच राजस्थान के राइडर्स ने व्यक्तिगत टाइम ट्रॉयल में अपना दमखम दिखाया और छह में से पांच पदक अपने नाम किए,

जिनमें से दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य शामिल हैं। लड़कों की 30 किलोमीटर की रोमांचक रेस में तो राजस्थान के बेटों ने क्लीन स्वीप कर दिया। दोनों ही वर्गों में महाराष्ट्र की जुल गंजम नारकर एकमात्र ऐसी राइडर रहीं, जिन्होंने राजस्थान के दबदबे को चुनौती दी। नारकर ने 20 किलोमीटर की रेस 32 मिनट और 49-291 सेकेंड (औसत रफ्तार 36-6 किलोमीटर प्रति घंटा) में पूरी कर रजत पदक अपने नाम किया। लेकिन, स्वर्ण पदक पर कब्जा राजस्थान की मंजू चौधरी ने किया। बीकानेर में अभ्यास करने वाली बाड़मेर की इस बेटी ने 32 मिनट 15-142 सेकेंड (औसत रफ्तार 37-2 किलोमीटर प्रति घंटा) के साथ पहला स्थान हासिल किया। दिलचस्प बात यह है कि मंजू का यह पहला खेलो इंडिया यूथ गेम्स है और वह सिर्फ रोड रेसिंग में ही हिस्सा लेती हैं। मंजू की टीम की साथी रुक्मिणी भी पीछे नहीं रहीं और उन्होंने 33 मिनट 40-233 सेकेंड (औसत रफ्तार 35-6 किलोमीटर प्रति घंटा) में रेस पूरी कर कांस्य पदक अपने नाम किया। स्कूल गेम्स की चैंपियन और दो साल पहले ही साइक्लिंग शुरू करने वाली मंजू ने अपनी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मैं यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने आई थी और मैं अपने परफॉर्मेंस से बहुत खुश हूं। मुझे रोड रेसिंग बहुत पसंद है और मैं सिर्फ टाइम ट्रायल में ही हिस्सा लेती हूं। यहां रेस करने में मुझे बहुत अच्छा लगा। महिलाओं की इस स्पर्धा में महाराष्ट्र की शिवानी कृष्ण पारित चौथे और मेजबान बिहार की अमृता कुमारी पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग के 30 किलोमीटर टाइम ट्रायल रेस में राजस्थान के रामवतार चिम्पा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्लीन स्वीप किया। रामवतार ने 40 मिनट 21 :245 सेकेंड (औसत रफ्तार 44.6 किलोमीटर प्रति घंटा) के साथ स्वर्ण पदक जीता।

डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए

# द. अफ्रीका व ऑस्ट्रेलिया ने टीम घोषित की

### द. अफ्रीका ने टीम की कमान तेम्बा बावुमा को सौंपी, एनगिडी की वापसी से गेंदबाजी होगी मजबूत

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को लॉड्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीकी चयनकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले के लिए टीम की कमान आज टेम्बा बवुमा को सौंपी।

द. अफ्रीका ने पाकिस्तान के साथ हुई टेस्ट सीरीज वाली टीम में दो बदलाव करते हुए शेष सभी खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है, लेकिन क्वेना मफाका और मैथ्यू ब्रीट्जके को टीम से बाहर रखा है। चोट से उबरने के बाद लुंगी एनगिडी की टीम में वापसी से गेंदबाजी की धार और तेज हो जायेगी। टोनी डी जोंजी, रयान रिकेल्टन और एडन मारक्रम शीर्ष क्रम के बल्लेबाजी विकल्प हैं, जबकि उभरते सितारे ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम और बावुमा मध्य क्रम की कमान संभालेंगे। काइल वेरिन स्टंप के पीछे अपना जौहर बिखेरेंगे। वहीं गेंदबाजी की बात की जाये तो मुल्डर और जेनसन के साथ कैगिसो रबाडा, एनगिडी, डेन पैटरसन और कॉर्बिन बॉश के तेज गेंदबाजी की कामन होगी। केशव महाराज, सेनुरन मुथुसामी को स्पिन गेंदबाज के रूप में टीम में जगह दी गई। डब्ल्यूटीसी के फाइनल मुकाबले के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम इस प्रकार है:- तेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोंजी, एडन मारक्रम, वियान मुल्डर, मार्को जेनसन, कैगिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश, काइल वेरिन, डेविड बेडिंघम, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन, सेनुरन मुथुसामी और डेन पैटरसन। टीम को लेकर मुख्य कोच शुकरी कॉनराड का मानना है कि इस टीम ने इंग्लिश परिस्थितियों में दक्षिण अफ्रीका के लिए सभी तरह की तैयारियाँ की हैं और यह एक संतुलित टीम है। कॉनराड ने कहा कि सबसे पहले, मैं इस टीम के लिए चुने गए प्रत्येक खिलाड़ियों को बधाई देना चाहता हूं। इस समूह के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल में भाग लेना एक विशेष क्षण है। पिछले 18 महीनों में, हमने एक प्रतिस्पर्धी रेड-बॉल टीम बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है।

**ऑस्ट्रेलिया** ने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 11 जून से शुरु होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए पैट कमिंस की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

चयनकर्ताओं ने चोट से उबर रहे तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को टीम में शामिल किया है। टीम में मिशेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड तथा अनुभवी बल्लेबाज के रूप में उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड और

### जोश हेजलवुड और कैमरन ग्रीन को टीम में शामिल किया गया

विकेटकीपर एलेक्स कैरी को जगह दी गई हैं। जोश इंगलिस को भी बैकअप विकेटकीपर के रूप में शामिल किया गया है साथ ही युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास को टीम में जगह मिली है। बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमैन स्पिन विकल्प के रूप में नाथन लियोन के साथ शामिल हैं। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि यह एक संतुलित और अनुभवी टीम है और हम भाग्यशाली हैं कि पैट, जोश और कैम फिट होकर वापसी कर रहे हैं। टीम डब्ल्युटीसी खिताब के बचाव और लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीकी टीम का सामना करने के लिए उत्साहित है।

डब्ल्यूटीसी फाइनल के ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है:- पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जॉश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ (उप-कप्तान), मिशेल स्टार्क और ब्यू वेबस्टर।

## माइक हेसन पाक के वनडे और टी-20 कोच बने

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने माइक हेसन को पाकिस्तान का नया व्हाइट-बाल कोच बनाया है। हेसन वनडे और टी-20 के हेड कोच बने हैं। न्यूजीलैंड के माइक 26 मई से अपना पदभार संभालेंगे। हालांकि पीसीबी ने उनके कान्ट्रैक्ट के बारे में जानकारी नहीं दी। 50 साल के हेसन आईपीएल में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 2019-23 में हेड कोच रह चुके हैं। 2012-18 तक वे न्यूजीलैंड मेंस टीम के भी कोच रहे। अभी हेसन पाकिस्तान सुपर लीग में इस्लामाबाद यूनाइटेड को कोि. चंग दे रहे थे।


## कार्यालय, सहायक अभियन्ता (प्रथम) ग्रामीण निर्माण विभाग, उपखण्ड भीमताल।

पत्रांक: 37/ग्रा0नि0वि0/निविदा सूचना/2025-26 दिनांक: 13/05/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न निर्माण कार्यो की मुहरबन्द निविदा दिनांक 21-05-2025 के अपरान्ह 1:00 बजे तक ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड कार्यालय नैनीताल स्थित विकास भवन भीमताल में आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन अपरान्ह 2:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं निविदा समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा नामित प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्रों का विक्रय, दिनॉक 20.05.2025 को सांय 04:00 बजे तक ठेकेदार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि जिनके हस्ताक्षर ठेकेदार द्वारा प्रमाणित किये गये हों, को निविदा मूल्य लेखाशीर्षक 0515008000100 एवं जी0एस0टी0 की धनराशि (CGST+SGST) जी0एस0टी0 नम्बर 05AAAGE0687E1ZR में ऑनलाईन जमा कर ई चालान की प्रति प्रस्तुत किये जाने पर प्रखण्ड कार्यालय ग्रामीण निर्माण विभाग, नैनीताल स्थित विकास भवन भीमताल में किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 रहित लाख रू0 | धरोहर धनराशि लाख रू0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी0 | कार्य पूर्ण की अवधि | निविदा की वैधता | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | उपखण्ड प्रथम स्तर पर आमंत्रित निविदा | | | | | | |
| 01 | रा0इ0का0 रिखौली वि0ख0 बेतालघाट जनपद नैनीताल में एक ब्लॉक 02 शौचालय का निर्माण कार्य। | 3.50 | 10,500.00 | नि0मू0 रू0 500.00 + GST रू0 90.00 | 03 माह | 90 दिन | श्रेणी 'ई' एवं उच्चतर (भवन निर्माण) |

नोट:- 1- निविदा क्रय करने से पूर्व निविदा की शर्तो की जानकारी प्रखण्ड / उपखण्ड कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में प्राप्त करना अनिवार्य होगा, निविदा के शर्तो के अनुरूप ही कमेटी द्वारा निविदा स्वीकार की जायेगी।

सहायक अभियन्ता प्रथम
ग्रामीण निर्माण विभाग,
उपखण्ड भीमताल।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, रामनगर।

पत्रांक: 1169/निविदा/25-26 दिनांक:-13/05/2025

**-: निविदा सूचना :-**

एतद्वारा मुख्य महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड जल संस्थान देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा उ0ज0सं0 शाखा रामनगर, में निम्न कार्य हेतु, उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा टेण्डर बाक्स के माध्यम से दिंनाक 22.05.2025 के अपराहन 2:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक 22.05.2025 को अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा, उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य +जी.एस.टी. (रू.) | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी। |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जल जीवन मिशन के अन्तर्गत वि0ख0 रामनगर की भगुवाबगर पेयजल योजना में वाल्ब चौम्बर, पाईप लाईन, पम्प हाउस मरम्मत, एफ0एच0टी0सी0 एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 30000.00 | 1500+270.00=1770.00 | 'डी' एवं उच्च्तर |

शर्ते :-

1 धरोहर धनराशि एफ.डी.आर./बी.जी./एन.एस.सी. के रूप में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/डाकघर द्वारा निर्गत, जो अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, रामनगर के नाम से न्यूनतम 06 माह हेतु बंधक हों, जमा करानी होगी।

2. निविदा प्रपत्र दिनांक 15.05.2025 के सायं 3:00 बजे से दिनांक 21.05.2025 के सांय 5:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

3. निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशि, शपथ पत्र, स्टाम्प पेपर्स के Originals अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, रामनगर के कार्यालय में दिनांक 22.05.2025 सांय 2:00 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा कराये जाने होंगे।

4 एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, रामनगर में निहित होगा।

5. शेष समस्त नियम एवं शर्ते टैण्डर प्रपत्र के अनुसार होंगी।

अधिशासी अभियन्ता

# ग्रीनवे स्कूल के बच्चों ने हाईस्कूल व इंटर में लहराया परचम

## इंटर में 96.6% अंकों के साथ अभय वर्मा बने स्कूल टापर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सीबीएसई द्वारा इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें मार्डन स्कूल के हाईस्कूल व इंटर के छात्रों ने शानदार परचम लहराते हुए स्कूल व अपने परिवार का नाम रोशन किया है। जिसके तहत ग्रीनवे मॉडर्न स्कूल आदर्श नगर, रुड़की के विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विज्ञान वर्ग वर्ग में प्रथम स्थान 96.6% अंकों के अभय वर्मा ने प्राप्त किया। हर्ष निषाद 91% समीक्षा 92% अमन मलिक 90.4% श्री शर्मा 91.4% शार्वी तोमर 91.4% दिव्यांशु 89% प्रखर सिंह 87% सौम्या 85% गुनगुन 85% 85% वाणिज्य वर्ग में यशवी 96.4% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया प्रियंका विल्सन 93% गौरी वर्मा 93% ऋतिक वर्मा 93% मंथन 91.4% शांभवी 91% खुशी त्यागी 91.2% अनुष्का 91.2% प्रियांशु आर्य 91% शिवम गर्ग 91.2% कुणाल सैनी 92.8 सिद्धि ने 91.8% अंकों के साथ सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती माला चौहान एवं प्रबंधक महोदय अशोक चौहान ने सभी प्रतिभावन छात्रों को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह परीक्षा परिणाम छात्रों के अलावा शिक्षकों का भी योगदान है वह आगे भी बेहतर परिणाम के लिए और प्रयास करेंगें। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में समस्त शिक्षक वर्ग मौजूद रहा।



इंटरमीडिएट में खुशी का इजहार करते स्कूल के होनहार छात्र।

## हाईस्कूल में 98 फीसदी के साथ शुभ गर्ग पहले, ओमेश कुमार व अंजलि 97.40% के साथ दूसरे, अनुज रावत 96.80% के साथ तीसरे व नुसरा अख्तर 96.40 फीसद के रही चौथे स्थान पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित परिणाम में हाईस्कूल में ग्रीनवे मॉडर्न स्कूल आदर्श नगर रुड़की के बच्चों ने एक बार फिर से शानदार परचम लहराते हुए स्कूल व परिवार का नाम रोशन किया है।

ग्रीनवे के कक्षा हाईस्कूल में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों में **शुभ गर्ग ने सबसे अधिक** 98.00% **अंक प्राप्त कर स्कूल टाप किया है तो दूसरे नंबर पर ओमेश कुमार सिंह ने** 97.40% **के साथ रहे। वहीं अंजलि सक्सेना और अनुज रावत दोनों ने** 96.80% **अंक प्राप्त किए। नुसरा अख्तर ने** 96.40%, **अंक प्राप्त कर के स्कूल में चौथा स्थान प्राप्त किया।**



परीक्षा परिणाम के बाद ग्रीनवे मार्डन स्कूल रुड़की में जश्न मनाते हाईस्कूल के होनदार छात्र व छात्राएं।

कार्तिक शर्मा और नंदिनी गुप्ता ने 95.60%, सचिदानंद और पराग पांडेय ने 95.40% अंक प्राप्त किए। वंशिका गिरी और वैष्णवी सैनी ने 94.40%, अक्षत राज सैनी और भाव्या वर्मा ने 94.60%, कनिष्का ने 94.80%, दिवाकर भट्ट ने 94.00%, केशव अरोड़ा ने 94.20%, मान्हा और अभिनव सिंह ने 93.00%, कालाश खुराना ने 93.80%, तेजस्वी परमार, अवनी त्यागी और आरव चौधरी ने 93.20%, सान्वी चौहान ने 93.40%, आरोही त्यागी ने 92.80%, वासु वर्मा ने 92.60%, विजयंतवीर सैनी ने 91.60%, लव भारद्वाज ने 91.40%, वामिका त्यागी ने 91.00%, अक्षित जैन ने 91.80%, समर्पित, देवांशी नोरिया, मेहुल गुप्ता, और आयुष ने 90.80%, हिमांशु शुक्ला ने 90.20%, अक्षित चौधरी ने 90.40%, लवी वर्मा ने 90.00% प्राप्त किए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती माला चौहान एवं प्रबंधक महोदय अशोक चौहान ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान की इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में समस्त ग्रीनवे परिवार उपस्थित रहे।

# ग्रीनवे-2 के छात्रों ने भी लहराया परचम

## 10वीं में अयाज अली व 12वीं में धानवी बनी स्कूल टॉपर

रुड़की। ग्रीनवे मॉडर्न स्कूल 2 में आज मंगलवार को कक्षा 10वीं के सीबीएसई रिजल्ट की घोषणा होते ही विद्यालय के प्रांगण में हर्षोल्लास की लहर दौड़ गई। क्योंकि फिर एक बार विद्यालय के विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया। ग्रीनवे मॉडर्न स्कूल 2 का छात्र अयाज अली 99.2% प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का टॉपर बना। 98.8% प्रतिशत अंक लाकर आर्यांश कपिल ने विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। 97% प्रतिशत अंक लाकर उजैर जहीर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।96.4% प्रतिशत अंक लाकर अन्जनेय ने चतुर्थ स्थान , 94.8% प्रतिशत अंक लाकर पर्व ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। महजबीन ने 94.4% प्रतिशत अंक लाकर छठा,विष्णु ने 93.6% प्रतिशत अंक लाकर सातवां, यस ने 92.2% प्रतिशत अंक लाकर आठवां , श्रेयसी तिवारी ने 91.8% प्रतिशत अंक एवं अवनी ने 91.2% प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय को गौरवान्वित किया। हिंदी विषय में अयाज अली तथा मो० सानिब ने 100/100 अंक प्राप्त किए। कंप्यूटर विषय में अयाज अली, आर्यांस कपिल तथा पर्व गोयल ने 100/100 अंक प्राप्त किए, वही गणित विषय में अन्जनेय ने और विज्ञान विषय में अयाज अली ने 100/100 अंक प्राप्त किए। परीक्षा परिणाम के इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधन विभाग माला चौहान, अशोक चौहान ,रिदम चौहान व महक चौहान ने विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ0 सीमा भूषण, उपप्रधानाचार्या शिखा साहनी व शिक्षको को शुभकामनाएँ व बधाई दी तथा सभी बच्चों के अथक परिश्रम की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इंटरमीडिएट के होनहार.... .वहीं ग्रीनवे मॉडर्न स्कूल 2 रुड़की में कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने 100 प्रतिशत रिजल्ट के साथ सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता हासिल की। विद्यालय के कला वर्ग की धानवी ने 97% प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कामर्स वर्ग के आर्यन वर्मा 95.4% अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान पर रहे तथा अनन्या अवस्थी ने 95% अंक प्राप्त करके विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। दीप्ती गोयल व अँशिका मिश्रा 92% अंको के साथ चतुर्थ स्थान पर रहे। परीक्षा परिणाम के इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधन विभाग माला चौहान, अशोक चौहान, रिदम चौहान व महक चौहान ने विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ० सीमा भूषण, उपप्रधानाचार्या शिखा साहनी व शिक्षको को शुभकामनाएँ व बधाई दी तथा सभी बच्चों के अथक परिश्रम की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की



हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का रिजल्ट आने के बाद जश्न मनाते ग्रीनवे मार्डन स्कूल-2 के होनहार छात्र व स्टाफ।


# हाईस्कूल व इंटर में शानदार रहा दून पब्लिक स्कूल का परिणाम

**शाह टाइम्स संवाद दाता**

**रूडकी।** दून पबिलक स्कूल ग्रीन पार्क कालोनी रामपुर चुंगी रूडकी का हाईसकूल व इंटर का परिणाम शानदार रहा स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल व अपने परिवार का नाम रोशन किया। बारहवीं में हसन खान व मयंक व भविका शर्मा ने संयुक्त रूप से 93 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए कालेज का नाम रोशन किया तो अर्शी, सुप्रांशी, गौरव ने भी संयुक्त रूप से 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में दूसरा स्थान प्राप्त किया तो सत्या प्रसाद, अमन यादव व सुमंत्रा ने भी संयुक्त रूप से 91 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा प्राप्त किया। वहीं शना अंसारी, सफिया काजमी व अवनी गर्ग ने 90 प्रतिशत अंक पाकर कक्षा 12 में स्कल व परिवार का नाम रोशन किया।

इसी तरह हाईस्कूल में शिवम, देविशी ने 92 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल में प्रथम स्थान पाया। व मौ. शाद ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान। युविका व उत्तर सेनी ने 90 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा। जैद व हुरैन ने 87 प्रतिशत अंक पाकर चौथा व अम्मार ने 86 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल में पांचवा स्थान पाया। स्कूल प्रबंधक जहीर अहमद व प्रधानाचार्य ने होनहार छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इंटरमीडिएट में शानदार प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र




हाईस्कूल में शानदार प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र




# बच्चों की लड़ाई ने लिया जातीय संघर्ष का रूप, गांव में पुलिस बल तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र के डाडा जलालपुर गांव में पिछले तीन दिनों से चली आ रही बच्चों की लड़ाई ने जातीय संघर्ष का रूप धारण कर लिया गांव में एस पी देहात हरिद्वार पुलिस अमले के साथ गांव में पहुंचे और किसी तरह ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत किया , एस सी समाज के लोगो ने पुलिस पर कार्यवाही न करने के आरोप लगाए और दूसरे पक्ष के लोगों ने स्थानीय कांग्रेस विधायक ममता राकेश के दबाव में प्रशासन के काम करने के आरोप लगाए। दरअसल डाडा जलालपुर गांव में पिछले दिनों सैनी , धीमर और एस सी समाज के लोगो में मामूली विवाद हो गया जिसके बाद दोनों पक्षों में लाठी डंडे और खूनी संघर्ष हो गया था दोनों तरफ से तहरीर दी गई थी एस सी समाज के लोगो का कहना है कि पुलिस ने कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की थी जिसका नतीजा ये हुआ कि आज खेत में काम कर रहे दलित युवक को घेरकर दूसरे पक्ष के लोगों ने खूब मारपीट की जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद एस सी समाज के लोगो में रोष उत्पन्न हो गया और देखते ही देखते गांव में खासा तनाव बन गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को कंट्रोल किया और एस पी देहात शेखर सुयाल ने कहा कि अब ऐसे लोगों पर प्रभावी कार्यवाही होगी

## पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लकसर के द्वारा जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा मनानीय न्यायालय से प्राप्त आदेशिकाओं का शत प्रतिशत तामिल करने के लिए निर्देशित किया गया था जिसके अनूपालन में कोतवाली लक्सर द्वारा न्यायालय से जारी आदेशिकाओं की तामील के लिए पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा संदीप कुमार पुत्र बलवीर सिंह निवासी मख्याली कला कोतवाली लकसर हरिद्वार को गिरफ्तार किया गया उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दीपक चौधरी कांस्टेबल संदीप रावत शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## फर्स्ट फ्यूजन कप पर एफएमसीसी ए ने किया कब्जा

**शाह टाइम्स संवाद दाता**

**मंगलौर।** श्रीपुरन चंद्र सिंह त्यागी क्रिकेट मैदान पर खेले गए फर्स्ट फ्यूजन कप पर एफएमसीसी ए ने एफएमसीसी बी को हराकर जीत हासिल की और विजेता बना।

एफएमसीसी ,ए ने पहले बैटिंग करते हुए 196 रन का टारगेट दिया एफएमसीसी, ए की तरफ से अर्थव त्यागी ने सबसे ज्यादा 56 रन बनाए, आर्यन ने 24 और शोएब ने 20 रन बनाए। एफएमसीसीबी की ओर से अनास और हर्षवर्धन ने दो-दो विकेट लिए टारगेट का पीछा करने आई एफएमसीसीबी 86 रन पर आउट हो गई। एफएमसी बी की ओर से सबसे ज्यादा रन उमर ने 26 रन बनाए ।आदेश ने चार विकेट , आर्यन ने दो विकेट लिए। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का खिताब अजय ने प्राप्त किया बेस्ट बॉलर दून क्रिकेट अकादमी के आर्यन को मिला। मैच के दौरान मंथन और दीपांशु ने निष्पक्ष अंपायरिंग कर खेल प्रेमियों का दिल जीता। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि दिविक राणा ने विजेताओं को पुरस्कृत कर हौसला बढ़ाया। अंत में प्रतियोगिता के आयोजक चिराग त्यागी एवं एवं क्रिकेट प्रशिक्षक रोहित कुमार ने सहयोगियों एवं खेल प्रेमियों सफलतापूर्वक प्रतियोगिता संपन्न कराने हेतु आभार प्रकट किया।

# इमलीखेड़ा सरकारी नलकूप का ट्रांसफार्मर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** क्षेत्र के इमलीखेड़ा के जंगल में लगे सरकारी नलकूप का ट्रांसफार्मर चोरों ने क्षतिग्रस्त कर तेल उपकरण चोरी कर लिए। ऊर्जा निगम के जेई गोपाल सैनी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पिरान कलियर क्षेत्र के इमलीखेड़ा के जंगल में सरकारी नलकूप पर लगे ट्रांसफार्मर को सोमवार की रात को चोरों ने क्षतिग्रस्त कर उसमें से तेल कीमती उपकरण चोरी कर लिए है। सुबह जब लोग खेतों पर गए तो उन्होंने देखा ट्रांसफार्मर नीचे जमीन पर पड़ा है ओर उसके अंदर का सभी सामान गायब है।इसकी सूचना ऊर्जा निगम के जेई गोपाल सैनी को दी।जेई ने मौके पर जाकर मौका मुआयना किया।जेई गोपाल सैनी ने बताया कि ट्रांसफार्मर चोरी होने की तहरीर पुलिस को दी गई है। एसओ रविंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस तहरीर के आधार पर जांच कर रही है।जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

वहीं दूसरी विधानसभा कलियर रहमतपुर गांव में राज्य योजना से बनने वालीआंतरिक सड़कों का शिलान्यास विधायक हाजी फुरकान अहमद ओर हाजी सईद हसन ने फीता काटकर किया। विधायक हाजी फुरकान अहमद ने बताया कि मेन रोड से रहमतपुर गांव में जाने वाली सड़क जर्जर हो चुकी थी।आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी।स्थानीय निवासियों ने इस सड़क को बनाने की मांग की थी। राज्य योजना से 57 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया गया है।

## दुकान में बैठकर शराब पी रहे युवक की बाइक ले उड़ा चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शराब की दुकान पर शराब पीने गए युवक को शराब पीना उस समय भारी पड़ गया जब उसकी मोटरसाइकिल दुकान के बाहर से चोरी हो गई। अब पीड़ित पुलिस की गुहार लगाता थाने में नजर आया। जानकारी के अनुसार गंगनहर कोतवाली क्षेत्र का चंद्रपुरी निवासी एक युवक क्षेत्र में ही एक शराब की दुकान की कैंटीन में शराब पी रहा था उसने अपनी बाइक दुकान के बाहर खड़ी की थी इधर जाम पर जाम छलक रहे थे तो उधर चोर ने मौके का फायदा उठाया और उसकी बाइक पर हाथ साफ कर दिया। अब शुरूर बनाने के बाद जब युवक कैंटीन से बाहर निकला तो सारी शराब एक झटके में उतर गई। आसपास देखा तो कहीं बाइक नहीं मिली तो सुबह पुलिस स्टेशन पहुंच मदद की गुहार लगाई। पुलिस ने तो मामले में कारवाई का आश्वासन दिया।

# पुलिस ने दो तार चोर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाद दाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा विद्युत तार चोरी करने वाले दो सातीर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 70 किलोग्राम विद्युत तार जिसकी लंबाई करीब 500 मीटर बरामद हुआ है। राजीव रौथाण कोतवाली पर भारी लक्सर के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की क्षेत्र में हो रही लगातर विद्युत तार चोरी की घटनाओं का एसएसपी हरिद्वार द्वारा गंभीरता से संज्ञान लेते हुए घटनाओं के अनावरण के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबीर की सूचना पर थाना क्षेत्र के गांव में हो रही विद्युत तार चोरियों की घटना पर अंकुश लगाया जाने के लिए रात्रि में चेकिंग के लिए सभीथाना चौकीयों से अलग-अलग टीम बनाकर जांच करते हुए 12 मई 2025 क्षेत्र से 70 किलोग्राम विद्युत तार लंबाई करीब 500 मीटर के साथ दो सातीर चोरों को गिरफ्तार किया है उन्होंने बताया की विद्युत पोलों खेतों से लगे टयूवैल तक के विद्युत तार चोरी करने की घटनाओं को अनजाम देना स्वीकार किया पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम मनीष कुमार पुत्र प्रेमचंद निवासी ग्राम भट्टीपुर थाना पथरी जनपद हरिद्वार उम्र 26 वर्ष आदित्य पुत्र भरत सिंह निवासी ग्राम भट्टीपुर थाना कोतवाल लक्सर जनपद हरिद्वार उम्र 19 वर्ष बताएं उनको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में रायशी पुलिस चौकी प्रभारी कमलकांत रतूड़ी कांस्टेबल अनिल वर्मा राजेंद्र बिष्ट अरुण चौहान मोहित खतवाल सुरेश चौहान शामिल रहे पकड़े गए दोनों सातीर चोरों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए दोनों सातीर चोरों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# पुलिस ने ट्रकों से बैट्री चोरी करने वाला दबोचा, दो बैट्री बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा ट्रकों से बैट्री चोरी करने वाले सातीर चोर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी की गई दो बैट्री बरामद हुई है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लकसर ने जानकारी देते हुए बताया 12 मई 2025 को दिलदार सिंह पुत्र गुरनाम सिंह निवासी ऐथल थाना पथरी व वन्स शैनी पुत्र पवन सैनी निवासी जैतपुर लकसर द्वारा थाने पर अपने अपने ट्रक से बैट्री चोरी करने के संबंध में सूचना दी गई थी जिसके संबंध में थाने पर अभियोग पंजीकृत किया गया था घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार द्वारा कोतवाली लक्सर को घटना की सत्यता व सीघर अनावरण के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा अभियुक्त की धर पकड़ के लिए स्थानिय सतर पर बारीकी से जानकारी जुटाकर थाना क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने हुए उस सूचना पर चंद घंटो में ही पुलिस द्वारा दौराने चेकिंग लक्सर निवासी अहसान को लक्सर क्षेत्र से पहले ही दबोच लिया मौके पर पूछताछ में अभियुक्त द्वारा ट्रकों से बैट्री चोरी करने के बात कबुल करते हुए चोरी की बैट्री को बहादुरपुर फाटक के पास खडर में छिपाना बताया गया उसकी निशानदेही पर चोरी की बैट्री को बरामद किया गया पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम अहसान पुत्र फुरकान निवासी वार्ड नंबर पाच थाना कोतवाल लक्सर हरिद्वार बताया उसके खिलाफ पहले भी संबंधित मुकड़में दर्ज है उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में अउपनिरीक्षक रणजीत नौटियाल कांस्टेबल ध्वज वीर चौहान महावीर सिंह शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# लक्सर पुलिस की गो-तस्करों से हुई मुठभेड़

## जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल, बाकी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** अल सुबह पिरान कलियर थाना पुलिस की गो तस्करों के साथ जंगल में मुठभेड़ हो गई। पुलिस मुठभेड़ में एक गौ तस्कर के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने घायल तस्कर को गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि अन्य गौ तस्कर भाग निकलने में कामयाब रहे। जानकारी लगने पर अस्पताल में आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की बाबत जानकारी जुटाई। पुलिस टीम फरार तस्करों की तलाश के लिए दबिश दे रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह-सुबह पिरान कलियर थाना पुलिस को जानकारी मिली कि थाना क्षेत्र के जंगल में गो तस्कर तस्करी कर रहे हैं। सूचना मिलने पर कलियर थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार, धनोरी चौकी इंचार्ज पुष्कर सिंह चौहान, इमली चौकी इंचार्ज उमेश कुमार मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस बीच गौ तस्करों ने अपने आप को पुलिस से घिरा हुआ देख पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक गौ तस्कर के पैर में गोली लगी जबकि अन्य गौ तस्कर मौके का फायदा उठाकर भाग निकलने में कामयाब रहे।



पुलिस ने घायल तस्कर का नाम नौशाद पुत्र इसाक निवासी ग्राम सिकरोढा थाना भगवानपुर बताया है। घायल गो तस्कर को रुड़की के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी लगने पर सिविल अस्पताल में एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल, सीओ विवेक कुमार समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह के आपराधिक लोगों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने घायल बदमाश से फरार गौ तस्करों की जानकारी जुटाई और पुलिस को शीघ्र उन्हें भी गिरफ्तार करने के लिए निर्देश जारी किया। थाना पुलिस गो तस्करों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है। पीरान कालिया थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि फरार गो तस्करों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# तीसरे पक्ष की जगह नहीं

भारत-पाकिस्तान के बीच यूं तो सीजफायर हो गया और यह भी जायज है, लेकिन सीजफायर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जिस तरह का श्रेय ले रहे है वह बेहद अटपटा सा ही है। कभी वह कहते है कि भारत-पाकिस्तान को मनाने के लिए उन्होंने काफी गंभीर प्रयास किए और दोनों देशों के नेताओं की इस बात के लिए भी तारीफ करते है कि उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति और विवेकपूर्ण सोच के चलते ही सीजफायर संभव हो पाया, लेकिन एक चीज जो उन्होंने कही वह बेहद महत्वपूर्ण है। ट्रम्प ने 11 मई को कहा था कि मैं भारत-पाकिस्तान के साथ मिलकर यह देखने कि कोशिश करूंगा कि क्या कश्मीर मुद्दे का कोई हल निकाला जा सकता है। सवाल यह है कि कश्मीर का मुद्दा अचानक कहा से आ गया। उनके इस बयान को लेकर भारत में तरह-तरह के सवाल उठना सवभाविक है जो उठ भी रहे है। क्योंकि भारत का स्टैंड कश्मीर को लेकर बिलकुल साफ रहा है और उसमें किसी तरह का कोई बदलाव नहीं आया है। भारत ने बार-बार कहा है कि भारत-पाक के बीच किसी भी विवाद को सुलझाने में वह किसी भी तीसरे देश की मध्यस्ता स्वीकार नहीं करेगा। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति भारत के स्टैंड को जानते हुए भी अपनी टांग क्यूं फंसा रहे है। बात तो इस समय आतंकवाद पर होनी चाहिए थी, लेकिन ट्रम्प साहब कश्मीर को बीच में ले आए। जाहिर है यह अमेरिका की दौहरी नीति ही कही जाएगी। बेशक अमेरिकी राष्ट्रपति को सीजफायर का श्रेय देना ही चाहिए इसमें कोई समस्या भी नहीं है दो देशों के बीच में सुलह कराना अच्छे कार्य ही माना जाएगा, लेकिन किसी अच्छे कार्य करने की आड़ में एक नए विवाद को जन्म देना यह कुटिल चालाकी ही कहा जाएगा। यहीं कारण है कि भारत ने तुरंत इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी और अमेरिका को भी साफ समझा दिया है कि वह कश्मीर विवाद में ना पड़े। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे देश का दखल मंजूर नहीं है और इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। साथ ही जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। क्योंकि उनकी नजर में यही मामला एक लम्बित मामला है और इसी पर विवाद बना हुआ है और कभी जब भी बात होगी तो वह पीओके पर ही होगी। भारतीय विदेश मंत्रालय ने माना कि 7 मई से 10 मई के बीच गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति को लेकर भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच बातचीत होती रही, लेकिन इस बातचीत में कभी व्यापार का मुद्दा नहीं उठा। जाहिर है कि जायसवाल ऐसा कह रहे थे तो वह डोनाल्ड ट्रम्प के 12 मई को दिए उस बयान का हवाला दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों देशों के नेताओं से उन्होंने स्पष्ट कहा था कि यदि वह सीजफायर के लिए तैयार नहीं होते है तो अमेरिका उनके साथ व्यापार में मदद नहीं करेगा। मलतब साफ है कि व्यापार करने की धमकी ही दोनों देशों पर काम कर गई। जबकि अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसका खंडन किया।

## सरकार पुनरावलोकन समिति गठित करे



पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष पर एक पुनरावलोकन समिति गठित की जानी चाहिए, जो कारगिल युद्ध के समय की तरह काम कर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपे, कारगिल युद्ध समाप्त होने के बाद वाजपेयी सरकार ने इस तरह की एक रिपोर्ट तैयार कराई थी और बाद में रिपोर्ट को संसद में पेश किया गया था, कारगिल युद्ध समाप्त होने के ठीक तीन दिन बाद वाजपेयी सरकार ने 29 जुलाई 1999 को कारगिल पुनरावलोकन समिति गठित की थी, इसकी रिपोर्ट 23 फरवरी 2000 को संसद में प्रस्तुत की गई, हालांकि इसके कुछ हिस्सों को अब भी गोपनीय रखा गया और ऐसा होना भी चाहिए, क्या सरकार अब पहलगाम हमले को लेकर एनआईए की जांच के बावजूद इसी तरह का एक स्वतंत्र और व्यापक विश्लेषण के जरिये विस्तृत आकलन कराएगी।

**जयराम रमेश**
**प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# घरेलू कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार बनें






भारत में घरेलू कर्मचारी, जिन्हें आमतौर पर नौकर, बाई, या हेल्पर के रूप में जाना जाता है, कई परिवारों के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में, ये कर्मचारी घरों की सफाई, खाना पकाने, बच्चों की देखभाल, और अन्य आवश्यक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। हालांकि, उनके साथ व्यवहार करने का तरीका अक्सर सामाजिक, आर्थिक, और नैतिक सवाल उठाता है। आज के माहौल में ज़रूरत इस बात की है कि घरेलू कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक, निष्पक्ष, और संवेदनशील व्यवहार कैसे किया जाए ताकि एक स्वस्थ और सामंजस्यपूर्ण कार्य वातावरण बनाया जा सके।

घरेलू कर्मचारी भी, भले ही उनकी सामाजिक या आर्थिक स्थिति अलग हो, सम्मान के हकदार होते हैं। भारत में, जहां सामाजिक वर्ग-भेद अभी भी प्रचलित है, यह महत्वपूर्ण है कि हम कर्मचारियों को केवल 'नौकर' के रूप में न देखें, बल्कि एक व्यक्ति के रूप में समझें, जिनके पास अपनी भावनाएं, जरूरतें, और आकांक्षाएं हैं। कर्मचारी को 'बाई' या 'कामवाली' जैसे सामान्य शब्दों के बजाय उनके नाम से पुकारें तो यह एक छोटा-सा कदम उनके प्रति सम्मान दर्शाता है। कठोर शब्दों या आदेशात्मक लहजे से बचें। उनकी मेहनत को सराहें और धन्यवाद देना न भूलें। उनके व्यक्तिगत जीवन, परिवार या आर्थिक स्थिति के बारे में अनावश्यक सवाल न पूछें। अगर वे स्वयं कुछ साझा करना चाहें, तो सहानुभूति के साथ सुनें।

घरेलू कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति अक्सर कमजोर होती है, और वे अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। इसलिए, उन्हें उचित पारिश्रमिक देना और उनके कार्य की सम्मानजनक स्थिति प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। कई भारतीय शहरों में घरेलू कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है। अपने क्षेत्र के नियमों का पालन करें और बाजार दर के अनुसार वेतन दें। यदि संभव हो, तो समय-समय पर उनकी वेतन भी बढ़ाएं। कर्मचारियों को अनिश्चित समय तक काम करने के लिए मजबूर न करें। उनके साथ स्पष्ट रूप से कार्य का समय और जिम्मेदारियां तय करें। उन्हें साप्ताहिक अवकाश, त्योहारों पर छुट्टी, और आपातकालीन स्थिति में अवकाश देने का प्रावधान करें। बीमारी या पारिवारिक जरूरतों के लिए भी लचीलापन दिखाएं। घरेलू कर्मचारी आपके लिए काम करते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा और आराम का ध्यान रखना आवश्यक है। सुनिश्चित करें कि आपके घर में कोई खतरनाक उपकरण या रसायन कर्मचारी की पहुंच में न हों। उन्हें उपकरणों का उपयोग करने की ट्रेनिंग दें। उन्हें पीने का साफ पानी, बैठने की उचित जगह और यदि वे लंबे समय तक काम करते हैं, तो भोजन भी उपलब्ध कराएं। गर्मियों में पंखे या कूलर और सर्दियों में गर्म कपड़े जैसी मौसमी सहायता देने पर

**घरेलू कर्मचारियों की आर्थक स्थिति अक्सर कमजोर होती है और वे अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, इसलिए उन्हें उचित पारिश्रमिक देना और उनके कार्य की सम्मानजनक स्थिति प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है, कई भारतीय शहरों में घरेलू कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है**

भी विचार करें। यदि संभव हो, उनके लिए स्वास्थ्य बीमा या चिकित्सा खर्चों में सहायता प्रदान करें। यह न केवल धर्मार्थ कार्य है, बल्कि ऐसा करने से आपके और उनके बीच सौहार्द भी बढ़ता है। घरेलू कर्मचारियों के साथ एक स्वस्थ संबंध बनाए रखने के लिए खुला और स्पष्ट संवाद जरूरी है। यदि कर्मचारी अपनी समस्याएं या सुझाव साझा करना चाहें, तो उनकी बात धैर्यपूर्वक सुनें। उनकी राय को महत्व दें। कर्मचारियों पर अनावश्यक शक न करें। यदि कोई गलती हो, तो उसे शांतिपूर्वक और सम्मानपूर्वक संबोधित करें। कर्मचारियों के साथ दोस्ताना व्यवहार अच्छा है, लेकिन अत्यधिक व्यक्तिगत होने से बचें। स्पष्ट सीमाएं दोनों पक्षों के लिए सहजताबनाए रखती हैं।

भारत में घरेलू कर्मचारियों के अधिकारों को लेकर कानून धीरे-धीरे बेहतर हो रहे हैं। नियोक्ता के रूप में, आपको इन कानूनों का पालन करना चाहिए। घरेलू कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन, यौन उत्पीड़न से सुरक्षा और कार्यस्थल पर भेदभाव से मुक्ति जैसे अधिकार प्राप्त हैं। इनका उल्लंघन न करें। 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को घरेलू कार्य के लिए नियुक्त करना अवैध है। यह सुनिश्चित करें कि आपके कर्मचारी वयस्क हों। यदि संभव हो तो कर्मचारी के साथ एक साधारण लिखित अनुबंध बनाएं, जिसमें वेतन, कार्य घंटे, अवकाश और उनकी जिम्मेदारियां स्पष्ट हों। जिससे बाद में किसी भी तरह का विवाद न हो। घरेलू कर्मचारी भी हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। फिर भी वे अक्सर उपेक्षित रहते हैं। नियोक्ता के रूप में आप उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव भी ला सकते हैं। यदि आपके कर्मचारी या उनके बच्चे पढ़ना चाहते हैं, तो उन्हें स्कूल या प्रशिक्षण केंद्रों से जोड़ने में मदद करें। उनके कौशल विकास के लिए प्रोत्साहित करें। उन्हें अपने घर के छोटे-मोटे उत्सवों में शामिल करें, जैसे कि जन्मदिन या अन्य त्योहार। इससे उन्हें अपनापन महसूस होता है। यदि आप देखते हैं कि अन्य लोग घरेलू कर्मचारियों के साथ गलत व्यवहार कर रहे हैं, तो इसका विरोध करें और जागरूकता फैलाएं।

कभी-कभी कर्मचारियों के साथ आपके बीच मतभेद या अन्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इनका समाधान शांतिपूर्वक और समझदारी से करना चाहिए। यदि कर्मचारी कोई गलती करता है, तो उसे डांटने के बजाय समझाएं और सुधरने का अवसर दें। ग्रामीण क्षेत्रों से आए कर्मचारी शहरी जीवनशैली से अपरिचित हो सकते हैं। उन्हें धैर्यपूर्वक समझाएं और प्रशिक्षित करें। यदि कोई बड़ा विवाद हो, तो परिवार के किसी वरिष्ठ सदस्य या तटस्थ व्यक्ति की मदद लें। घरेलू कर्मचारियों के साथ व्यवहार केवल एक मालिक-कर्मचारी संबंध तक सीमित नहीं है। यह मानवता, करुणा, और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। भारत जैसे देश में, जहां सामाजिक और आर्थिक असमानताएं गहरी हैं, घरेलू कर्मचारियों के प्रति हमारा व्यवहार समाज में बदलाव लाने का एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। सम्मान, उचित पारिश्रमिक, सुरक्षा, और संवाद के माध्यम से, हम न केवल उनके जीवन को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि अपने घरों में भी सकारात्मक और सामंजस्यपूर्ण वातावरण बना सकते हैं। आइए, हम सभी मिलकर एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करें, जहां हर मेहनतकश व्यक्ति को वह सम्मान और अधिकार मिले, जिसका वह हकदार है। आज से 50 वर्ष पूर्व हिंदी की एक प्रतिष्ठित साप्ताहिक पत्रिका में लेख छपा था, 'चाकरी धर्म सबसे मुश्किल'। उसकी कुछ पंक्तियां मुझे याद आ रही हैं। 'आपका सेवक अगर ज़ोर से बोले तो आप कहते हैं कि सिर पर क्यो चढ़ा आ रहा है? धीरे से बोले तो आप कहेंगे कि ज़ोर से क्यों नहीं बोलता? क्या मुंह में दहीं जमा है? अगर वो काम में फुर्ती दिखाए और समझदारी की बात करे तो आप कहते हैं कि ये बड़ा चलता पुर्जा है। अगर काम में सुस्ती दिखाए और कम समझदारी की बात करे तो आप उसे अपमानजनक उपमा देकर सबके सामने उसका मज़ाक़ उड़ाते हैं।' इसलिए कहते हैं कि सेवा का कार्य सबसे कठिन होता है।

# महामारी संधि के लिए एकजुटता, अमेरिका बाहर

**स्रोत फीसर्च**

तीन साल की बातचीत के बाद, दुनिया के देशों ने आखिरकार एक ऐतिहासिक संधि पर सहमति जताई है, जिसका उद्देश्य भविष्य की महामारियों के लिए बेहतर तैयारी करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा समर्थित नई वैश्विक संधि, कोविड-19 महामारी के दौरान हुई गलतियों से सीखकर, खासकर टीकों, दवाओं और सूचनाओं के आदान-प्रदान को बेहतर बनाने की कोशिश है। संधि का मुख्य उद्देश्य महामारी से निपटने के तरीकों को त्वरित और निष्पक्ष बनाना है एवं देशों को एकजुट करना है। गौरतलब है कि इस समझौते से एक महत्वपूर्ण पक्ष, यानी अमेरिका, गायब है। शुरुआती बातचीत में अहम भूमिका निभाने के बावजूद, अमेरिका ने इन वार्ताओं से दूरी बना ली है। फिर भी, अधिकांश देशों ने लोगों की भलाई के लिए समझौता वार्ता को जारी रखा। संधि की कुछ मुख्य बातें यहां दी प्रस्तुत हैं।

### स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की सुरक्षा

संधि की पहली सहमति स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को बेहतर सुरक्षा देने से सम्बंधित है। कोविड-19 संकट के दौरान, अग्रिम पंक्ति के कई कार्यकर्ताओं (डॉक्टर, नर्स, लैब तकनीशियन वगैरह) को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) की गंभीर कमी का सामना करना पड़ा था। संधि में इन अग्रिम पंक्ति कार्यकर्ताओं के लिए बेहतर नीतियां बनाने की बात की गई है ताकि उन्हें सही उपकरण, प्रशिक्षण और समर्थन मिल सके। उनकी सुरक्षा महत्वपूर्ण है क्योंकि अगर स्वास्थ्य कार्यकर्ता बीमार पड़ते हैं तो पूरी स्वास्थ्य प्रणाली ठप हो जाती है।

### नए टीकों व दवाओं को मंजूरी

संधि देशों से आव्हान करती है कि नए टीकों और दवाओं के परीक्षण और मंज़ूरी प्रक्रिया को, सुरक्षा से समझौता किए बगैर, गति दें। इसका उद्देश्य वैश्विक प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना है ताकि जीवन रक्षक उपचार लोगों तक जल्दी पहुंच सकें। इसके लिए संधि में देशों को अपनी दवा नियामक प्रणालियां मज़बूत करने का सुझाव दिया गया है।

### छलकने को थामना

कई महामारियां, जैसे कोविड-19, तब शुरू हुई जब वायरस जीवों से मनुष्यों में पहुंचे। इसे (छलकना) 'स्पिलओवर कहा जाता है। संधि में ऐसे स्पिलओवर का खतरे कम करने के लिए अधिक निवेश का सुझाव है। इसमें जंतुओं में रोगों की निगरानी, वन्यजीव व्यापार पर सख्त नियंत्रण और जीवित जंतुओं के बाज़ारों में स्वच्छता और निगरानी में सुधार शामिल है।

### त्वरित डैट साझेदारी

कोविड-19 के दौरान, वायरस के नमूनों और जेनेटिक जानकारी साझा करने में देरी से टीकों और परीक्षणों के विकास में बाधा आई। संधि में देशों से नए वायरसों और बैक्टीरिया के बारे में जानकारी तुरंत और सार्वजनिक करने की अपील की गई है, ताकि दुनिया भर के वैज्ञानिक मिलकर उपचार विकसित कर सकें।

### पहुंच में समता

पिछली महामारी में, समृद्ध देशों ने ज़रूरत से ज्यादा टीके जमा कर लिए थे, जबकि गरीब देशों को

**Covid-19 के दौरान वायरस के नमूनों और जेनेटिक जानकारी साझा करने में देरी से टीकों और परीक्षणों के विकास में बाधा आई, संधि में देशों से नए वायरसों और बैक्टीरिया के बारे में जानकारी तुरंत और सार्वजनिक करने की अपील की गई है**

बहुत लंबा इंतज़ार करना पड़ा था। अमीर हो या गरीब, संधि सभी देशों को टीका, उपचार और निदान का उचित हिस्सा, उचित समय पर देने की बात करती है। संधि में उत्पादकों को टीकों वगैरह का एक हिस्सा आपातकालीन स्थितियों में आपूर्ति हेतु दान करने या सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

इस संधि की मुख्य बात यह है कि यह कोविड-19 महामारी के अनुभव से जन्मी है। जिन देशों के पास टीका कारखाने थे, उनके पास टीकों की भरपूर खुराकें थीं, जबकि गरीब देशों को टीके मुश्किल से मिल रहे थे। यदि टीकों का समान वितरण होता तो लाखों संक्रमण और जानें बचाई जा सकती थीं। इसी समस्या के मद्देनज़र, डब्ल्यूएचओ के 194 सदस्य देशों ने दिसम्बर 2021 में एक वैश्विक संधि का मसौदा तैयार करना शुरू किया, ताकि भविष्य में ऐसी दिक्कतों से बचा जा सके।

संधि पर सहमति तक पहुंचना आसान नहीं था। वार्ता में सबसे मुश्किल मुद्दा समानता का था: यह कैसे सुनिश्चित किया जाए कि जो गरीब देश खतरनाक वायरस की जानकारी साझा करें, उन्हें उस जानकारी के आधार पर विकसित टीकों और उपचारों तक भी समान पहुंच मिले। इससे एक नया सिस्टम बना-रोगजनकों तक पहुंच व लाभों की साझेदारी (च्जीवहमद ।बबमे ंदक ठमदमपिजैंतपदह – चठै)। इसे इस तरह समझेंरू अगर कोई देश नया वायरस खोजता है और उसे पूरी दुनिया वैज्ञानिकों के साथ साझा करता है तो उसे इसके खिलाफ विकसित टीकों व दवाइयों का एक उचित हिस्सा मिलना चाहिए। न सिर्फ टीके मिलना चाहिए बल्कि टीका तैयार करने की विधि भी मिलना चाहिए ताकि ऐसे देश खुद अपना टीका बना सकें। एक और प्रमुख बहस प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के बारे में थी। इसका उद्देश्य विकासशील देशों को अपनी खुद की दवाइयां और टीके बनाने के लिए सहायता प्रदान करना है। कई निम्न-आय वाले देशों का मानना था कि उन्हें भविष्य में महामारी के दौरान समृद्ध देशों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, और उन्हें खुद को आत्मनिर्भर बनाना चाहिए।

लेकिन यह कैसे हो? प्रारंभिक मसौदों में कहा गया था कि प्रौद्योगिकी 'आपसी सहमति से तय शर्तों' पर साझा की जाएगी। हालांकि, कुछ समृद्ध देशों ने इसमें 'स्वैच्छिक' शब्द जोड़ने की इच्छा जताई, जिसका मतलब था कि किसी भी देश को प्रौद्योगिकी साझा करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। गरीब देशों के लिए यह अस्वीकार्य था क्योंकि उन्हें डर था कि इससे संधि कमज़ोर हो जाएगी और भविष्य के लिए गलत मिसाल बनेगी। लंबी चर्चाओं के बाद, दोनों पक्षों ने 'आपसी सहमति से तय शर्तों' शब्द को बरकरार रखा और एक फुटनोट जोड़ा, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि इसका मतलब 'इच्छा से लिया गया' है।

# झूठ फैलाकर उन्माद को हवा देना ठीक नहीं







**हद तो यह है कि इसी तरह के बदनाम शुदा टीवी चैनल्स रिपोर्टस को उनके झूठ फैलाने के चलते ही कई बार भीड़ के आक्रोश का सामना करना पड़ चुका है**

भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच दोनों देशों में 'तत्काल और पूर्ण संघर्षविराम' अर्थात फ़ायरिंग और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बन गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 'भारत और पाकिस्तान के बीच तत्काल और पूर्ण संघर्षविराम पर सहमति बनने' की जानकारी दी गई थी। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल सीज़फ़ायर पर सहमति जताई है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका की मध्यस्थता में हुई एक लंबी बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान ने पूर्ण और तत्काल सीजफ़ायर पर सहमति जताई है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि भारत और पाकिस्तान व्यापक मुद्दों पर बातचीत शुरू करने पर राज़ी हो गए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हम शांति का मार्ग चुनने में प्रधानमंत्री मोदी और शरीफ़ की बुद्धिमत्ता, विवेक और कूटनीति की सराहना करते हैं। यह युद्ध विराम ऐसे समय हुआ है जबकि भारत पाकिस्तान के मध्य तनाव बढ़ता ही जा रहा थे और दोनों और से एक दुसरे पर हमले व जवाबी हमलों के दावे किए जाने लगे थे। बहरहाल बुद्ध के देश से युद्ध विराम पर सहमति तो जता दी गई परन्तु इसमें भी कोई शक नहीं कि पहलगाम नरसंहार के बाद भारत ने जिसतरह पाक व पाक अधिकृत कश्मीर स्थित आतंक के गढ़ पर आक्रमण किया उससे न केवल पाकिस्तान बल्कि पूरी दुनिया को सन्देश चला गया है कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध किसी पंचायत में फ़रियाद लेकर जाने वाला नहीं बल्कि स्वयं आतंक का मुंह तोड़ जवाब देने वाला देश है।

परन्तु पहलगाम आतंकी हमले से लेकर ऑप्रेशन संदूर तक व उसके बाद युद्ध विराम की घोषणा होने तक भारतीय मीडिया ने जिस ग़ैर ज़िम्मेदारी का प्रदर्शन किया है उसकी जितनी भर्तस्ना की जाए वह कम है। ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रसारण के लिए इसी भारतीय मीडिया को देश की उच्च न्यायलय व सर्वोच्च न्यायलय द्वारा अनेक बार झिड़कियां सुननी पड़ीं हैं। कई बार ऐसे कई अनियंत्रित व भड़काऊ मीडिया चैनल्स को मुआफ़ी भी मांगनी पड़ चुकी है ,अनेक बार पुलिस व प्रशासन की ओर से ऐसी बेबुनियाद व झूठी ख़बरों का खंडन किया जा चुका है। हद तो यह है कि इसी तरह के बदनाम शुदा टीवी चैनल्स के रिपोर्टर्स को उनके झूठ फैलाने के चलते ही कई बार भीड़ के आक्रोश का सामना करना पड़ चुका है। ख़ुद उन्हें अपने ही चैनल में अपने ही द्वारा बुलाए गए मेहमानों से ही लाईव कार्यक्रमों में भरपूर बेइज़्ज़ती उठानी पड़ चुकी है। कई कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार पत्रकार ऐसे चैनल्स को छोड़ अपने यूट्यूब चैनल चलाकर अपनी लोकप्रियता व वास्तविक पत्रकारिता का प्रमाण दे रहे हैं। और इन सब का नतीजा यह है कि ऐसे सभी श्गोदी चैनल्स की टी आर पी काफ़ी गिर चुकी है। परन्तु इतना अपमान व ज़लालत सहने के बावजूद ऐसे चैनल्स व उनके पत्रकारों में कोई परिवर्तन आना तो दूर की बात उल्टे उनका स्तर और भी गिरता ही जा रहा है। यहां तक कि भारत पाक के बीच चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच भी सरकार को ऐसे चैनल्स को नियंत्रित रहने की सलाह देनी पड़ी। पाक प्रायोजित पहलगाम आतंकी हमले व जवाब में भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद, भारत सरकार के सूचना मंत्रालय ने मीडिया को ज़िम्मेदाराना व संवेदनशील रिपोर्टिंग करने की हिदायत भी जारी की थी। मीडिया को सलाह दी गई थी कि वह संयमित रहकर ज़िम्मेदाराना रिपोर्टिंग करे ताकि अफ़वाहें और ग़लत सूचनाएं न फैलें। रक्षा मंत्रालय ने भी 1 मई 2025 को मीडिया से फ़र्ज़ी व भ्रामक ख़बरों से दूर रहने की सलाह दी थी। क्योंकि ऐसी कवरेज दुश्मन को फ़ायदा पहुंचा सकती है और सुरक्षाकर्मियों के लिए ख़तरा पैदा कर सकती है। ग़ौरतलब है कि भारतीय सेना की प्रवक्ता के रूप में कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के बारे में यह बताया गया था कि ऑपरेशन सिन्दूर पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए शुरू किया गया था। ऑप्रेशन के लक्ष्य के विषय में बताते हुए उन्होंने कहा था कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मी में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिनमें 4 पाकिस्तान और 5 पीओके में थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी निर्दोष नागरिक को निशाना नहीं बनाया गया। ऑपरेशन का उद्देश्य आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना और पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देना था कि भारत आतंकवाद को सहन नहीं कर सकता। भारतीय सेना की कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी को प्रवक्ता के रूप में पेशकरने के साथ साथ यह भी कहा गया कि पूरा देश, पाकिस्तान के विरुद्ध भारत द्वारा उठाये जा रहे हर फ़ैसले के साथ एकजुट है।

मगर इस अति संवेदनशील घड़ी में भी भारतीय मीडिया सरकारी निर्देशों की गोया धज्जियां उड़ाने पर आमादा नज़र आया। गोदी मीडिया अपने चैनल्स पर भरपूर अफ़वाहें, ग़लत सूचनाएं और फ़र्ज़ी व भ्रामक ख़बरें प्रसारित करता रहा। युद्धोन्माद भड़काने के लिए इनके ऐंकर्स टी वी पर बन्दर की तरह उछलते व अभद्र शब्दावलियों का प्रयोग करते भी देखे गए। तनाव के दौरान एक ओर भारतीय सेना अपने रक्षात्मक पक्षों को सामने रख रही थी तो भारत का एक चैनल दावा कर रहा था कि पाकिस्तान के पांच शहर तबाह हो गए जबकि एक दूसरा चैनल पाकिस्तान के 25 शहर तबाह बता रहा था।

# डार्क सर्कल्स कम करने के लिए ट्राई करें ये घरेलू नुस्खे


डार्क सर्कल्स की वजह से चेहरे की सुंदरता कम हो जाती है। डार्क सर्कल्स होने के कई कारण हो सकते हैं। डार्क सर्कल्स की समस्या कम करने के लिए कई तरह के उपाय किए जाते हैं। लेकिन इन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल बंद करते ही डार्क सर्कल्स की समस्या दोबारा शुरू हो जाती है। लेकिन अगर आप इस समस्या को कम करना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। डार्क सर्कल्स को कम करने के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खे ट्राई कर सकती हैं। दरअसल, हम आपको 2 ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल करने से यह समस्या कम हो सकती है।

### खीरे का इस्तेमाल...

डार्क सर्कल्स को कम करने के लिए खीरे का इस्तेमाल भी किया जाता है। खीरे में कई गुण पाए जाते हैं। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जोकि चेहरे की सूजन, कालेपन और डार्क सर्कल को कम करने में सहायता करता है।

### ऐसे करें इस्तेमाल...

- सबसे पहले खीरे के पतले-पतले स्लाइस काट लें।
- अब इन स्लाइस को फ्रिज में रख दें।



- फिर इन स्लाइस को आंखों के ऊपर रखें।
- सप्ताह में 2-3 बार इसका उपयोग करना चाहिए।

### बादाम तेल से मालिश करें

बादाम का तेल स्किन से जुड़ी समस्या को खत्म करने के अलावा डार्क सर्कल को कम करने में भी उपयोगी माना जाता है। बादाम के तेल में कई सारे गुण पाए जाते हैं। बादाम के तेल में विटामिन ई पाया जाता है, जोकि स्किन संबंधी समस्या को कम करने में सहायक होता है। यह तेल स्किन में नमी बनाए रखने में भी मदद करता है।

### ऐसे करें इस्तेमाल...

- सबसे पहले एक कटोरी में बादाम का तेल लें।
- फिर इस तेल को डार्क सर्कल्स वाली जगह पर लगाएं।
- अब हल्के हाथों से मसाज करें।
- सप्ताह में 2-3 दिन बार इस उपाय को करने से आपको जल्द ही रिजल्ट मिलेगा।

## पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद किया खुलासा

# पाकिस्तान ने तोड़ी चुप्पी, 11 सैनिकों की मौत स्वीकारी

**इस्लामाबाद।** भारत की ओर से पाकिस्तान के सभी प्रोपेगैंडा को ध्वस्त करने के बाद भी पड़ोसी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाकिस्तान ने मंगलवार को एक बार झूठा दावा करते हुए कहा कि भारत के साथ हाल ही में हुए सैन्य टकराव के दौरान 11 सैन्यकर्मी मारे गए और 78 अन्य घायल हो गए, जबकि भारत ने सबूतों के साथ बताया था कि उसकी कार्रवाई में पाकिस्ताप के 35 से 40 सैनिक मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने 100 से ज्यादा आतंकियों को मिट्टी में मिलाया। एक बयान में पाकिस्तानी सेना ने यह भी दावा किया कि 6-7 मई की रात को भारत की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में 40 नागरिक मारे गए और 121 अन्य घायल हो गए। भारत और पाकिस्तान ने चार दिनों तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद संघर्ष को समाप्त करने के लिए शनिवार को एक समझौता किया था। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा करते हुए पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के 11 कर्मी मारे गए और 78 अन्य घायल हो गए। हताहतों में स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ, मुख्य तकनीशियन औरंगजेब, वरिष्ठ तकनीशियन नजीब, कॉर्पोरल तकनीशियन फारूक और वरिष्ठ तकनीशियन मुबाशिर शामिल हैं। बयान में कहा गया कि हमले में मारे गए सैन्य कर्मियों में नायक अब्दुल रहमान, लांस नायक दिलावर खान, लांस नायक इकरामुल्लाह, नायक वकार खालिद, सिपाही मुहम्मद अदील अकबर और सिपाही निसार शामिल हैं। सेना ने यह भी दावा किया कि 6-7 मई की रात को सात महिलाओं और 15 बच्चों सहित 40 नागरिक मारे गए और 121 अन्य घायल हो गए। बयान में कहा गया है कि जवाब में पाकिस्तान सशस्त्र बलों ने बुनयान उल मरसूस के माध्यम से प्रतिशोधी हमले किए। पाकिस्तान के सशस्त्र बल, पाकिस्तान के लोगों के साथ मिलकर मृतक नागरिकों और सैन्य कर्मियों को श्रद्धांजलि देते हैं।

## मोदी के भाषण को पाक ने भड़काऊ कहा

**इस्लामाबाद।** पीएम मोदी के आदमपुर एयरबेस पर दिए भाषण को लेकर पाकिस्तान ने टिप्पणी की है। पाकिस्तान के फारेन ऑफिस (एफओ) ने बयान जारी कर कहा कि मोदी की बातों में गलत जानकारी, राजनीतिक फायदा उठाने की को. शिश और अंतर्राष्ट्रीय नियमों की अनदेखी साफ दिखती है। एफओ ने कहा कि मोदी की टिप्पणियां बताती हैं कि उन्होंने अपने हमलों को सही ठहराने के लिए झूठी कहानियां गढ़ी हैं। बयान में आगे कहा गया है कि पाकिस्तान संघर्ष विराम के समझौते का पालन कर रहा है और तनाव कम करने और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठा रहा है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा है कि भारत के हमले ने पाकिस्तानी लोगों को एकजुट किया है। इस बीच पाकिस्तानी सेना ने पहली बार माना कि भारत के हमलों में उनके 11 सैनिकों की मौत हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक 78 सैनिक भी घायल हुए हैं।

हालांकि, पूरी दुनिया ने देखा है कि कैसे पाकिस्तान ने आतंक के खिलाफ लड़ाई के जवाब में भारत के मासूम नागरिकों को निशाना बनाया। भारत की ओर से पेश किए गए सबूतों के आधार पर पड़ोसी का नापाक चेहरा दुनिया के सामने उजागर हो गया है।

## देश से किया वादा पूरा किया: पाक आर्मी चीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने कहा कि भारतीय सेना को जवाब देने का देश से किया गया वादा उन्होंने पूरा किया है। मिनट मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर ने कहा- छोटी सेना अक्सर बड़ी सेना पर भारी पड़ती है। इतिहास में कई ऐसे उदाहरण हैं। हमारी सेना और पाकिस्तान के लोग किसी भी आक्रमण के खिलाफ स्टील की दीवार की तरह एकजुट होकर खड़े हैं। मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान अपनी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने कहा, ष्भारत हमें डरा नहीं सकता, चाहे उसके पास कितने भी हथियार हों या वह कितनी भी बड़ी सेना होने का दावा करे।

उफ गर्मी



आगरा में ताजमहल के पीछे दशहरा घाट पर एक मंदिर के पुजारी श्रद्धालुओं को चिलचिलाती गर्मी से राहत देने के लिए पानी पिलाते हुए।

## पाकिस्तान जेलों से 330 अफगान कैदी रिहा किए

**काबुल।** पाकिस्तान में कैद कुल 330 अफगानिस्तानी कैदियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें उनके वतन वापस भेज दिया गया है। शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक पाकिस्तान ने पिछले एक सप्ताह के दौरान 330 कैदियों को रिहा किया। मंत्रालय ने बताया कि ए बंदी पिछले सप्ताह दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा के जरिए अफगानिस्तान लौट आए। पिछले एक साल में पाकिस्तान ने जेलों में बंद हजारों अफगानिस्तानियों को रिहा किया है और उन्हें वापस अफगानिस्तान भेजा है। लगभग 70 लाख अफगानिस्तानी शरणार्थी, जिनमें से अधिकांश बिना दस्तावेज के गए प्रवासी हैं, वर्तमान में विदेश में रह रहे हैं। इनमें से अधिकांश अफगानिस्तान के पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान में रह रहे हैं। अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार लगातार अफगानिस्तानी शरणार्थियों से विदेश में शरणार्थी



के रूप में रहना बंद करने और अपने युद्ध-ग्रस्त देश के पुनर्निर्माण में योगदान देने के लिए स्वदेश लौटने का आह्वान कर रही है।

## अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाएगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने स्टील और एल्युमीनियम पर अमेरिकी टैरिफ के जवाब में वर्ल्ड ट्रेड आर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के मुताबिक रीटेलिएटरी यानी जवाबी शुल्क लगाने की बात कही है। अमेरिका अपने बिजनेस सेफ्टी का हवाला देते हुए इन प्रोडक्ट्स पर 2018 से टैरिफ वसूल रहा है। डब्ल्यूटीओ के अनुसार, इससे भारतीय उत्पाद के 7.6 बिलियन डालर (करीब रु. 64,512 करोड़) के आयात पर असर पड़ेगा, जिसमें करीब 1.91 बिलियन डालर (करीब रु. 16,213 करोड़) का ड्यूटी है। 23 मार्च 2018 को अमेरिका ने भारत के स्टील प्रोडक्ट्स पर 25 प्रतिशत और एल्युमीनियम प्रोडक्ट्स पर 10प्रतिशत टैरिफ लगाया था। जनवरी 2020 में इसे आगे के लिए बढ़ा दिया था। इस साल 10 मई को अमेरिका ने इंपोर्ट ड्यूटी को रिवाइज कर दोनों उत्पादों (एल्युमिनियम और स्टील) पर 25 प्रतिशत कर दिया, जो कल यानी 12 मई से लागू है। भारत ने डब्ल्यूटीओ को बताया है कि स्टील, एल्युमीनियम और संबंधित उत्पादों पर अमेरिकी सुरक्षा उपायों के जवाब में कुछ रियायतों को समाप्त कर देगा। इससे पहले अप्रैल में भारत ने नए टैरिफ लगाने के अमेरिकी फैसले के बाद डब्ल्यूटीओ के सेफ गार्ड एग्रीमेंट के तहत अमेरिका से बातचीत करने की बात कही थी। इसके जवाब में अमेरिका ने डब्ल्यूटीओ को बताया कि टैरिफ राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लगाए गए थे, उन्हें सेफ गार्ड उपायों के रूप में नहीं माना जाना चाहिए। हालांकि, डब्ल्यूटीओ ने अमेरिकी टैरिफ को सेफ गार्ड उपाय माना है।

## ऑस्ट्रेलिया में पीएम अल्बनीज ने मंत्रिमंडल के साथ ली शपथ

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में हुए संघीय चुनाव में लेबर पार्टी दूसरी बार सत्ता पर काबिज हुई है और दूसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और उनके मंत्रियों ने शपथ ली है। कैनबरा में गवर्नमेंट हाउस में मंगलवार सुबह आयोजित समारोह में ऑस्ट्रेलिया में ब्रिटिश राजशाही के प्रतिनिधि गवर्नर-जनरल सैम मोस्टिन ने अल्बनीज, उनके मंत्रिमंडल, विद. ेश मंत्रालय और सहायक मंत्रियों को आधिकारिक तौर पर उनकी भूमिकाओं की शपथ दिलाई। समारोह के दौरान मंत्रालय के 42 सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली, जिसमें उन्होंने घोषणा की कि वे अपने-अपने कार्यालयों में ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रमंडल की अच्छी तरह और सही मायने में सेवा करेंगे। बयालीस सदस्यों में कैबिनेट के 23



सदस्य, सरकार के सबसे आंतरिक गर्भगृह, बाहरी मंत्रालय के सात सदस्य और 12 सहायक मंत्री शामिल हैं। अल्बानी के पहले कार्यकाल के अंत से कैबिनेट और बाहरी मंत्रालय में काफी हद तक कोई बदलाव नही हुआ है, जिसमें उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस, कोषाध्यक्ष जिम चाल्मर्स और विदेश मंत्री पेनी वोंग सहित अधिकांश वरिष्ठ नेतृत्वकर्ता अपनी भूमिकाओं में बने हुए हैं। अल्बनीज़ ने मंत्रियों की सूची की घोषणा करते हुए कहा कि मंत्रियों और पार्टी के पास ऑस्ट्रेलिया को बेहतर बनाने के लिए असाधारण अवसर है। उन्होंने कहा, चुनाव के साथ मेरी सरकार पर जो भरोसा जताया गया, उससे मैं बहुत अभिभूत हूं और हम निश्चित रूप से इसे हल्के में नहीं लेंगे। अल्बनीज़ के पिछले मंत्रालय में किए गए बदलावों में से एक मिशेल रोलैंड को अटॉर्नी-जनरल के रूप में नियुक्त करना है, जो मार्क ड्रेफस की जगह लेंगे, जिन्हें गुटीय वार्ता के कारण पूर्व विज्ञान और उद्योग मंत्री एड ह्यूसिक के साथ मंत्रालय से हटा दिया गया है। नए मंत्रालय में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा के लिए एक नए सहायक मंत्री की भूमिका भी शामिल है, जिसे जूलियन हिल द्वारा भरा गया है।

## बांग्लादेश में गर्मी की आपातकालीन एडवाइजरी जारी

**ढाका।** बंगलादेश के एक बड़े हिस्से में भीषण गर्मी के कारण आपातकालीन परामर्श जारी कर लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षात्मक उपाय करने का आग्रह किया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के कल यहां जारी एक परामर्श में विशेष रूप से बुजुर्गों, विकलांग लोगों, बाहर काम करने वालों, मोटापे से ग्रस्त लोगों और पुरानी बीमारियों विशेष रूप से हृदय रोग और उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों को गर्मी और धूप के संपर्क में आने से बचने की चेतावनी दी गई। इस परामर्श में घर के अंदर और बाहर दोनों जगह अनावश्यक शारीरिक परिश्रम करने से बचने का आह्वान भी किया गया है। डीजीएचएस ने लोगों से अपने मूत्र के रंग पर नज़र रखने का भी आग्रह कर यह देखने को कहा कि कही उसका रंग गहरा पीला तो नही है।

## सुरक्षा प्रमुख की मौत की खबर के बीच लीबिया में झड़प

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली में प्रतिद्वंद्वी सशस्त्र समूहों के बीच हिसक झड़पें हुईं। रिपोर्टों के अनुसार, ये झड़पें राष्ट्रपति परिषद से संबद्ध स्थिरता सहायता विभाग के प्रमुख अब्दुल-गनी अल-किकली उर्फ घ्घ्गनीवा की मौत की सूचना के बाद शुरू हुईं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अल-किकली (घनीवा) की मौत त्रिपोली मिलिट्री ज़ोन से संबद्ध 444 ब्रिगेड के मुख्यालय में हुई। उनकी वहां मौजूदगी का कारण स्पष्ट नही है। इस घटना के साथ ही त्रिपोली के दक्षिणी इलाकों में भारी हथियारों से गोलीबा. री की आवाज़ें सुनी गईं और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पिछले कुछ घंटों में त्रिपोली और उसके आसपास सैन्य गतिविधियों के वीडियो सामने आए हैं, जिसमें ज़ाविया, ज़्तिान और मिसराता शहरों से सशस्त्र गुटों को राजधानी की ओर बढ़ते देखा गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के चिकित्सा आपातकालीन विभाग ने झड़पों के बाद पूर्ण अलर्ट की घोषणा की, जबकि गृह मंत्रालय ने त्रिपोली के निवासियों को उनकी सुरक्षा के लिए घर पर रहने की सलाह दी। मितीगा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने सभी उड़ानें निलंबित कर दी हैं और उन्हें 250 किमी दूर मिसराता अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया है। इसके साथ ही त्रिपोली के कुछ हिस्सों में स्कूल भी बंद कर दिए। संयुक्त राष्ट्र लीबिया सहायता मिशन (यूएनएसएमआईएल) ने त्रिपोली में तनाव कम करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वह त्रिपोली और पश्चिमी क्षेत्र में सैन्य गतिविधियों और बढ़ते तनाव पर करीबी से नजर रखे हुए है। मिशन ने सभी पक्षों से उकसावे वाली कार्रवाइयों से बचने और संवाद के जरिए विवाद सुलझाने की अपील की है।



## ट्रम्प सऊदी अरब के दौरे पर पहुंचे

**रियाद।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मिडिल ईस्ट दौरे के पहले दिन सऊदी अरब पहुंच गए हैं। इस दौरान सऊदी की वायुसेना ने उन्हें एयर स्पेस में एस्कार्ट किया। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रम्प का एयरपोर्ट पर स्वागत किया। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति को सऊदी की पारंपरिक काफी पिलाई गई। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प की यह पहली औपचारिक विदेश यात्रा है। इससे पहले वे पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए 26 अप्रैल को वेटिकन पहुंचे थे। ट्रम्प कल यानी 14 मई को खाड़ी नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और फिर कतर जाएंगे। 15 मई को ट्रम्प अपने दौरे के आखिरी दिन यूएई पहुंचेंगे।

## यूक्रेन हमला, छह रूसियों की मौत

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से घोषित तीन दिवसीय विजय दिवस युद्धविराम के दौरान यूक्रेनी हमलों में कुल 23 नागरिक घायल हुए जिनमें छह की मौत हो गई है। रूस के विदेश मंत्रालय के कीव की ओर से किए गए हमलों पर राजदूत रोडियोन मिरोश्निक ने स्पुतनिक को बताया कि तीन दिवसीय युद्धविराम के दौरान यूक्रेनी हमलों में रिहायशी इमारतें, मेडिकल वाहन, आम नागरिकों की कारें और व्यापारिक ठिकाने क्षतिग्रस्त हुए। हमलों में 23 नागरिक घायल हुए, जिनमें से छह की मौत हो गई। कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी बलों ने एचआईएमआरएस रॉकेट लांचर और विमान बमों जैसे भारी हथियारों का इस्तेमाल किया, जबकि बेलगोरोड क्षेत्र में नौ मई को एक ड्रोन से स्थानीय प्रशासन की इमारत पर हमला किया गया। इस हमले में बेलगोरोड क्षेत्र के उप-गवर्नर अलेक्जेंडर लोरेन्ट्स और एक रूसी नेशनल गार्ड अधिकारी घायल हुए। पांच-11 मई के बीच यूक्रेनी हमलों में 21 लोग मारे गए, जबकि 70 लोग घायल हुए। यूक्रेनी बलों ने 2,636 से अधिक गोले दागे, जिनमें रॉकेट सिस्टम, आर्टिलरी शेल्स, ग्रेनेड, माइन और ड्रोन शामिल थे। मिरोश्निक ने कहा कि अधिकतर हथियार जो यूक्रेनी सेना ने नागरिकों पर हमलों के लिए इस्तेमाल किए, वे पश्चिमी देशों ने बनाए हैं। विजय दिवस से पहले, राष्ट्रपति पुतिन ने स्थानीय समयानुसार आठ मई मध्यरात्रि से 11 मई मध्यरात्रि तक युद्धविराम की घोषणा की थी।

# गाजा में नाकाबंदी, 57 बच्चों की भूख से मौत

### विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट लगभग पांच लाख लोग भयंकर भुखमरी से जूझ रहे



**गाजा सिटी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बताया है कि गाज़ा पट्टी में लगभग पांच लाख लोग भयंकर भुखमरी से जूझ रहे हैं और दो मार्च से शुरू हुई इजरायली नाकाबंदी के बाद से अब तक 57 बच्चों की कुपोषण से मौत हो चुकी है। डब्ल्यूएचओ ने बताया कि दो मार्च 2025 से शुरू हुई नाकाबंदी के बाद अब तक कुपोषण से 57 बच्चों की मौत हो चुकी है और यह संख्या वास्तविक आंकड़े से कम हो सकती है।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, अगर हालात नही बदले तो अगले 11 महीनों में पांच साल से कम उम्र के करीब 71 हजार बच्चे कुपोषण का शिकार हो सकते हैं। गाज़ा की पूरी 21 लाख आबादी लंबे समय से खाद्य संकट का सामना कर रही है, जिसमें करीब पांच लाख लोग कुपोषण, भुखमरी, बीमारी और मौत की स्थिति में हैं। यह दुनिया के सबसे गंभीर भूख संकटों में से एक है, जो इस समय सामने आ रहा है। उल्लेखनीय है कि फलस्तीनी आंदोलन हमास द्वारा युद्ध विराम को बढ़ाने की अमे. रिकी योजना को अस्वीकार किए जाने के बाद 18 मार्च को, इजरायल ने गाजा पट्टी पर हमले फिर से शुरू कर दिए।

## अल जजीरा के संचालन पर हटा प्रतिबंध

**रामल्लाह।** फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने अल जज़ीरा टीवी पर लगाए गए महीनों पुराने प्रतिबंध को हटा लिया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, अब यह कतर आधारित मीडिया चैनल मंगलवार से फलस्तीनी क्षेत्रों में फिर से अपना संचालन शुरू कर सकेगा। यह घटना जनवरी में शुरू हुई जब फलस्तीनी प्राधिकरण ने अल जज़ीरा पर उकसावे और नागरिक शांति के लिए खतरे का आरोप लगाते हुए उस पर प्रतिबंध लगा दिया था। अब वेस्ट बैंक में अल जज़ीरा के ब्यूरो प्रमुख वालिद अल-ओमारी ने पुष्टि की है कि स्थानीय नियमों और मीडिया प्रोटोकॉल के तहत उनकी टीम फिर से काम शुरू करेगी। फलस्तीनी प्रशासन ने अल जज़ीरा पर लगा प्रतिबंध हटा लिया है। अलजजीरा पर प्रतिबंध के फैसले की आलोचना अंतर्राष्ट्रीय मीडिया संगठनों और मानवा. धिकार संस्थाओं ने की थी, इसे प्रेस की आज़ादी पर हमला बताया गया था। बहरहाल, प्रतिबंध हटाने की कोई आधिकारिक वजह नही दी गई, लेकिन माना जा रहा है कि यह क्षेत्रीय मीडिया के साथ तनाव कम करने की कोशिश है।

## संघर्ष विराम का कई बार उल्लंघन हुआ: अल थानी

**दोहा।** कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने कहा है कि इजरायल और फलस्तीनी आंदोलन हमास के बीच संघर्ष विराम समझौते को कई उल्लंघनों के कारण पूरी तरह से लागू नहीं किया गया। गौरतलब है कि इजरायल और हमास के बीच तीन-चरणीय संघर्ष विराम समझौता जनवरी 2025 में अमेरिका, मिस्र और कतर की मध्यस्थता के साथ पार्टियों द्वारा किया गया था। हालांकि, मार्च में संघर्ष विराम का पालन नहीं किया गया। अल थानी ने द वाशिंगटन पोस्ट अखबार को बताया, एक मध्यस्थ के रूप में मैं यथासंभव किसी पक्ष की आलोचना न करने की कोशिश करता हूं, लेकिन पहले समझौते में कई समस्याएं और उल्लंघन हुए थे, जिससे हम पक्षों के बीच विश्वास जीतने की अनुम. ति नहीं दे सके और सौदे के दूसरे चरण को जारी रख सकें। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने पश्चिम एशिया के दौरे, जिसमें दोहा की यात्रा भी शामिल है के दौरान फलस्तीनी के पक्ष में बोलेंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि हमने ऐसा कुछ नहीं सुना, लेकिन यह अंतिम समाधान है। कतर शुरू से ही दो-राज्य समाधान में दृढ़ विश्वास रखता है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प के साथ वार्ता के दौरान कई पहलुओं पर चर्चा की जाएगी, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा और रक्षा हैं।

गौरतलब है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ के साथ बैठक के बाद कहा था कि गाजा पट्टी में समझौते और बंधकों की रिहाई पर बातचीत जारी रखने के लिए 13 मई को कतर में एक प्रतिनिधिमंडल भेजा जाएगा।